संसेक्स 71,752.11 ▲ +612.21
डॉलर 83.027 ▼ -0.092

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 13.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 15.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 15.0 | 19.0 |
| पलामू | 24.0 | 14.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 02, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय: खरगे का बयान और कांग्रेस की ... 8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
बजट सत्र का लाभ उठाकर सकारात्मक ...12 : देश विदेश







रांची सर्राफा
सोना (10 ग्राम) 59,600
चांदी (1 किलो) 78,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# हेमंत का इस्तीफा, चंपई होंगे नए सीएम

## चंपई ने 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा, 47 विधायकों के समर्थन का दावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में बहुत तेजी से राजनीतिक घटनाक्रम बदल रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा दे दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। राजभवन पहुंचकर चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। राजभवन में चंपई सोरेन ने 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा और दावा किया कि उन्हें 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। बताया जा रहा है कि हेमंत सोरने की रात इडी कार्यालय में गुजरेगी गुरुवार को उन्हें सीजीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर सत्ताधारी दलों की ओर से एक फरवरी को दिन के 11 बजे शपथ ग्रहण का समय मांगा गया है। राजभवन के अंदर पांच विधायकों को मिलने के लिए बुलाया गया था। पांच विधायकों में जेएमएम से चंपई सोरेन, कांग्रेस से विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, राजद से मंत्री सत्यानंद भोक्ता और भाकपा माले से विनोद सिंह व जेवीएम (अब कांग्रेस) से प्रदीप यादव शामिल थे। मालूम हो कि चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। वह पांचवीं बार विधायक बने हैं। दोपहर करीब एक बजे ईडी सीएम आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची थी। जो शाम तक जारी रही। शाम करीब पांच बजे के बाद से सीएम आवास के पास गतिविधि बढ़ गई। पहले रांची के डीसी और एसएसपी सीएम ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



गवर्नर से मिले सत्तारूढ़ दल के पांच नेता, एक को शपथ ग्रहण कराने की मांग



### राहुल ने हेमंत के इस्तीफे को लेकर बोला हमला



हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा कि ईडी, सीबीआई, आईटी आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं, अब यह भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं। खुद भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सत्ता की सनक में लोकतंत्र को तबाह करने का अभियान चला रही है।

### हम डरेंगे नहीं, संसद से सड़क तक लड़ते रहेंगे :



झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जो मोदी के साथ नहीं गया, वो जेल जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन पर ईडी लगाकर उन्हें त्यागपत्र देने को मजबूर करना फेडरलिज्म की धज्जियां उड़ाना है।

## सात घंटे की पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गए हेमंत

### ईडी दफ्तर में गुजरेगी रात, आज कोर्ट में पेश किया जाएगा

### देर रात हेमंत से मिलने ईडी दफ्तर मिलने पहुंची कल्पना सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने ईडी की टीम बुधवार दोपहर एक बजे कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची। लगभग दस वाहनों से ईडी के अधिकारी सीएम आवास पहुंचे हैं। ईडी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी थे। मुख्यमंत्री आवास में पहुंचने के बाद ईडी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पूछताछ शुरू की। यह पूछताछ करीब सात घंटे तक चली, इसके बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में लिए जाने की सूचना दी गई। इससे बाद सीएम ने राजभवन जाकर गवर्नर को अपना इस्तीफा सौंपा जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद ईडी हेमंत ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## आदिवासी-मूलवासी संघ ने किया आज झारखंड बंद का एलान



**ईडी** मुख्यमंत्री से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में पूछताछ कर रही थी इस दौरान राजभवन, ईडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इधर आदिवासी-मूलवासी संघ ने हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को झारखंड बंद का एलान किया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित अन्य अधिकारी लगातार पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे थे। राजभवन, ईडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास के पास धारा 144 लागू है।

### मोरहाबादी में जमे हैं झामुमो कार्यकर्ता

सीएम से ईडी के पूछताछ को लेकर रांची के मोरहाबादी में झामुमो के नेता और कार्यकर्ताओं बुधवार को लगभग नौ घंटे से जुटे हैं। झामुमो के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि झामुमो नेता और कार्यकता मोरहाबादी मैदान में अडिग हैं और रहेंगे। जब तक हमारे मुख्यमंत्री सामने नहीं आ जाते हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में झामुमो रांची, पूर्वी सिंहभूम के सरायकेला, पलामू, धनबाद, बोकारो, चतरा, सिमडेगा, खूटी, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसवां, गिरिडीह, लोहरदगा, लातेहार, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा जिला से कार्यकर्ताओं एवं आम लोग शामिल थे।

## ईडी ने राबड़ी और मीसा सहित सात आरोपितों को दिया समन



**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद सुप्रीमो और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से लंबी पूछताछ के बाद ईडी की टीम बुधवार की दोपहर राबड़ी के दस सर्कुलर रोड आवास पहुंची। ईडी की टीम ने राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत सभी सात आरोपितों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित दफ्तर बुलाया है। राबड़ी आवास पहुंची तीन सदस्यीय ईडी की टीम ने पिछले दिनों में लालू यादव और तेजस्वी यादव से ईडी कार्यालय में की गयी पूछताछ से संबंधित कागजों की प्रति को रिसीव करवाया। इसके साथ ईडी टीम ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव सहित सात लोगों को पूछताछ के लिए दिल्ली मुख्यालय के ईडी कार्यालय में आने का समन दिया। इनके अलावा उनके सीए अमिल कात्याल और जमीन देकर रेलवे में नौकरी पाने वाले हृदयानंद चौधरी को भी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। राबड़ी आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में राजद के कई वरिष्ठ नेता राबड़ी आवास पहुंचे। इस दौरान ईडी की टीम करीब 10 मिनट तक राबड़ी आवास में रूकी।

## एक नजर

### क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से 90 लाख की ठगी के दोषी को 3 साल की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी एसएस तिर्की की अदालत ने बुधवार को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से 90 लाख की ठगी करने के दोषी शम्स तबरेज को तीन साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 40 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि जमा नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में सहायक लोक अभियोजक शंभू शरण ने अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से भी तीन गवाहों को पेश किया गया। शम्स तबरेज ने मो फारूख रजा खान और अन्य से 90 लाख की ठगी की थी। मामाल वर्ष 2022 का है।

### बारामूला : उडी में गहरी खाई में गिरा वाहन, सात यात्रियों की मौत

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उडी इलाके में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से सात यात्रियों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर बुजथलन ततमुल्ला उडी में एक वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर होने के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए हैं।

## वित्त मंत्री आज संसद में पेश करेंगी अंतरिम बजट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं। वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पेश होने वाले इस अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा। संसद में पारित होने के बाद लेखानुदान से सरकार को अप्रैल-जुलाई अवधि के व्यय को पूरा करने के लिए देश की संचित निधि से आनुपातिक आधार पर राशि निकालने की अनुमति होगी। चुनाव के बाद नई सरकार जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट लेकर आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2024 को छठी बार अपना बजट भाषण पढ़ेंगी। आज ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बने झारखंड हाईकोर्ट के स्थायी जज



**रांची।** एडिशनल जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव झारखंड हाईकोर्ट के स्थायी जज होंगे। केंद्र सरकार ने जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को झारखंड हाई कोर्ट के स्थायी जज के पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में विधि मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 18 जनवरी को जस्टिस श्रीवास्तव को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया था कि वो इस नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं।

## 'नई सरकार बनने के बाद हम लेकर आएंगे पूर्ण बजट'

### पीएम मोदी ने किया चुनाव में जीत का दावा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोक सभा चुनाव में इशारों-इशारों में जीतने का दावा करते हुए कहा है कि जब चुनाव का समय निकट होता है तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है। हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद आपके समक्ष लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ दिशानिर्देश की बातों को लेकर देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हम सबके सामने कल अपना बजट (अंतरिम बजट) पेश करने वाली हैं। भाजपा के लगातार तीसरी बार भी जीतने की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश नित्य प्रगति की नई-नई ऊंचाइयों को पार करता हुआ आगे बढ़ रहा है, सर्वस्पर्शी विकास हो रहा है, सर्वांगीण विकास हो रहा है, सर्वसमावेशी विकास हो रहा है। ये यात्रा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से निरंतर बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत और समापन दोनों ही 'राम-राम' के अभिवादन के साथ किया। प्रधानमंत्री ने सदन में हंगामा करने वाले सांसदों को भी कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार से सबने संसद में अपना-अपना कार्य किया। लेकिन वे इतना जरूर कहेंगे कि जिनका आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है, जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसद आज जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं तो ये जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि 10 साल में उन्होंने जो किया, वो क्यों किया ? उनके संसदीय क्षेत्र में भी किसी को याद नहीं होगा कि उन्होंने इतना हुड़दंग मचाया।

पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान लोक सभा के इस आखिरी बजट सत्र में ऐसे सांसद चिंतन और पश्चाताप जरूर करेंगे कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया : सीएम गिरफ्तार नहीं किए जा सकते विशेष परिस्थितियों को छोड़ कर



सुनील बादल

*किसी* भी राज्य के मुख्यमंत्री बहुत ही विशिष्ट व्यक्ति होते हैं और उन्हें माननीय कहकर संबोधित किया जाता है। आम लोगों के लिए सीएम की गिरफ्तारी की बातें सुनना भी काफी अजीब है, क्योंकि इसे लेकर लोगों के बीच कई तरह के भ्रम हैं। पुलिस या कोई जांच एजेंसी किसी राज्य के सीएम को कैसे गिरफ्तार कर सकती है और इसके लिए क्या कानूनी प्रक्रिया है। भारतीय दंड संहिता के तहत किसी भी आरोपी पर उसका दोष साबित होने पर वह दोषी होता है। इसके साथ ही उसकी गिरफ्तारी सिविल और क्रिमिनल, दोनों ही मामलों में होती है। हालांकि मुख्यमंत्री के मामले में इसे लेकर अलग नियम है। सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत मुख्यमंत्री के संबंध में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत विशेष स्थिति में गिरफ्तारी के नियम हैं। साथ ही गिरफ्तारी कब हो सकती है और कब नहीं, इस बात का भी उल्लेख किया गया है। किसी सीएम को किस स्थिति में और कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है इसके प्रावधान बने हुए हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता 135 के तहत किसी भी मुख्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य को गिरफ्तारी में छूट दी गई है। हालांकि, यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह छूट केवल सिविल मामलों में ही है। यदि किसी मुख्यमंत्री या विधासभा सदस्य पर किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज हो जाता है, तो यह छूट नहीं दी जाएगी। इस मामले में क्रिमिनल केस के तहत मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है। यदि मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य की आपराधिक मामले में भी




गिरफ्तारी होनी है, तो सबसे पहले सदन के अध्यक्ष से मंजूरी लेनी होती है, यानी विधानसभा अध्यक्ष की मंजूरी के बाद ही गिरफ्तारी हो सकती है। धारा 135 के तहत, मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य की गिरफ्तारी के लिए दिनों का भी नियम है।

इसके तहत यदि विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है, तो इसके शुरू होने से 40 दिन पहले और खत्म होने के 40 दिन बाद तक मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। इसके बाद क्रिमिनल मामले में गिरफ्तारी के लिए सदन के अध्यक्ष से मंजूरी लेनी होगी। वहीं, मुख्यमंत्री को सदन से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 61 के तहत भारत के राष्ट्रपति और राज्यपाल को उनके पद पर रहते हुए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। यह दोनों ही सिविल और क्रिमिनल मामले में लागू है। हालांकि यदि राष्ट्रपति और राज्यपाल के अपने पद से इस्तीफा देने के मामले में दोनों को गिरफ्तार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का देश में पहला मामला तमिलनाडु में हुआ था। दरअसल तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता पर गांवों के लिए रंगीन टेलीविजन सेट्स की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में 7 दिसंबर 1996 को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें अपने पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था। उन्हें एक महीने तक जेल में रहना पड़ा था। केंद्रीय एजेंसी आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधानों के मुताबिक अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी करवाकर किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती है।

## केंद्र में सरकार बनने पर पूरे देश में कराएंगे जातिगत सर्वेक्षण : राहुल



**एजेंसी। कोलकाता**

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत दूसरी बार पश्चिम बंगाल में रैली कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ी घोषणा की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जोर देकर कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आती है तो देशभर में जातिगत जनगणना कराई जाएगी। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के हिस्से के रूप में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नफरत और हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक न्याय चाहते हैं। केंद्र की सत्ता में आने के बाद हम दलितों और अन्य पिछड़े समुदायों के लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए देशभर में जातिगत जनगणना कराएंगे। भाजपा पर नफरत व हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए राहुल ने यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा गया क्योंकि देशभर में अन्याय हो रहा है।

## एक नजर

### जनजाति सुरक्षा मंच ने दिया धरना

खूंटी। जनजाति सुरक्षा मंच खूंटी जिला समिति ने बुधवार को समाहरणालय के समक्ष डी-लिस्टिंग महाधरना का आयोजन किया। घंटों चले धरना-प्रदर्शन के बाद उपायुक्त लोकेश मिश्रा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि धर्मांतरित जनजातियों को जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिए जाने वाला आरक्षण को समाप्त करने का संकल्प प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी धर्मांतरित लोग आदिवासियों के आरक्षण की सुविधा का अधिकतम और अनुचित लाभ उठा रहे हैं। अपनी रुढि परंपरा मानने वाले आदिवासियों के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ जनजाति सुरक्षा मंच वर्षों से संघर्ष करता रहा है।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा 13 फरवरी तक पुरे जिले में चलाया जाएगा : सिविल सर्जन

रांची। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए सभागार में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा (रछअउ) को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी रांची, ए.पी.ए.ल सदस्य, स्वास्थ्य पदाधिकारी रांची, सदस्य डेमियन फाउंडेशन झारखण्ड रांची, डॉ गौतम एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन (सदर), डॉ. प्रभात कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा (रछअउ) 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक पुरे जिले में जोर-शोर से चलेगा। जिसमें अभियान के दौरान लोगों कुष्ठ रोग के बारें में जागरूक किया जाएगा। जिसमें एएनएम, सहिया और ग्रामीणों के साथ बैठक होगी। जिसमें कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके मरीजों को सम्मानित किया जाएगा। कुष्ठ रोग के बारे में जो लोगों के बारें में जो गलत धारना है।

### मारवाड़ी महाविद्यालय परिसर में चलेगा तीन कंपनियों का कैंपस ड्राइव

रांची। मारवाड़ी महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के द्वारा ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट अंतिम सत्र (2021- 24) और पासआउट विद्यार्थियों के लिए पहली वेकेंसी आईसीआईसीआई प्रोटेंशियल में ग्रेजुएट ट्रेनी (सीटीसी 2.85 लाख वार्षिक), आवेदन देने की तिथि 31 जनवरी से 8 फरवरी तक है। दूसरी वेकेंसी कॉन्सेंट्रिक रांची के लिए है जो की वाइस और नॉन वाइस डोमेस्टिक और इंटरनेशनल सपोर्ट के लिए होगा (सीटीसी 2 - 2.28 लाख वार्षिक), आवेदन की तिथि 31 जनवरी से 6 फरवरी तक। तीसरी वेकेंसी बजाज एलायंस पोस्ट इंटरनल रिटेल पार्टनर जिसकी सैलरी 19 हजार प्रति माह होगा, आवेदन की तिथि 7 फरवरी से 10 फरवरी तक रखा गया है। सीलेक्शन के उपरांत कैंडिडेट को आईआरडीएआई के द्वारा एग्जाम को 6 दिन के अंदर क्लियर करना होगा।

### प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

# अभाविप के छात्र-छात्राओं ने सम्मान समारोह आयोजित किया



**नवीन मेल संवाददाता बेड़ो**
करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो के प्राचार्य प्रो विंध्याचल राम की सेवानिवृति होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं कॉलेज परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र छात्राओं ने प्राचार्य प्रो. विन्ध्याचल राम को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में कई वरिष्ठ शिक्षकों ने अपने विचार रखे और प्राचार्य के लम्बे कार्यकाल में हुए महाविद्यालय के विकास व उनके द्वारा दिए गए योगदान और अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए याद किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विभिन्न संगठनों के छात्र-छात्राओं ने उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सेवा निवृत्त शिक्षक के लिए विदाई गीत समेत गाकर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रो विन्धयाचल राम में भी अपने सेवानिवृत होने पर सबों को सम्बोधित करते हुए अपने लंबे कार्यकाल को याद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो साधना कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रो नवलकिशोर शाही ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित विदाई सह सम्मान समोराह कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सह पूर्व प्राचार्य डॉ मथुरा राम उस्ताद,भूगोल विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ अरुण नाथ देवघरिया, डॉ अब्दुल अयूब, डॉ प्रदीप अधिकारी, डॉ डेलोमई हांसदा, कॉलेज की बर्सर डॉ आशा रानी लकड़ा, प्रो विनोद शर्मा एवं अन्य सभी शिक्षकगण शिक्षकेत्तर कर्मचारी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आकाश रक्षित सहित दर्जनों कार्यकर्तागण समेत सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# मांडर महाविद्यालय में विदाई समारोह आयोजित




**विदाई समारोह के मौके पर सभी कर्मचारी व शिक्षक भावुक नजर आये**

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
बुधवार को मांडर महाविद्यालय, मांडर में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में रामकुमार साहू, डॉ नाफर अली, बसंत साहू कर्मचारियों में रामकिशोर सिंह, मंगल महली, नंदकुमार सिंह तथा नवल किशोर उरांव शामिल थे। मौके पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त किए और भावुक हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ फैयाज अहमद जहांगीर ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अपने सम्बोधन में डॉ बुदु उरांव, सोमरा उरांव, डॉ हुजैफा ने सभी की लंबी आयु एवं भावी जीवन के सुखमय होने की कामना की। अवसर पर सभी को पुष्पगुच्छ, शॉल, डायरी, कलम और महाविद्यालय का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर मंच संचालन दिव्या रानी तथा धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार दास ने किया। इस अवसर पर गामा तिग्गा, नत्थू गाड़ी, डॉ ममता कुमारी बाड़ा, डॉ विवेक कुमार, डॉ नीलम कुमारी, सुषमा कुजूर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और जिला प्रशासन के बीच एमओयू

खूंटी। उपायुक्त लोकेश निश्रा की अध्यक्षता में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और जिला प्रशासन के बीच बेसिक कार्यक्रम के संचालन के लिए बुधवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। खूंटी जिले के सभी मध्य विद्यालयों में कक्षाडह से आठ तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित करने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बेसिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी की अध्यक्षता में बेसिक(बेसलाइनएडवांसमेंट ऑफ स्टूडेंट्स फॉर इम्प्रूव्ड कैपेसिटी) कार्यक्रम के संचालन के संबंध में बैठक आहूत की गई। बेसिक कार्यक्रम को पूरे जिले में लागू करने से पहले कर्रा प्रखण्ड के सभी मध्य विद्यालयों में एक पायलट के रूप में लागू किया गया था, जिसमें 60 दिनों की बेसिक कक्षा संचालन के उपरांत बच्चों में सीखने सिखाने एवं विद्यालय के वातावरण में उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए है।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में बुधवार के दिन तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल टूनामेंट, क्रिकेट टूनामेंट कबड्डी, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, मटका फोड़ प्रतियोगिता, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1200 मीटर, 1600 मी का दौड़ प्रतियोगिता, मेंढक दौड़, गणित दौड़, जीके दौड़, बिस्किट दौड़, एवं विगत तीन दिनों में और भी विभिन्न प्रकार का प्रतियोगिता करवाया गया। प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे और प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कुमार ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है और बच्चों में कौशल का विकास होता है। वहीं प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने से बच्चे तनाव मुक्त रहते हैं। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण बच्चों को आज स्कूल प्रांगण में मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ताकि उनका मनोबल ऊंचा बना रहे। कार्यक्रम का आयोजन में जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, गोविंदर, नकुल बडाईक,लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी, प्रेमचंद महतो, विपुल राय का सराहनीय योगदान रहा।

### एआरटी दवा के सेवन से एचआईवी पॉजिटिव स्वस्थ जीवन कर सकता है व्यतीत : डॉ मांझी

खूंटी। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में बुधवार को झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा खूंटी जिला पीएलएचआईवी नेटवर्क सदस्यों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष कुमार सिंह, आईसीटीसी काउंसलर कामख्या नारायण सिंह, स्नेहदीप स्टेट नेटवर्क मनोज यादव सहित कुल 26 प्रतिभागी उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन ने प्रतिभागियों को बताया कि एआरटी दवा के नियमित सेवन से एचआईवी पोजीटीव व्यक्ति स्वस्थ एवं सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव करता है अथवा किसी डॉक्टर द्वारा उसका ऑपरेशन करने से मना किया जाता है।

# पतराहातू में बापू की 76 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो के नेतृत्व में महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सिल्ली प्रखंड के परताहातू में महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी जी के साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के शिवचरण महतो, परमानंद, दुर्गा चरण महतो, सुभाष समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### दिघिया गांव में आनंद राम महली की मनाई गई 66 वीं जयंती

# आनंद राम ने विदेशों में झारखंड को पहचान दिलाई : मनपूरन नायक



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
लोककला खासकर नागपुरी की लोकगायकी एवं लोक संगीत में सम्पूर्ण झारखंड ही बल्कि संपूर्ण देश और विदेशों में अपनी पहचान बनाने वाले दिघिया गांव के प्रसिद्ध लोक कलाकार दिवंगत आनंद राम महली पुरोधा पुरूष थे। उक्त बातें बुधवार को बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव में प्रसिद्ध लोक कलाकार दिवंगत आनंद राम महली की 66 वीं जयंती समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांदर सम्राट मनपूरन नायक ने कही। उन्होंने कहा कि महली समाज की लोक कला, यहां की परंपरा और संस्कृति को शिखर पर ले जाने वाले आनंद राम महली ने जापान, रुस, फ्रांस तथा मालदीव जैसे देशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके पूर्व आनंद राम महली के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महली समाज के अध्यक्ष हरिनारायण महली एवं शत्रुघ्न नायक सहित प्रसिद्ध लोक कलाकार वशीर अंसारी ने आनंद राम महली को नागपुरी कला, गायकी एवं संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। आनंद राम महली की मां वयोवृद्ध अहिल्या देवी ने अपने पुत्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस संबंध में दिवंगत आनंद राम महली के अनुज कार्तिक कुमार धान ने बताया कि उनके बड़े भैया और प्रसिद्ध लोक कलाकार को उनके परिवार ने कोरोना काल के दौरान 3 वर्ष पूर्व खो दिया। उनकी कमी को भरना बहुत ही मुश्किल है। इस मौके पर कार्तिक कुमार धान के बड़े भाई दामोदर राम महली, हरिशंकर राम महली, बसंत कुमार धान, कुंती देवी सहित कई लोगों ने आनंद राम महली को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार बरवार ने किया।

## न्यूज बॉक्स

### बाघवार अकादमी चान्हों में इंटर हाउस वार्षिक खेल उत्सव धूमधाम से संपन्न


**चान्हो।** बुधवार को बाघवार एकेडमी के प्रांगण में इंटर हाउस वार्षिक खेल उत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। 2 दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों के विभिन्न वर्गों में अपनी-अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया । ज्ञात हो कि इन खेलों का शुभारंभ मंगलवार को पारंपरिक तरीके से किया गया था। इस वार्षिक खेल उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार उपस्थित थे। विद्यालय के बच्चों के द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान करने के पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इन दो दिनों में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 4 ७ 100 मीटर रिले रेस, 800 मीटर रेस आदि रेस में विद्यालय के बच्चों ने सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर बॉयज एंड गर्ल्स वर्गों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ फील्ड इवेंट्स में जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, हाई जंप तथा लॉन्ग जंप में भी सीनियर ,जूनियर , सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स में सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नन्हे - मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित जलेबी रेस, बिस्किट रेस तथा बैलून रेस सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। 2 दिनों तक चले इस इस खेल महोत्सव में गांधी हाउस 11 गोल्ड 34 सिल्वर तथा 14 ब्रांज के साथ विजेता बना। 18 गोल्ड 14 सिल्वर और 6 ब्रांज के साथ विवेकानंद हाउस फर्स्ट रनर अप रहा तथा सुभाष हाउस 18 गोल्ड 11 सिल्वर तथा 10 ब्रांज के साथ सेकेंड रनर अप रहा।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत आठ लाभुकों के बीच कुक्कुट का वितरण



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत निशुल्क पोलटी कुक्कुट का वितरण जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी एवं उप प्रमुख आरती देवी के द्वारा किया गया। यह वितरण बंता हजाम, मेदनी एवं नागेडीह आदि गांवों में आठ लाभुकों के बीच दिया गया। वहीं जिला परिषद बीना देवी ने कहा कि लाभुकों को रोजगार से जोड़ने का अच्छा अवसर है कुकुट पालन करके आमदनी अच्छी खासी कर सकते हैं। दूसरी और उप प्रमुख आरती देवी ने भी कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभुक ज्यादा से ज्यादा लाभ ले अपने खेतों में पोल्ट्री फार्म का निर्माण करें और कुकुट को फार्म में रखकर देखरेख समय-समय पर दवा भी देते रहे तभी जाकर इसका लाभ मिल पाएगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, मुखिया सोमरा माझी आदि लोग उपस्थित थे।

### संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में विदाई समारोह




**मांडर ।** संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को विदाई समारोह मनाया गया। सईद अख्तर और शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो ने दीप प्रज्वलान के कार्यक्रम का आरम्भ किया।छात्र - छात्राओं द्वारा कई मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।मौके पर कॉलेज प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की आप सभी कॉलेज में दो वर्षो तक शिक्षा ग्रहण किया इस दौरान हमारा ये प्रयास रहा की आप की ज्ञानात्मक विकास के साथ साथ अन्य योग्यताओं में भी विकास करें आप का आगे का जीवन उज्वल हो इसकी हम कामना करते है कार्यक्रम को सफल बनाने में करुणा प्रेम लता, स्वाति तिर्की, अंजलि तिर्की, रौशनी रुंडा, प्रतिभा तिर्की, बैजू गुप्ता, सुशांत चक्रवर्ती, उमेश प्रशाद, विजय किसपोट्टा, सहित अन्य अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
दूरभाष सं० : 06565–248083, ई-मेल : ssalatehar@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड परियोजना परिषद्, रॉची के निदेशानुसार लातेहार जिला के 21 विद्यालयों ULB, CM School, Model school, KGBV, JBAV एवं Block level आदर्श विद्यालयों में अधिष्ठापित पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का चयन किया जाना है। इस निमित दिनांक 05 एवं 06 फरवरी 2024 को स्थान डायट, लातेहार में पूर्वाहन 10:00 बजे से पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। पुस्तक मेला हेतु महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक अपनी सहमति पत्र झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार कार्यालय को दिनांक 03.02.2024 तक समर्पित करते हुए पुस्तक मेला में संलग्न पुस्तकों की सूची के साथ भाग ले सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।

PR.NO.317469 Human Resource Developement(23-24):D

### भाजपा के गांव चलो अभियान की कार्यशाला संपन्न

# केन्द्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं : विनय महतो



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
केन्द्र की भाजपा सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर भाजपा की गांव चलो अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला में राहे मंडल के प्रभारी सह भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि भाजपा केंद्रीय संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया रहा है। इसके निमित्त पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में जाकर 24 घंटे प्रवास करेंगे। गांव में लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे । उन्होंने बताया कि प्रवासी कार्यकर्ता 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कार्यक्रम में शामिल होना है। मौके पर विस्तारक मनीष मेहता,मंडल महामंत्री मेघनाथ महतो,एस टी मोर्चा जिला महामंत्री बुधराम बेदिया, कार्यक्रम संयोजक युधिष्ठिर महतो,सह संयोजक ज्योति प्रसाद, महेंद्र महतो, रामधन महतो, लक्ष्मीकांत महतो,सीतानाथ महतो, दुर्योधन महतो, कार्तिक मांझी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# केन्द्र जानबूझकर झारखंड को कर रहा है परेशान : अलका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय कांग्रेस महिला के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि झारखंड को जानबूझकर केंद्र सरकार डिस्टर्ब कर रही है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थानों के की ओर से लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई हेमन्त सरकार को परेशान किया जा रहा है। लेकिन ना तो राहुल गांधी डरे थे और ना ही हेमंत सोरेन की सरकार डर रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भी राहुल गांधी को इसी तरह ईडी के द्वारा परेशान किया जा रहा था लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार झारखंड के सरकार को डिस्टर्ब करना चाहती है। और इसी के तहत संवैधानिक संस्थाओं के द्वारा हेमंत सरकार को परेशान किया जा रहा है। बिहार में नीतीश सरकार पर भी दबाव बनाकर ही नीतीश कुमार को भाजपा में लाया गया है। लेकिन झारखंड में केंद्र सरकार के मंसूबों को पानी फेर जाएगा। राहुल गांधी जल्द झारखंड में न्याय यात्रा के लिए आने वाले है।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/39/2023-24 (3rd Call)**

**1. Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Swarn Jayanti Park Under Municipal Corporation,Hazaribag. | 17,22,135/- | 36,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2. | Renovation of Housing Board Park Under Municipal Corporation,Hazaribag. | 19,25,692/- | 40,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| | | | | | |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 03.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 10.02.2024 up to 05:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 12.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.317511 Urban Development and Housing(23-24):D

# केंद्रीय बजट आज : लोगों को आम जनता को लाभ पहुंचाने वाले बजट की है उम्मीद

रांची। एक फरवरी गुरुवार को संसद में आम बजट पेश किया जाएगा। चुनावी वर्ष होने और लोकसभा के आम चुनाव से कुछ माह पहले पेश होने वाले इस बजट पर लोगों की राय है कि बजट में जनता को कई लाभ की घोषणा हो सकती है। जिसका लाभ चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार को मिल सके। जानकार लोगों का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार चुनाव की तैयारी में लगी हुई है। इसलिए संभावना है कि सरकार चुनाव को देखते हुए जनता को लुभाने वाले योजनाओं की घोषणा करे। इससे चुनाव में लाभ हो सकता है। केंद्रीय बजट को लेकर समाज के हर वर्ग के लोगों में उत्सुकता है। हर वर्ग के लोग अपने हित से जुड़ी योजनाओं की घोषणा की उम्मीद लगाये बैठे है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता द्वारा केंद्रीय बजट पर लोगों की राय जानने का प्रयास किया है।

## डॉक्टर चाहते है सस्ती और सुलभ हो चिकित्सा सेवा

### स्वास्थ्य की नई योजना की घोषणा हो : डॉ अरूण



अरूनिशा ईएनटी हॉस्पिटल, कांटा टोली चौक के डॉ अरूण कुमार कहते है कि केंद्रीय बजट विकास वाला हो। जिससे सभी क्षेत्रों और वर्गो का विकास हो। बजट से आशा करते है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई योजनाएं और सुविधाओं की घोषणा हो ताकि इलाज में गरीब लोगों को लाभ मिले।

### बड़ी योजना लायी जाय : डॉ नवीन कुमार



रिम्स के ऑथोपेडिक सर्जन डॉ नवीन कुमार कहते है कि स्वास्थ्य देश के लिए सबसे आवश्यक सेवा है। इसमें बहुत काम करने की जरूरत है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवा काफी महंगी हो गयी है। जिससे समाज के गरीब तबके के लोगों के परेशानी होती है। इसलिए बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी योजना लायी जाएगी तो इसका लाभ देश की गरीब जनता हो होगा।

### महंगी चिकित्सा में लगे नियंत्रण : डॉ ए रहमान



आयुष्मान जेनरल हॉस्पिटल, नगड़ी रांची के संचालक डॉ ए रहमान कहते है कि चिकित्सा काफी महंगी होती जा रही है। इससे गरीब लोगों को इलाज में परेशानी होती है। हमलोग चाहते है कि बजट में सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी योजनाएं लाये, जिससे गरीब लोगों को चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### स्वास्थ्य के बजट राशि में हो वृद्धि : डॉ प्रकाश कुमार



प्रकाश डेंटल केयर, कोकर के संचालक डॉ प्रकाश कुमार को बजट से बहुत उम्मीद है। उनका कहना है कि बजट देश का विकास करने वाला हो। कोरोना के बाद देश की यह महसूस हुआ कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम करने की जरूरत है। उम्मीद है कि स्वास्थ्य सेवा की पिछली स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार बजट स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए योजनाएं लाए।

### बजट में सस्ती शिक्षा का हो प्रावधान : पूनम कौर



बीआईटी की रहने वाली पूनम कौर का कहना है कि महिलाओं की मुख्यत: दो जिम्मेवारी होती है, एक घर चलाना और दूसरा बच्चों की पढ़ाई। हाल के वर्षो में महंगाई बढ़ने से दोनों काम में बहुत परेशानी आ रही है। केंद्रीय बजट में सरकार ऐसा प्रावधान करे जिससे महंगाई कम हो और बच्चों को सस्ती शिक्षा मिल सके। इससे देश के करोड़ों परिवार को लाभ होगा।




### शिक्षा और राशन सामग्री हो सस्ती : लक्ष्मी देवी



चिरौंदी में रहने वाली लक्ष्मी देवी कहती है कि बजट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन बजट ऐसा जिससे खाने पीने का सामान अर्थात राशन सामग्री सस्ती हो। पिछले कुछ सालों में महंगाई बढ़ने से घर चलाना और बच्चों को पढ़ाना लिखाना मुश्किल हो गया है। चुनावी वर्ष में बजट में यदि महंगाई कम करने और सस्ती शिक्षा की योजना हो तो गरीबों को काफी राहत मिलेगा।




### बजट में महंगाई रोकने के उपायग हो : रीता देवी



हरमू रोड निवासी रीता देवी को बजट से काफी उम्मीद है। वह कहती है कि चुनावी साल होने के कारण इस बार बजट में आम लोगों को बहुत कुछ मिल सकता है। महिलाओं के लिए सबसे जरूरी महंगाई से छुटकारा। महंगाई के कारण घर चलाने और बच्चों की पढ़ाई में महिलाओं को काफी परेशानी होती है। यदि बजट में महंगाई कम करने का उपाय होगी तो महिलाओं को खुशी मिलेगी।

### दवाईयों के दामों में हो कमी : डॉ श्वेता



तेजस स्कीन एंड चिल्ड्रेन क्लिनिक, नया टोली की डॉ स्वेता चाहती है कि केंद्रीय बजट में महंगी हो रही चिकित्सा सेवा में नियंत्रण करने के उपाय हो। दवाईयों के दामों और चिकित्सा में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इससे गरीब तबके लोग काफी प्रभावित हुए है।

### आम लोगों को कुछ नहीं मिलता : प्रवीण मग्गो



रातू रोड में दुर्गा स्टोर के संचालक प्रवीण मग्गो का कहना है कि आम आदमी की उम्मीद तो सरकार से बहुत होती है लेकिन मिलता कुछ नहीं। पर बजट बहुत सालो से भरोसाजनक नहीं रहा। वर्तमान समय में बजट कॉर्पोरेट के के लिय ज्यादा मायने रखता है। आम आदमी जो टैक्स भरने वाले होते है वह यहीं आशा करते है कि टैक्स का स्लैब बढ़े।

### सस्ती व सुलभ चिकित्सा सेवा मिले : डॉ पीके सिंह



डॉ पीके सिंह, रातू रोड स्थित गैलेसिया मॉल में न्यू रेमेडी हेल्थ केयर के संचालक है। वह चाहते है कि क्रेंदीय बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी-बड़ी योजनाएं लायी जाय। कोरोना काल से हमने सीखा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम करने की जरूरत है। ताकि देश के लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवा मुहैया करायी जाय।

### चिकित्सा सस्ता करने के उपाय हो : संतोष सोनी



गरीब और जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सहायता पहुंचाने वाली संस्था झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी का कहना है कि महंगी होती स्वास्थ्य सेवा पर काबू पाने के लिए बजट में प्रावधान करना चाहिए। तेजी से बढ़ रहे दवाईयों के दाम और चिकित्सा सेवा को सस्ती करने के लिए केंद्रीय बजट में उपाय करने चाहिए।

### पर्सनल इनकम टैक्स का रेट कम हो : मनोज कुमार



आकाशवाणी रांची के कार्यक्रम अधिशासी मनोज कुमार का कहना है कि बजट में पर्सनल इनकम टैक्स का रेट काफी कम होना चाहिए। ताकि आम जनता की डिस्पोजेबल इनकम में बढ़ोतरी हो जिसके बढ़ने से मार्केट में पैसा आएगा और मार्केट में रौनक आयेगी। आम व्यापरियों के लिए जीएसटी और पर्सनल इनकम टैक्स एक तरह से डबल बोझ है। व्यापरियों का कहना है कि 10 लाख तक कोई भी टैक्स नहीं होना चाहिए। वहीं 10 से 20 लाख तक में 10% से जादा टैक्स नहीं लेना चाहिए। 20 लाख से ऊपर उसी के अनुसार उचित दर रखना चाहिए। जिससे ज्यादा लोग टैक्स जमा करे और देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो।




### महंगाई कम करने वाला बजट हो : मोनिका आनंद



कुम्हार टोली की रहने वाली मोनिका आनंद को उम्मीद है कि बजट महंगाई कम करने वाला होगा। क्योंकि चुनावी वर्ष में सरकार जनता के लाभ के बारे में सोचती है। इसलिए हमे उम्मीद है कि इस बजट में जनता को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से महिलाओं को घर चलाना मुश्किल हो गया है।

## एक नजर

### बंधु तिर्की की आदिवासी एकता रैली ईसाई प्रायोजित : धान

रांची। पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने आदिवासी एकता महारैली के बारे में कहा कि बंधु तिर्की ईसाई द्वारा डिलिस्टीग के खिलाफ इस रैली को बुलाया गया है। यह रैली ईसाइयों के द्वारा प्रयोजित है। इस रैली को बुलाने के पीछे पूरा चर्च है। इसलिए आदिवासी समाज इस रैली में भाग नहीं लें। वर्ष 2004 में आदिवासियों के जाति प्रमाण पत्र में सरना धर्म लिखने का प्रावधान था। जिसे 2006 मे बंधु तिर्की ईसाई के द्वारा हटा दिया गया था। बंधु तिर्की ईसाई एक तरफ खुद को सरना धर्म का बहुत बड़ा समर्थक और हितैसी कहते है। दूसरी ओर वो सरना धर्म विरोधी कार्य करते हैं। बड़ा पर्व और गुडफ्राईडे के अवसर पर वह खुद को ईसाई मसीही समुदाय का होने का दावा करते हैं।

### जनकल्याण सेवा संस्थान के महानगर अध्यक्ष बनें नमन

रांची। पंडित शोभानाथ तिवारी जनकल्याण सेवा संस्थान के महानगर अध्यक्ष बने नमन कुमार भारतीय। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुंजय तिवारी ने नमन कुमार भारतीय के नाम पर सहमति दी।
नमन भारतीय ने कहा कि पंडित शोभनाथ तिवारी जनकल्याण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुंजय तिवारी ने मुझे महानगर अध्यक्ष बनाया।

## सीजीएल परीक्षा पेपर लिक मामले के विरोध में अभ्यर्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन

# जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा की कार पर आक्रोशित छात्रों ने किया तोड़फोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीजीएल परीक्षा पेपर लिक मामले के विरोध में अभ्यर्थियों ने आज झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने जेएसएससी के अध्यक्ष नीरज सिन्हा की कार में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। छात्रों को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया, जिससे कई छात्र घायल हो गये। लंबे समय के बाद हुए सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लिक मामले की सीबीआई से जांच और दोषी अधिकारियों को दंडित करने की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में छात्र और अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय के बाहर पहुंचे। जिसके बाद आक्रोशित छात्रों ने मामले की जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन और जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान वहॉ से गुजर रहे जेएसएससी के अध्यक्ष नीरज सिन्हा की कार को रोक लिया और हंगामा करने लगे। हो हंगामा के बीच चालक कार को आगे बढ़ाने का प्रयास किया तो आक्रोशित छात्रों ने कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया। लाठी चार्ज में प्रदर्शन कर रहे कई छात्र घायल हो गये। लाठी चार्ज के दौरान वहॉ पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी की स्थिति बन गयी थी।

### सरकार दोषियों पर कार्रवाई न कर निर्दोष छात्रों पर बरसा रही लाठी : बाबूलाल





रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को छात्रों के ऊपर हुए लाठीचार्ज की घोर निंदा की। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने के बाद छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा बुरी तरह से लाठी चार्ज करना युवाओ की आवाज को दबाना है। उन्होंने कहा कि निर्दोष छात्रों को बुरी तरह पीटा गया जबकि इस प्रकरण में पूरी तरह से दोषी सरकार, जेएसएससी व एजेंसी है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी के चेयरमैन, सदस्यों एवं एजेंसी के ऊपर एफआईआर होनी चाहिए और घायल छात्रों का उचित इलाज करवाया जाना चाहिए।

### 28 जनवरी और 4 फरवरी की परीक्षा रद्द

28 जनवरी को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 हुई थी। तीसरे पेपर (सामान्य ज्ञान) की परीक्षा का प्रश्नपत्र एक दिन पहले ही लीक हो जाने का आरोप लगाया था। अभ्यर्थियों के आरोप को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से गंभीरता से लिया गया। इसके बाद जेएसएससी ने तृतीय पाली में संपन्न सामान्य ज्ञान (तीसरा पेपर) की परीक्षा को अपरिहार्य कारण बताते हुए रद्द कर दिया था। आज बुधवार को जेएसएससी की ओर से जानकारी दी गयी कि 28 जनवरी की परीक्षा रद्द कर दी गयी है। जबकि चार फरवरी को होनेवाली परीक्षा स्थगित कर दी गयी है।

### राज्य भर के 6.50 लाख अभ्यर्थी किये थे आवेदन

28 जनवरी रविवार को झारखंड के 735 केंद्रों पर तीन पालियों में परीक्षा ली गयी थी। लगभग तीन लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसी प्रतियोगिता की दूसरी परीक्षा चार फरवरी को आयोजित की जानी थी। बुधवार को जेएसएससी की ओर से जानकारी दी गयी कि 28 जनवरी की परीक्षा रद्द कर दी गयी है। जबकि चार फरवरी को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 में लगभग 6.50 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने की मांग

रांची। आजसू ने आरोप लगाया है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित हुई सीजीएल परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। परीक्षा से पहले ही समान्य ज्ञान पेपर 03 के प्रश्नपत्र और उत्तर दोनों लीक हो गए। जिसके कारण आयोग एवं परीक्षा एजेंसी की धांधली उजागर हो पायी। इससे यह प्रतीत होता है कि बड़े पैमाने पर राज्य में नियुक्तियों के खरीद-बिक्री किए जाने खेल जारी है। पार्टी के संगठन सचिव एस अली ने केंद्रीय कार्यालय में बैठक की। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी इस मामले की भर्त्सना करते हुए कर्मचारी चयन आयोग की झारखंडी छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ गुरूवार को रांची सहित राज्यभर में मुख्यमंत्री का पुतला दहन करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया की संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के साथ परीक्षा एजेंसी, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के भ्रष्टाचार में लिप्त कार्यशैली की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गयी।

### योग विभाग में पानी के लिए तरसती है छात्राएं : आजसू

**आजसू ने रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपा 6 सूत्री मांगपत्र**

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में कुलसचिव विनोद नारायण से मुलाकात कर उन्हें 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कुलसचिव को बताया गया कि विश्वविद्यालय की छात्राएं पिछले 2 वर्षों से अपनी कॉपी पुनः जांच करवाने के लिए भटक रही है, लेकिन आज तक कॉपी नहीं मिला। योग विभाग में छात्र छात्राएं पीने के पानी के लिए तरसती हैं। स्थिति इतनी दयनीय है कि वॉशरूम में भी पानी की सुविधा नहीं है। छात्र-छात्राओं को पानी पीने के लिए दूसरे विभागों में या श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय जाना पड़ता है। पीजी जियोलॉजी विभाग में एलएलबी का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसकी परीक्षा 6 फरवरी से है, जियोलॉजी भिभाग का सिलेब्स अभी तक पूरा नहीं हुआ है। एलएलबी के सेंटर को किसी और विभाग में शिफ्ट किया जाए। कहा गया कि सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाए अन्यथा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)के सदस्य आंदोलन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।

### डॉ त्रिवेणी नाथ साहु और डॉ राम किशोर हुए सेवानिवृत्त



रांची। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में प्रो (डॉ) त्रिवेणी नाथ साहु और डॉ राम किशोर भगत के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता करते हुए जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने दोनों शिक्षकों के मेहनत एवं लगन पर प्रकाश डालते हुए उनकी आदर्शों पर नये शिक्षकों चलने की बात कही। डॉ उरांव ने कहा कि सही मायने में एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। शिक्षण संस्थान में भले ही सेवाकाल पूरा हो जाए, मगर एक अध्यापक के रूप में आजीवन अपने चारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाते है। प्राध्यापक डॉ उमेश नन्द तिवारी ने दोनों ही शिक्षकों के सेवानिवृत्ति पर कहा कि आप दोनों की विशेषज्ञता, दयालु कर्म और हमारे प्रति कोमलता ने हमारे दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। डॉ. किशोर सुरीन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने टेंडर गांव में बांटे गर्म कपड़े




रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को टेंडर गांव और आसपास के स्लम एरिया में महिलाओ और पुरुषों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। आज कंबल एवं उनी वस्त्र वितरण कर इस वर्ष होने वाले उनी वस्त्र कार्यक्रम को अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल के निर्देश से समाप्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी, धीरज कुमार गुप्ता, रमेन्द्र पांडे और आलोक सिंह सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी श्रीकृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## केंद्रीय सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा, मनरेगा आयुक्त ने मांगा बकाया

# झारखंड में ग्रामीण विकास का काम बेहतर हो रहा है : शैलेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने झारखंड राज्य की तारीफ करते हुए कहा कि यहां बेहतर काम हो रहा है। सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा। ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार (नयी दिल्ली) के सचिव शैलेश कुमार सिंह का रामगढ़ जिला का एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम भी है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग से संबद्ध विभिन्न योजनाओं यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एनआरएलएम आदि योजनाओं का निरीक्षण किया जाना है। शैलेश कुमार सिंह ने झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सखी मंडलों के क्षमतावर्धन पर ध्यान देते हुए ग्राम संगठनों के गठन कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होने कहा कि सखी मंडल की दीदियों को सशक्त आजीविका व उद्यमिता से जोड़ा जाना चाहिए। उनसे बात कर स्थानीय संसाधनों के आधार पर दीदियों के लिए आजीविका का चुनाव किया जाय। केंद्रीय सचिव ने बीसी सखियों को हो रही अच्छी आमदनी को देखते हुए सखियों को भी बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी के रूप में बैंक से जोड़ने का निर्देश दिया।




### बकाया राशि की मनरेगा आयुक्त ने की मांग

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बैठक में मनरेगा की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की। जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक 913 लाख मानव दिवस सृजन किया जा चुका है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। आग्रह किया कि मनरेगा के तहत निर्धारित कार्य दिवस की सीमा को बढ़ाया जाय। ताकि झारखंड के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। कहा कि मनरेगा मजदूरी मद में बकाया राशि एवं सामग्री मद का पैसा दिया जाय।

### समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों का धरना

रांची। समान कार्य, समान वेतन की मांग को लेकर अतिथि शिक्षक आज दूसरे दिन भी रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय में धरना पर बैठे रहे। शिक्षकों का कहना है कि जब तब उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शिक्षकों की मांग है कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा जल्द से जल्द अधिसूचना जारी किया जाए। ताकि शिक्षक अपने अपने कॉलेज में पठन पाठन का कार्य कर सके। धरना में बुंडू कॉलेज, मांडर कॉलेज, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, के.ओ कॉलेज गुमला, बी. एस कॉलेज लोहरदगा, मॉडल डिग्री कॉलेज सिमडेगा और मॉडल कॉलेज सहित अन्य कालेज के शिक्षक बैठे। अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय हमारी मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय ले। एचआरडी के तरफ से सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, परंतु विश्वविद्यालय के तरफ से टाल मटोल नीति अपनाई जा रही है। जिस कारण सभी शिक्षकों का भविष्य उधर पर लटका हुआ है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# राजभवन घेराव के लिए प्रशासन ने स्कूलों से मांगी दो-दो बसें

**बिजूपाड़ा के पास देखी गईं कई बसें, लगा था राजभवन घेराव का पोस्टर**

**स्कूल प्रबंधकों ने बताया जिला परिवहन विभाग की ओर से मांगी गई बसें**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार उनके आवास पर पूछताछ होनी थी। उन्होंने मेल कर ईडी को एक बजे आवास पर आने का समय दिया था। सोमवार से मंगलवार के बीच हुए राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए पूछताछ के क्रम में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की बात हवा में तैर रही थी। इसे लेकर सत्तारूढ़ गंठबंधन के सभी विधायकों को राजधानी में ही रहने को कहा गया था। वहीं औपचारिक तौर पर झामुमो ने राजभवन घेराव का कार्यक्रम मंगलवार से ही स्थगित कर दिया था। बावजूद इसके बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता पूरे राज्य से राजभवन घेराव के लिए राजधानी पहुंचे। वहीं कार्यकर्ताओं को लाने के लिए जिला परिवहन विभाग की ओर स्कूल प्रबंधकों से स्कूल बसों की मांग की गई। डाल्टनगंज रांची मार्ग मेन बीजूपाड़ा टोल प्लाजा के पास ऐसे ही कई बसों को राजभवन घेराव के बैनर व कार्यकर्ताओं के साथ देखा गया। स्कूल प्रबंधकों ने बताया कि बस के डीजल की व्यवस्था भी डीटीओ की ओर से की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले को जोर-शोर से उठाते कहा कि यह सरकार की गुंडागर्दी है। इस मामले की जांच होनी चाहिए।

डीटीओ से पूछा जाना चाहिए कि आखिर किस मद से स्कूली बसों में डीजल भरवाया गया । भाजपा छोटे स्कूली बच्चों की सुविधा में डाका डालने वाले राजनीतिक कल्चर का विरोध करती है। वहीं मुख्यमंत्री को कथित रूप से ईडी की ओर से परेशान किए जाने के विरोध में झामुमो के राजभवन घेराव रैली के लिए डालटनगंज से कई बसें रांची आईं। इनमें भी राजभवन घेराव के पोस्टर लगे थे।




"प्रशासन की ओर से डीटीओ ने बस के इंचार्ज को दो-दो बसें भेजने को कहा और उनमें डीजल भी प्रशासन की ओर से भराया गया। स्कूलों की पढ़ाई बाधित नहीं हुई पर बसों के फेरे बढ़ाकर किसी तरह मैनेज किया गया।

**आश्लेष पांडे-प्राचार्य,**
डालटनगंज रोटरी स्कूल

## ऐसे अधिकारियों की हो जांच



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इस प्रकरण को गुंडागर्दी बताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच होनी चाहिए। यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर किस मद से डीजल की व्यवस्था की गई। ऐसे ही कृत्य शासन-प्रशासन में भ्रष्टाचार को जन्म देती है।

## स्कूल की बसें गई राजनीति के मैदान में, संचालक व बच्चे रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू की आधा दर्जन बड़े निजी स्कूलों की दर्जनाधिक बसे बुधवार की सुबह स्कूल के बच्चों की जगह झारखंड के सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को लेकर राज्य की राजधानी रांची चली गई। बसों के चले जाने से स्कूल प्रबंधन को बच्चों के लाने ले जाने में परेशानी झेलनी पड़ी। अचानक स्कूली बसों को बैनर झंडा लगाये जाता देख अविभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में थे कि क्या अचानक स्कूलों में अवकाश तो घोषित नहीं कर दिया गया? कुछ लोगों की शिकायत थी कि जिले के परिवहन विभाग द्वारा स्कूल कि बसों को पकड़कर भेजा गया है। इस बाबत जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने तहकीकात की तो पता चला सभी स्कूल खुले थे। स्कूल प्रबंधकों ने फेरा बढ़ाकर बसों की कमी को पूरा किया। कुछ स्कूलों से यह बात सामने आई कि बसों के लिए कोई आधिकारिक दबाव तो नहीं आया है, लेकिन परिवहन विभाग कार्यालय के कतिपय कर्मियों की भूमिका बस दिलवाने में रही है। इस बाबत रोटरी स्कूल के डायरेक्टर अनुग्रह नारायण शर्मा ने पूछने पर स्वीकार किया कि उनके स्कूल की दो बसें जेएमएम कार्यकताओं को लेकर रांची गई हैं। उन्होंने स्वीकारा की जिला परिवहन कार्यालय के दबाव में बसें भेजी गई हैं। हालांकि उन्होंने किसी आधिकारिक दबाव से इनकार किया।

### प्रशासन का पक्ष

जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने संपर्क करने पर कहा कि अभी व्यस्त हैं, थोड़ी देर बाद बात करते हैं। किन्तु बाद में उनका सेल स्विच ऑफ मिला। जबकि एमवीआई लाल बिहारी यादव ने कहा कि परिवहन विभाग ने ना तो किसी बस को पकड़ा है और ना ही किसी स्कूल के संचालक से बस की मांग की गई है।

# कौन हैं झारखंड के अगले सीएम चंपई सोरेन

**जानिए उनका सियासी सफर**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन ने चंपई सोरेन को नया नेता चुना है। हेमंत सोरेन की जगह वह राज्य के अगले सीएम होंगे। वह हेमंत सोरेन की सरकार में परिवहन मंत्री थे। 68 वर्षीय चंपई सोरेन कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। वह हेमंत सोरेन के सबसे विश्वस्त माने जाते रहे हैं। चंपई सोरेन झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन के अनन्य सहयोगी रहे हैं। कई मौकों पर सीएम हेमंत सोरेन को इनका पैर छूते हुए भी देखा गया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि झामुमो में इनकी अहमियत कितनी है।

कहा यह भी जाता है कि चाहे मामला सरकार का हो या पार्टी का, अहम विषयों पर हेमंत सोरेन इनसे सलाह-मशवरा जरूर करते रहे हैं। चंपई सोरेन को लोग 'झारखंड टाइगर' के नाम से भी बुलाते हैं। चंपई ने 1991 में पहली बार उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वो जीत इसलिए बड़ी थी क्योंकि उन्होंने कद्दावर झामुमो सांसद कृष्णा मार्डी की पत्नी को हराया था।

बाद में 1995 में झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की। लेकिन, वर्ष 2000 में बीजेपी के अनंतराम टुडू से चुनाव हार गए थे। इसके बाद वर्ष 2005 से लगातार सरायकेला से विधायक रहे हैं। 2019 में इन्होंने भाजपा के गणेश महली को हराया था।



चंपई सोरेन का जन्म सरायरकेला के जिलिंगगोड़ा में 1956 में सेमल सोरेन और माधव सोरेन के घर हुआ। अपने तीन भाइयों और एक बहन में ये सबसे बड़े हैं। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो ये मैट्रिक पास हैं। इनकी शादी मानको सोरेन से हुई है और इनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं।

## राजनीतिक घटनाक्रम का टाइमलाइन (दोपहर से देर रात तक)

1:20:35
सीएम आवास पहुंची ईडी की टीम

3:03:52
हेमंत ने विधायकों से करवाया सादे पेपर पर हस्ताक्षर

3:17:33
ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

3:36:25
हेमंत सोरेन ने ईडी अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

4:21:32
झारखंड के गृह सचिव अविनाश कुमार हटाए गए

6:16:54
झारखंड में सीएम आवास के पास पहुंची दो बसें

7:32:45
राजभवन से विधायकों को मिलने का समय दिया गया

8:21:45
सीएम पद की रेस में चंपई सोरेन का का नाम आया आगे

8:23:29
सीएम हेमंत ने झारखंड हाईकोर्ट में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ याचिका दाखिल की।

8:28:16
हेमंत सोरेन का इस्तीफा

8:34:58
चंपई के नाम की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की पुष्टि

8:37:52
हेमंत सोरेन का इस्तीफा

8:42:50
बन्ना गुप्ता बोले, चंपई होंगे सीएम

9:03:29
ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

9:41:00
राज्यपाल को चंपई सोरेन ने 47 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा

9:41:55
सोरेन को अपने कार्यालय ले गए ईडी के अधिकारी

9:59:01
हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट में कल होगी सुनवाई

10:35:05
पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बुधवार रात ईडी के कार्यालय पहुंचीं।

# मुख्यमंत्री ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार सहित अन्य के खिलाफ बुधवार को रांची के एसटी एससी थाना में मामला दर्ज कराया है। एसटी एससी थाना कांड संख्या 06/24 दर्ज किया गया है। हेमंत सोरेन ने दर्ज कराए गए मामले में कहा है कि 27 और 28 जनवरी को उन्होंने नई दिल्ली का दौरा किया और शांति निकेतन जिसे झारखंड राज्य द्वारा आवास एवं कार्यालय उपयोग के लिए पट्टे पर लिया गया है, वहां रुका। 29 जनवरी को उन्हें पता चला कि ईडी के अधिकारियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उस परिसर में कथित तलाशी ली थी। यह कथित तलाशी मुझे बिना किसी सूचना के ली गई थी। उनको और उनके पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के लिए झारखंड भवन, नई दिल्ली और 5/01, शांति निकेतन, नई दिल्ली में ऑपरेशन किया गया। मुख्यमंत्री ने दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा है कि ईडी के अधिकारियों ने उन्हें 29 और 31 जनवरी को रांची में उपस्थित रहने के लिए कहा था। हालांकि, राष्ट्रीय और झारखंड स्थित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की ओर से व्यापक कवरेज से यह स्पष्ट है कि ईडी अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी दी थी ताकि मीडिया में तमाशा बनाया जा सके और आम जनता की नजरों में मेरी बदनामी हो। सोरेन ने कहा है कि 30 जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टों से पता चला है कि ईडी के अधिकारियों ने चुनिंदा गलत सूचना लीक की है कि आवास परिसर से जब्त की गई नीली बीएमडब्ल्यू कार उनकी है। साथ ही उनके पास से भारी मात्रा में अवैध नकदी भी मिली थी। उन्होंने कहा कि परिसर में मिले बीएमडब्ल्यू निर्मित कार का मालिक वे नहीं हैं, जिसके मालिक होने का दावा ईडी के अधिकारियों ने किया है। ईडी के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों ने जानबूझकर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के लिए यह कृत्य किया है। दूसरी ओर, ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एसटी एससी थाने में दर्ज एफआईआर में तथ्य की बड़ी गलती सामने आई है। मुख्यमंत्री द्वारा जो शिकायत पत्र थाने में दी गई है उसमें उन्होंने खुद को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का सदस्य बताया है। सीएम की ओर से थाने में की गई एफआईआर पेपर को गोड्डा सांसद और भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को यह भी नहीं पता कि वे बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। साहिबगंज नाम का कोई भी विधानसभा क्षेत्र झारखंड में नहीं है।



## हेमंत की ओर से दर्ज एफआईआर फर्जी पुलिस करे जांच : बाबूलाल मरांडी

- सीएम ने खुद को साहेबगंज का विधायक बताया जबकि वो बरहेट से हैं विधायक
- साहेबगंज नाम से कोई विधानसभा क्षेत्र राज्य में नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री की ओर से ईडी के कुछ अफसरों के ऊपर एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर के आधार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फर्जी बताते हुए इसकी पुलिस जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन इतना डरे हुए है कि अपना सुध-बुध भी खो चुके है। और जो उनके लिए काम कर रहे है वे भी अपना सुध-बुध खो चुके हैं। एफआईआर की प्रथम पंक्ति में ही गलती है। एफआईआर के अनुसार हेमंत सोरेन खुद को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का विधायक बता रहे हैं लेकिन झारखंड में साहेबगंज नाम का कोई विधानसभा क्षेत्र है ही नहीं। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एफआईआर ही फर्जी है। हेमंत सोरेन को अपना विधानसभा बरहेट के जगह साहेबगंज बताना, एफआईआर को फर्जी बताता है। मरांडी ने कहा कि डीजीपी एवं पुलिस अधिकारी इस एफआईआर की सत्यता की जांच करें। कि सचमुच में हेमंत सोरेन ने एफआईआर किया है या उनके नाम से किसी अन्य ने एफआईआर किया। कहा कि उनके यहां फर्जीवाड़ा का पहले भी रिकॉर्ड रहा है। मुझे स्मरण है शिबू सोरेन जी के समय एक बार 2-3 लोगों को एक जगह टिकट दिया गया और चुनाव लड़ गए थे। बाद में बोला गया कि फॉर्म में फर्जी हस्ताक्षर किया गया था।

## इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति मामले में राज्य सरकार की अपील खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (कक्षा एक से पांच) की काउंसलिंग में शामिल करने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की विभिन्न अपील (एलपीए) पर बुधवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा। मामले में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग 13 अपील (एलपीए) दाखिल की गई थी। वर्ष 2022 में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने याचिकाकताओं को इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक पद के काउंसलिंग में शामिल करने का आदेश दिया था लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें यह करते हुए काउंसलिंग में शामिल नहीं किया था कि उनकी काउंसलिंग पहले हो चुकी है, इसलिए सेकंड राउंड की काउंसलिंग में उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

## राजभवन के पास उपस्थित गठबंधन के नेता



## झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दूबे को राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। फिलहाल, अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं की है। सांसद ने सचिवालय घेराव को लेकर धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है।

## राज्य सरकार ने झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दायर कर एकल पीठ के आदेश को दी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य सरकार ने झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील (एलपीए) दायर कर एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने चार जनवरी को तीन सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के आदेश दिए थे। अपील में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगी और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाए। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। अपील में राज्य सरकार ने झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के प्रोविजन का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति को सही ठहराया है। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने साफ कहा था कि आजसू पार्टी पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी। ओबीसी आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें झारखंड सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर यह बताया गया था कि राज्य सरकार की ओर से ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट राज्य पिछड़ा आयोग की ओर से कराया जायेगा जबकि राज्य राज्य पिछड़ा आयोग कई वर्षों से नहीं है।ऐसे में ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ और एक तरह से राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का काम किया।हमारी पार्टी फिर से कोर्ट का रुख करेगी। राज्य में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की याचिका को हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि तीन सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि निकाय चुनाव नहीं करना संवैधानिक तंत्र की विफलता है।

# देश के विकास में सबकी भूमिका सुनिश्चित कराएगी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

## सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी भाजपा पार्टी का संकल्प : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी की नव गठित ज्वाइनिंग कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,कमिटी के प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय,विधायक बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो,गिरिनाथ सिंह,गणेश तिवारी सहित ज़िलों के संयोजक एवम सह संयोजक उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ ,सबका सबका विकास का संकल्प सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ पूरा करने का निश्चय किया है। जिसे लगातार धरातल पर उतारा जा रहा। उन्होंने कहा कि हमें सबके बीच जाना है और सबको भाजपा में लाना है। सशक्त भारत केलिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग है। उन्होंने कहा आत्म निर्भर भारत,स्वाभिमानी भारत,विकसित भारत के निर्माण में भाजपा देश में हर घर भाजपा के संकल्प को सिद्धि में बदलना चाहती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं। यह राष्ट्रीय विचार से परिपूर्ण पार्टी है।विकसित भारत, विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प है।

उन्होंने कहा यह सबके सहयोग से ही पूरा किया जा सकेगा। कहा कि हम सर्व व्यापी, सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी भाजपा केलिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग कमिटी को इस सोच के साथ लोगों को भाजपा से जोड़ने की दिशा में पहल करनी चाहिए। समाज का कोई वर्ग छूटे नहीं।




## परिवारवादी पार्टियों से देश और राज्य का कभी भला नहीं हो कसता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पलामू जिला राजद महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष चंद्रमा कुमारी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने कार्यालय कक्ष में चंद्रमा कुमारी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हरेंद्र मेहता, रोहित मेहता, सुधीर मेहता, रविंद्र मेहता,राम प्रसाद राम, कामेश्वर राम, अवधेश राम, वीरेंद्र राम, विनोद राम,प्रभु राम, शिव राम, मोती राम, सुखलाल राम, कुंदन राम, संतोष कुमार, राजमुनी राम, गजेंद्र सिंह, नागेंद्र रजवार, अमर रजवार, कमलेश रजवार, संजय रजवार, अमर पासवान, अजय पासवान, श्यामलाल रजवार, बीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रसूल अंसारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवार वादी पार्टियां केवल परिवार की चिंता में लिप्त हैं। साथ ही आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हैं। कहा कि देश की भलाई ऐसी पार्टियां नही कर सकती यह जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वयं एक परिवार की पार्टी बन गई है।और सभी परिवारवादी पार्टियों के भ्रष्टाचार की पोषक बन गई। कांग्रेस स्वयं भ्रष्टाचार की जननी भी है। उन्होंने कहा कि राजद का चरित्र झारखंड विरोध का भी रहा है। चंद्रमा कुमारी ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।



## एक नजर

### 800 किमी होगी राहुल की न्याय यात्रा

**रामगढ़।** देश में बढ़ रहे नफरत की राजनीति और अराजकता के खिलाफ और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं । यह बात बुधवार को प्रेस वार्ता में सचिव सह प्रवक्ता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शांतनु मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा की न्याय यात्रा झारखंड में 800 किलोमीटर से अधिक दूरी तक होगी। राहुल गांधी 8 दिनों तक झारखंड में यात्रा करेंगे । यात्रा 4 फरवरी को संभावित रामगढ़ जिले में प्रवेश करेगी 5 फरवरी की सुबह रामगढ़ शहर से यात्रा के गुजरने की संभावना है । कहा की हम प्रेस वार्ता के माध्यम से रामगढ़ की जनता से अपील करते हैं की राहुल गांधी की न्याय यात्रा जो महिलाओं के शोषण के खिलाफ, युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए ,दबे कुचले और वंचित समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए हो रही है इस यात्रा में लोग शामिल हों । कहा की लोग यात्रा में अपनी उपस्थिति से देश में हो रहे अत्याचार और तानाशाही सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के मूहिम को समर्थन दें । रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी इस यात्रा को लेकर व्यापक तैयारी कर रही है । प्रदेश कांग्रेस कमेटी से भी संयोजक समिति बनाई गई है। जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी है। रामगढ़ जिले के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। पंचायत से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार कर रहे हैं । पूरा जिला और शहर बैनर पोस्टर और झंडे से पट चुका हैं।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस लाइन में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड की ओर से 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने हेतु प्राप्त निर्देश के आलोक में मंगलवार को पुलिस लाइन रामगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के जवानों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में उनके योगदान के प्रति जागरूक किया। वहीं प्रभावी तरीके से जिले में ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराने को लेकर भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। मौके पर सड़क सुरक्षा शपथ का भी आयोजन किया गया।

परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के साथ की बैठक, कहा

# कदाचार मुक्त होगी परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी 6 फरवरी 2024 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने ने कहा कि इंटर व माध्यमिक की परीक्षाएं पूरी तरह कदाचार मुक्त आयेजित की जायेंगी। इस संबंध में पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्रों पर 12648 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 13020 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिया । बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त आचार्यों के सम्मान में हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हार टोली के आचार्य प्रेम कुमार पांडे, प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ।संस्कृत विषय के आचार्य प्रेम कुमार पांडे,सामाजिक विज्ञान के आचार्य प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। गौरतलब है कि तीनों आचार्य विद्यालय में भैया-बहनों को विषय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे थे। स्नेह मिलन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, साल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर सम्मान समारोह में सेवानिवृत हो रहे आचार्य प्रेम कुमार पांडे, प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा - इस विद्यालय में पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ भैया- बहनों को पढ़ाया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रवीण मेहता के दुबारा जिलाध्यक्ष बनने पर किया गया सम्मानित



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को पुनः पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद राम एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्ष को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं बधाई दी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल मिलने पर मैं रामगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही प्रदेश के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। कहा की रामगढ़ जिला में पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। पार्टी संगठन को ग्राम एवं पंचायत स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा की आनेवाले समय में लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होना है इसलिए पार्टी संगठन को प्रत्येक बूथ पर मजबूत किया जाएगा ताकि आनेवाले चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिल सके।

### जर्जर छतों के नीचे बैठने के लिए मजबूर हैं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी



**बरही ।** प्रखंड परिसर स्थित पशु चिकित्सालय भवन की स्थिती बदतर है. जर्जर छत और उसके गिरते प्लास्टर के बीच भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी व कर्मी कार्य करने के लिए मजबूर है. कार्यालय भवन पूरी तरह खंडहर में बदल चुका है. जिसके खिड़की और दरवाजे भी राम भरोसे चल रहे है. पशु चिकत्सा पदाधिकारी डॉ निर्मल डेविड बाड़ा ने बताया कि असुरक्षित भवन के अभाव में सभी दवाइयां जेएसएलपीए कार्यालय में रखने पड़ते है. वर्तमान में उनके पास लगभग सभी दवाइयां मौजूद है.कार्यालय में एक अनुसेवक और एक सहायक है. एआई की मदद से फिल्ड का काम लिया जा रहा है. कोई भी पशुपालक बुधवार और गुरुवार को छोड़कर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक उनसे संपर्क कर सकते है. विभाग की ओर से पशुओं में होने वाले पतले दस्त जैसे रोग के लिए निःशुल्क वैक्सीनेशन किए जा रहे है. उन्होंने सभी पशुपालकों से इस टीकाकरण अभियान का लाभ लेने की बात कही है. चार फरवरी को गौरियाकरमा में शिविर का भी आयोजन किया जाना है. डॉ डेविड ने बताया कि वर्तमान में बरही के अतिरिक्त उन्हे रामपुर बसरिया (चौपारण) और पदमा भी जाना पड़ता है.

### एसडीओ और एसडीपीओ का हुआ तबादला शीघ्र योगदान देंगे नए अधिकारी



**बरही ।** अनुमंडल के दोनों वरिष्ठ अधिकारी एसडीओ पूनम कुजुर और एसडीपीओ नाजिर अख्तर का तबादला हो चुका है. इस संबंध में झारखंड सरकार के कार्मिक व प्रशासनिक विभाग व गृह कारा विभाग से पत्र जारी किए जा चुके है. जारी पत्र के अनुसार वर्तमान एसडीओ श्रीमति कुजूर कोडरमा जिला के उपसमाहर्ता और एसडीपीओ अख्तर को एसडीपीओ बसिया पद पर योगदान देंगे. वही देवघर जिले के मागोमुंडा प्रखंड के बीडीओ जोहन टुडु को पदस्थापन करते हुए बरही का एसडीओ सह एसडीएम बनाया गया है. वही गिरिडीह के एसएफपीओ नौशाद आलम बरही के एसडीपीओ पद के लिए योगदान देंगे.

### हजारीबाग में खुला बेनेली, कीवे का एक्सक्लुजिव शोरूम

**हजारीबाग।** बेनेली, कीवे इंडिया ने हजारीबाग में अपनी नई डीलरशिप की शुरूआत की है। एनएच-20, सिंदुर मेरावाल स्थित डीपीएम ऑटोमोबाइल्स आस-पास के क्षेत्रों के बेनेली, कीवे राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।डीलर दामोदर प्रसाद ने बताया कि इस नए आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया ने देश भर में अपने टचपॉइन्ट्स के नेटवर्क को और भी सशक्त बना लिया है। इस डीलरशिप में बेनेली की सुपरबाईकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गई हंगेरियन मार्की कीवे को पेश किया जाएगा। शोरूम में मर्चेन्डाइज और एक्सेसरीज की आकर्षक रेंज भी डिस्प्ले पर रखी जाएंगी। मौके पर विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेनेली, कीवे इंडिया ने कहा कि देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेजी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस विस्तार से न सिर्फ वे बेनेली एवं कीवे जैसे जाने-माने ब्राण्ड्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुपरबाइकों का अनुभव पा सकेंगे, बल्कि बेजोड़ कस्टमर सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे। मैसर्स डीपीएम ऑटोमोबाइल्स के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

कार्य प्रारंभ होते ही अनियमितताओं की लगी झड़ी

# घटिया ईंट व सरिया का किया जा रहा है प्रयोग



नवीन मेल संवाददाता। बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अथक प्रयास से वर्षो बाद पुनः टेंडर के बाद विभाग की ओर से 10.40 करोड़ की लागत से अति महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का मूर्त रूप देने का काम युद्धस्तर पर जारी है. योजना के अंतिम चरण के तहत मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित पीएचईडी कार्यालय प्रांगण से मुख्य पाईप लाईन जोड़ने, कार्यालय परिसर की चहारदीवारी सहित आवासीय कार्यालय निर्माण का शिलान्यास होना था. परंतु राज्य में चल रहे राजनीतिक उठा पटक को लेकर राज्य के सभी विधायको को राज्य मुख्यालय में रहने के कारण शिलान्यास स्थगित कर दिया गया लेकिन अनियमित्तताओ और अनिश्चितताओं के बीच निर्माण कार्य जारी हैं. कार्यस्थल पर हो रहे कार्य की गुणवत्ता को देखकर इसके टिकाऊपन का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है. चहारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया ईट से सोलिंग, 10 एमएम के 4 पीस के लोकल सरिया से 14 से 15 फीट पर कॉलम, नींव का मनमाने ढंग से खुदाई और चिप्स की गुणवत्ता अनियमितता को बताने के लिए काफी है. कार्यस्थल पर कार्य कर रहे मिस्त्री और कार्य करवा रहे मुंशी हरिनंदन मिश्रा ने बताया कि उनलोगो को ऐसा ही समान और निर्देश मिला है. मुंशी ने बताया कि कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के देख रेख में किया जा रहा है. कंस्ट्रक्शन के नागेंद्र कुमार ने भी बताया कि उन्हें 10 फीट पर कॉलम दिया जाना है. उन्होंने भी कंस्ट्रक्शन के मुख्य संवेदक से बात करने को कहकर शेष बाते बताने में असमर्थता जताई. मुख्य संवेदक से बात करने का प्रयास किया गया परंतु बताए गए नंबर पर संपर्क नही हो सका. कंस्ट्रक्शन कंपनियों की हिम्मत की भी दाद देनी होगी जो शिलान्यास कार्यक्रम के बाबजूद भी घटिया सामग्रियों का धड्डले से प्रयोग कर रहे है. जिनके बीच तनिक भी भय नहीं दिखा कि शिलान्यास के दौरान अतिथियों और अधिकारियों के द्वारा कार्य का निरीक्षण भी किया जा सकता है.

# जिले में स्वास्थ्य व शिक्षा होगी सुदृढ़ : उपायुक्त

**एजेंसी। रामगढ़**
रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाएं सुदृढ़ करने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर कई पहल जिले में की गई हैं। इसी क्रम में उपायुक्त द्वारा नई घोषणा की गई है जिसके उपरांत डीएमएफटी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष रामगढ़ जिले को प्राप्त होने वाले राजस्व में से एक माह के राजस्व को स्वास्थ्य एवं एक माह के राजस्व को शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए खर्च करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ की जायेंगी, जिससे लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस विषय को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ जिले वासियों से भी अपने-अपने सुझावों से जिला प्रशासन रामगढ़ को अवगत कराने की अपील की है वहीं उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ इसे लेकर चर्चा के क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों के लिए लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध कराने, विभिन्न विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, विद्यालयों के जीर्णोद्धार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं सहित जिले में प्राथमिकता के आधार पर जरूरी विकास कार्यों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है की जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में दो बड़े पहल किए गए हैं जिसमें पहला सरकारी विद्यालयों में आयोजित होने वाले वार्षिक परीक्षाओं में कक्षा 5 तक के बच्चों को ट्रॉफी एवं कक्षा 12वीं तक के बच्चों को ब्लेजर से सम्मानित करना है। वहीं दूसरी घोषणा वार्षिक परीक्षा में जिले के तीन सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें ब्लेजर प्रदान करना है।

**विद्यालयों में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में कक्षा 5 से 12 तक के बच्चों को सम्मानित किया जायेगा**



### भामाशाह विद्यालय में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**बरही ।** गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्नेह मिलन कार्यक्रम के तहत दशम कक्षा के 108 भैया बहनों को आशिवर्चनो के साथ विदाई दी गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के संरक्षक त्रिवेणी साव, एसएमसी अध्यक्ष अमित साहू, साहू समाज मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साव व समिति सदस्य कुन्दन साव उपस्थित थे. भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष श्री साहू ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रगति पथ की यह पहली सीढ़ी है और आप तैयार है. संरक्षक ने कहा कि विद्यालय में आप ज्ञानार्थ आये थे अब सेवार्थ जा रहे हैं. जीवन के हर क्षेत्र में सफलता आपकी कदम चूमें यही मंगलकामना है. साहु समाज के मुखिया ने भैया बहनों से विद्यालय के संस्कार को जीवन में अपनाते हुए आगे बढ़ने की बात कही. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि ज्ञान वह कुंजी हैं जिससे सफलता की सभी तालायें खुलती है.

आरसीए ने सुपर स्ट्राइकर को चार रन से हराया

# खेलकूद से शारीरिक विकास में होती है वृद्धि : मुखिया अब्बास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में सीआरपीएफ क्लब के तत्वावधान में आईपीएल के तर्ज पर आयोजित केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच आरसीए बनाम सुपर स्ट्राइकर के बीच खेला गया। सुपर स्ट्राइकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ली वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए की टीम ने बारह ओवर में सात विकेट खोकर 107 रन बनाया। वहीं सुपर स्ट्राइकर की टीम ने निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 103 रन ही बना पाई। टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आशीष कुमार को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता और उपविजेता टीम को मुखिया अब्बास अंसारी ने पुरस्कृत किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि युवाओं को खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## झारखंड चेंबर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत



हजारीबाग। मंगलवार देर शाम फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा का हजारीबाग आगमन हुआ। फेडरेशन चैंबर हजारीबाग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें जीएसटी कानून एवं विभाग से हो रही परेशानी,अवांछित प्रोफेशनल टैक्स राज्य की विधि व्यवस्था में गिरावट,बढ़ रहे अपराध एवं बालू की किल्लत के संदर्भ में गहन विचार विमर्श हुआ।अध्यक्ष द्वारा इन विषयों को राज्य के मंत्रियों एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।इसके अतिरिक्त हजारीबाग शहर में चरमराई हुई ट्रैफिक व्यवस्था,बढ़ता हुआ आपराधिक ग्राफ, शहर में सफाई की अव्यवस्था समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।बैठक में फेडरेशन चैंबर हजारीबाग के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सहसचिव तारिक अहमद, राजा नत्थू लाल शर्मा ,सतीश बंसल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे

## राधा गोविन्द विवि में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# अनुकृति के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से मतदान की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में जमशेदपुर टीम ग्रेड डिजाइन के माध्यम से अनुकृति के कलाकारों द्वारा 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जमशेदपुर के अनुकृति के कलाकारों द्वारा मतदाता वीडियो, नाटक एवं प्रश्नोत्तरी के द्वारा संपन्न हुआ। अनुकृति टीम के सदस्य ने नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान की पूरी जानकारी दी और उसके संबंध लाभ और हानि को बताया। उन्होंने बताया कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है, यह दिन 1950 में भारत में चुनाव आयोग की स्थापना के दिन को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता। भारत में वोट डालने का अधिकार उन सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य है जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और वोटर आईडी कार्ड के धारक हैं. वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए, व्यक्ति ऑनलाइन या ऑफलाइन वोटर आईडी कार्ड फॉर्म में आवेदन कर सकता है। देश की जनता के लिए मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक हैं, मतदान जाति, धर्म के आधार पर किसी को भी वोट बिल्कुल न दे। साथ ही टीम कॉर्डिनेटर ने सलाह दिया की विभिन्न उद्देश्यों के लिए विभिन्न फॉर्म होते हैं, जैसे फॉर्म 6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 . युएनएचओएनई फॉर्मों के बारे में बताया। फॉर्म-6: जो व्यक्ति 18 वर्ष पूरे होने के बाद अपना नाम निर्वाचन सूची में शामिल करवाना चाहता है, उसे इस वोटर आईडी कार्ड फॉर्म - 6 को भरना होगा। फॉर्म-7: जो नागरिक निर्वाचन सूची में उनका नाम पहले से ही होता है, लेकिन वे अपने नाम को उस निर्वाचन सूची से हटाना चाहते हैं या निर्वाचन सूची में किसी नाम के सम्मिलन के खिलाफ आपत्ति दर्ज करना चाहते हैं, वे इस फॉर्म को भर सकते हैं। फॉर्म-8: जो नाम निर्वाचन सूची में शामिल हैं, लेकिन वे अपने नाम में सुधार करना चाहते हैं।

### विभागीय लापरवाही के कारण बर्बाद हो रहा जलापूर्ति का जल : गणेश

**हजारीबाग।** शहर की एक बड़ी आबादी सप्लाई के पानी पर निर्भर है।इसमें से छठ तालाब के पास टावर नंबर एक है जिससे नूरा से लेकर खिरगांव तक की एक बड़ी आबादी को पीने का पानी सप्लाई किया जाता है। इसका मुख्य पाइप जिससे शहरवासियों को पानी सप्लाई होता है एक सप्ताह से अधिक समय से फटा हुआ है जिसके कारण हजारों लीटर स्वच्छ पीने का पानी पानी प्रतिदिन रोड में बह कर बर्बाद हो रहा है। इसे ठीक करने के लिए सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया लेकिन उसे ठीक नहीं किया गया। इस बाबत गणेश कुमार सीटू , ईश्वर महतो और तपेश्वर राम ने संयुक्त रूप से उपायुक्त, हजारीबाग को पत्र लिखकर मामले पर संज्ञान लेकर लेने का आग्रह किया है।पत्र में सीटू ने लिखा है कि शहरवासियों को पीने का पानी सप्लाई करने का एकमात्र साधन छड़वा डैम है।

## सहायक शिक्षिका को दी गयी भावभीनी विदाई

# शिक्षकों का राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा की सहायक शिक्षिका कलावती कुमारी का विद्यालय परिसर में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक, जनप्रतिनिधि, अभिभावक ग्रामीण एवं छात्र छात्रा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं अतिथियों का माल्यार्पण एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया पांडेय, जिप सदस्य कुमकुम देवी ,अजप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, संयुक्त सचिव युगल ठाकुर, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीईईओ किशोर कुमार, अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, जिप प्रतिनिधि सी के पांडेय, सीआरपी राम कृष्ण पाण्डेय, शिक्षक शशि भूषण प्रसाद, रामकृष्ण महतो, दिनेश्वर महतो, सेवानिवृत शिक्षक मुरलीधर महतो, मधुसूदन प्रसाद विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी, शिक्षक कालेश्वर महतो, अशोक विश्वकर्मा ,कीर्तन चंद्र बाराट, सहदेव नायक, सुखदेव नायक, अनिल कुमार, सुंदर तुरी, कविता देवी, मोनिका देवी, अंजू देवी, रुक्मिणी देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर सेमत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यमुना प्रसाद ने किया। विद्यालय के सभी बच्चों ने सेवानिवृत शिक्षिका कलावती कुमारी का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका के प्रति प्रेम का इजहार करते हुए उनकी विदाई पर आंसुओं को रोक नहीं पाए। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होते,राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है।

## एक नजर

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के उपरांत आवश्यक निर्देश दिया।आयुष पदाधिकारी ने बताया कि आयुष के तहत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करना हमारा संकल्प है। इसमें आयुर्वेदा, योगा, यूनानी सिद्धांत एवं होम्योपैथी के माध्यम से इलाज किया जाता है। इनसे संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं कैसे स्वास्थ्य रहा जाए इसी से संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय के अधीन कार्य किए जाते है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा गांधी मेला का अवधि 5 फरवरी तक हुआ विस्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा गांधी मेला का अवधि विस्तार नगर परिषद सिमडेगा द्वारा 5 फरवरी तक कर दिया गया संवेदक के द्वारा दुकानदार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन नगर परिषद में सौंप कर तिथि बढ़ाने की मांग की थी जिसे ध्यान में रखते हुए नगर परिषद सिमडेगा द्वारा 5 फरवरी तक तिथि बढ़ा दिया है। प्रशासक सुमित कुमार महतो ने कहा है कि इस दौरान विधि व्यवस्था अग्निशमन, सीसीटीवी आदि चीजों की व्यवस्था पूर्व की तरह सुचारू रूप से चला रहे ताकि मेले में किसी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न इधर तिथि बढ़ाने की वजह से दुकानदारों ने नगर परिषद सिमडेगा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### जिला बाल संरक्षण इकाई की अनुमोदन समिति के साथ की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण ईकाई अंतर्गत संचालित प्रयोजन तथा पालन-पोषण देखभाल अनुमोदन समिति की बैठक आहूत की गई।बैठक में उपायुक्त ने विभाग अंतर्गत जिले में एकल एवं बेसहारा बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप की जानकारी ली। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बच्चों को लाभ मुहैया कराए जाने से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले के बेसहारा बच्चों को स्पॉन्सरशिप का लाभ मुहैया कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

---

### कुरडेग के माइकल किंडो स्टेडियम में रैली का हुआ आयोजन

# भाजपा व कांग्रेस धर्म के नाम पर करती है राजनीति : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
कुरडेग के माइकल किंडो स्टेडियम में झारखंड पार्टी द्वारा बुधवार को नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन किया गया।रैली में भारी संख्या में लोग पहुँचे थे।मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का,केन्द्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष आइरिन एक्का,जिला अध्यक्ष मतियस बागे,युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित थे। रैली में एनोस एक्का ने कांग्रेस एवं भाजपा पर जमकर बरसे।उन्होंने दोनों पार्टियों पर जाति धर्म पर राजनीति करने का आरोप लगाया।दोनों पार्टी क्षेत्र में विकास का कोई काम नहीं किया है।झापा जमीनी स्तर की पार्टी है जो जनताओं के समस्याओं को समझती है और समस्याओं को दूर करने में आगे रहती है। आज जिला के दोनों विधायक राज्य सरकार में सता पक्ष में हैं लेकिन दोनों क्षेत्रों में विकास के किये गये कार्य कहीं दिखता नहीं है।उन्होंने विधायकों पर बीस बीस करोड़ में बिकने का आरोप लगाया और कहा कि जब एक विधायक करोड़ों के साथ धाराया तो साड़ी धोती खरीदने का बहाना बनाया।उन्होंने लोगों से दोनों पार्टियों को आगामी चुनावों में हराने एवं झापा को जीताने के लिए अपील की।वहीं आइरिन एक्का ने वर्तमान के विधायक को अनुकम्पा पर बने विधायक कहा। उन्होंने कहा कि विधायक जी कहते हैं कि हम युवा विधायक हैं लेकिन युवा विधायक, युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने झापा का दामन थामा।मौके पर जिला के कार्यकारी अध्यक्ष अनुप श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष बिष्णु दयाल शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार अभय विश्वकर्मा, अनिल बरला, प्रखंड अध्यक्ष विनोद बरला, अजित किन्डो, किशोर बरला, उर्मिला कुजूर, जीशान खान, मकसूद आलम, मोहन नायक, सुरजन नायक, मंजुषा तिर्की, अनिता कुजूर आदि उपस्थित थे।

## स्व. जोसेफ मेंस मेमोरियल धर्म प्रांतीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के रेंगारीह में स्वर्गीय जोसेफ मिंज मेमोरियल धर्म प्रांतीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,सिमडेगा की बैंक प्रबंधक प्रीति बोदरा उपस्थित रहे। उसके उपरांत विधायक मद से नवनिर्मित चबूतरा सह स्टेज शेड का आशीष संस्कार फादर अजीत के द्वारा किया गया। स्व बिशप जोसेफ मिंज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रधांजलि उपस्थित अतिथियों के द्वारा दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। फाइनल खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया।फाइनल मैच रेंगारीह हाई स्कूल और आरसीएम हाई स्कूल बांकी के बीच खेला गया। जिसमें रेंगारीह उच्च विद्यालय 3-2 से विजेता बनी।विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने उपस्थित छात्रों और लोगों को संबोधित किया उन्होंने स्व विशप जोसेफ मिंज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व विशप स्वामी जोसेफ मिंज आपने पूरा जीवन कलीसिया समुदाय के उत्थान में लगा दिया।हमारे समाज को आगे बढ़ाने के लिए, तथा हमारी युवा पीढ़ी के विकास तथा हमारे धर्म-संस्कृति और हमारी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए, अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।अपने जीवन की समस्त सुविधाओं को त्याग कर दिया।उनके त्याग और तपस्या के कारण आज हमारा कलीसिया एक विशाल बरगद का पेड़ बन चुका है।उन्हीं की मेहनत की वजह से आज हमारे कलीसिया में कई स्कूल ,हॉस्पिटल हैं जो इस क्षेत्र में निवास करने वाले सभी समाज, सभी धर्मो के लोगों की सेवा कर रहे हैं।हमें उनके बताएं मार्ग पर चलकर कलीसिया की सेवा करनी चाहिए।

### शॉट सर्किट से दुकान में लगी आग, पांच लाख का नुकसान

**डोमचांच।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार रोड स्थित शिवांगी इन्फोटेक दुकान में रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धीरे- धीरे आग विकराल रूप धारण कर लिया,जिससे पूरी दुकान में रखे इलेक्ट्रिक के करीब पांच लाख के सामान जलकर राख हो गई। जानकारी मुताबिक रात एक बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट लग गई। इससे दुकान में आग लग गई। इसके बाद घर मालिक आग लगने की सूचना आसपास दिया।जैसे ही दुकान में आग लगने की जानकारी लोगों को हुई। आनन- फानन में लोग सामने चाय दुकान के पास लगे नल से पानी लेकर आग बुझाने लगे। जब तक आग पर काबू पाया गया,तब तक दुकान की पूरी इलेक्ट्रिक सामग्री जलकर खाक हो चुकी थी। आग इतनी तेज थी कि बगल की राशन दुकान में भी समान क्षतिग्रस्त हुआ है। मामले को लेकर शिवांगी इन्फोटेक दुकान संचालक संजीत सिंह, पिता बीड़ी सिंह, शिवसागर निवासी ने बताया कि मैं कई साल से बाजार रोड स्थित राजू साव के घर में भाड़े पर इलेक्ट्रिक सामानों का दुकान चलाता था।

### धर्मांतरित आदिवासियों का आरक्षण हो समाप्त : बसंत नारायण मांझी

# आदिवासियों के हित में है डीलिस्टिंग : श्रद्धानंद बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जनजातीय सुरक्षा मंच के के बैनर तले बुधवार को आदिवासियों का एकदिवसीय धरना नगर पंचायत परिसर में हुई।धरना कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासियों को संबोधित करते हुए जनजातीय सुरक्षा मंच के जिला संयोजक बसंत नारायण माझी ने कहा धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिए जाने वाला आरक्षण समाप्त हो क्योंकि आदिवासियों का हक धर्मांतरित आदिवासी मार रहे हैं। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा की डीलिस्टिंग संकल्प का प्रस्ताव झारखंड विधानसभा में पारित कर केंद्र सरकार को जल्द भेजें हेमंत सरकार आगे उन्होंने कहा धर्मांतरित जनजातियों को आरक्षण सुविधा दिए जाने के विरुद्ध तत्कालीन बिहार के जनजाति नेता एवं लोकसभा सदस्य केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव जी द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1970 में का आवेदन दिया गया था। इस बात को 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं जनजाति समाज की अवस्था को देखकर उन्हें जो पीड़ा भी उसे वक्त करने हेतु उनके द्वारा 20 वर्ष की काली रात नामक पुस्तिका भी लिखी गई थी। अब समय आ गया है की धर्मांतरित आदिवासियों का आरक्षण समाप्त हो। धरना कार्यक्रम में श्रद्धानंद बेसरा ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा की संविधान में यह निहित है की कोई भी व्यक्ति जिसने जनजाति आदम तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया हो और ईशा या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा।

### टैक्टर की चोरी कर चोर हुए फरार, पुलिस जांच में जुटी

**डोमचांच।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर स्थित वार्ड 13 से सोमवार रात चोरों ने ट्रैक्टर की चोरी कर फरार हो गए। मामले को लेकर ट्रैक्टर मालिक प्रदीप मेहता, पिता- भुनेश्वर मेहता, महेशपुर निवासी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि प्रतिदिन की भांति कार्य कर शाम को ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा कर दिया। जब सुबह उठा और देखा तो घर से सामने खड़ी ट्रैक्टर गायब था । सिर्फ पीछे का टाली खड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जगह- जगह लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोरों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस की जांच में पता चल रहा है कि रात लगभग साढ़े नौ बजे के आस पास बादईक से दो चोर आए और ट्रैक्टर की टाली को खोलकर ट्रैक्टर इंजन को डोमचांच के रास्ते, बाजार रोड होते हुए ढाब रोड,मसनोडीह जंगल की तरफ चोरों ने ट्रैक्टर की चोरी कर ले भागे हैं। पुलिस टेक्निकल सेल की मदद से चोरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों का पदस्थापना समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
कोडरमा जिला चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों का पदस्थापना समारोह स्थानीय रोटरी भवन झुमरी तिलैया में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रदीप केडिया ने की। महासचिव राम रतन महर्षि ने कोडरमा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के गठन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कि वर्तमान में व्यापारियों का अलग-अलग संगठन है,लेकिन सभी बस्तु के व्यवसायियों, सेवा व्यवसायियों व उद्यमियों का महासंगठन नहीं था, जिसकी जरूरत को समझते हुए इसका गठन किया गया है। और फेडरेशन ऑफ फारखंड चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची से सम्बद्धता भी प्रात्र हो गयी है। आज जिला संगठन की पदस्थापना प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा करवाया जा रहा है। फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री द्वारा जिला संगठन के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, उपाध्यक्ष महेश दारूका, महासचिव रामरतन महर्षि, सह सचिव प्रदीप हिसारिया, कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह छाबड़ा, श्याम सुंदर महेश्वरी व जगदीश लाल आजमानी को लेपल पीन पहनाया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे झारखंड के व्यापारियों की समस्या प्रशासन और सरकार तक पहुंचा कर उनका समाधान कराना हीं संगठन का मूल काम है। मंच संचालन सेजल अग्रवाल ने किया व धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव प्रदीप हिसारिया ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदीप खाइवाला, उदय सोनी एवं प्रदीप भारद्वाज ने प्रदान किया। मौके पर हिमांशु केडिया, नवीन अग्रवाल, मनीष पेडीकल, अनिल पांडेय, सुनील छाबड़ा आदि मौजूद थे।

### केआरसी नेहरू युवा संगठन का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# सभी जीवों के जल की बर्बादी रोकना जरूरी




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बीरू पंचायत भवन में पंचायत राज प्रतिनिधियों एंव हितभागियों को केआरसी नेहरू युवा संगठन के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कायर्क्रम का शुभारंभ किया गया. जिसमें जिला पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक राधे रतन जेई पंकज कुमार पिन्नू और मुखिया अनजान एक्का, गंगाधर लोहार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कायर्क्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक राधे रतन के द्वारा ट्रेनिंग में उपस्थित सभी पंचायती राज प्रतिनिधियों को जल के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जल हम सभी मनुष्यों और जीव जंतुओं के लिए बहुत जरूरी है। हम अपने आने वाले पीढ़ी के लिये बचा कर जल को रखना है। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि जल की बबार्दी न हों साथ ही इसके लिए भी को आगे आकर कार्य करना है तभी जाकर हमार भविष्य सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में बीरू, तामड़ा और आरानी के मुखिया , जल सहिया, वार्ड सदस्य , पंचायत राज के प्रतिनिधि और केआरसी नेहरू युवा संगठन जेजेएम प्रशिक्षक सुषमा बाड़ा, निरंजन कुमार और महादेव प्रसाद उपस्थित थे।

### गांधी विकास मेले में आयोजित कृषि प्रदर्शनी का हुआ समापन

# बेहतर कार्यों के लिए किसान हुए पुरुस्कृत




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
गांधी विकास मेले में लगने वाले कृषि प्रदर्शनी मेला का समापन बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छुटन उरांव, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास जिला सहकारिता पदाधिकारी अभय आत्म सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह की मौजूदगी में बेहतर कार्य करने वाले किसानों को पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने कहा कि कृषि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य अग्रणी व जागरूक किसानों को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को कृषि एवं पशुपालन के आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जाती है, जिससे किसान कम मेहनत के साथ-साथ अल्पसमय में बेहतर परिणाम पा सकते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा जिले में सिंचाई एक बड़ी समस्या है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना के तहत जिले में कई चेक डैम व सिंचाई से संबंधित योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। इसके अलावा मनरेगा, आई. डब्लू. एमपी, लघु सिंचाई परियोजना, मेसो परियोजना, आदि से सिंचाई से संबंधित चेकडैम व कूप का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में दुग्ध की खपत काफी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उत्पाद नहीं होने से लोगों को बाहरी दुग्ध पर निर्भर रहना पड़ता है, अतः गौ पालन के माध्यम से स्थानीय किसान इसे बेहतर आय का जरिया बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ लोगों को सरकारी योजना के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्हें खुद आगे आकर पहल करनी चाहिए। साथ ही सभी कृषकों को बेहतर उत्पाद प्रदर्श में शामिल करने के लिए बधाई दी तथा आने वाले वर्ष में और भी अधिक बेहतर उत्पाद के साथ-साथ ज्यादा मात्रा में अपनी सामग्री शामिल करने का आह्वान किया। गौरतलब हो कि जिले के कृषि प्रदर्शनी में इस बार पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी उत्पाद किसानों द्वारा लाये गये थे। मौके पर कृषि विभाग के कर्मी एवं अन्य विभागों के साथ-साथ उत्पाद लाये किसान मौजूद रहे।

## ऑटो चालकों ने शहर से बाहर ई-रिक्शा के संचालन पर जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिले में शहर से बाहर ई-रिक्शा के संचालन पर जिला ऑटो रिक्शा परिवहन संघ ने विरोध जताया है। ऑटो चालक समाहारणालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। अधिकारियों के नहीं मिलने पर लौट आए। अब वे बुधवार को अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। बता दें कि वे सभी अपनी- अपनी ऑटो के साथ समाहरणालय में डीसी, पुलिस अधीक्षक,परिवहन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, जहां एकजुटता का प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा इस समस्या के समाधान को लेकर तिलैया थाना परिसर में ई-रिक्शा संचालक और ऑटो संचालक के साथ बैठक की गई थी। इसमें पुलिस ने आदेश दिया था कि ई-रिक्शा का संचालन सिर्फ शहर में महाराणा प्रताप चौक से लेकर सुभाष चौक के बीच किया जाएगा। इसका कुछ दिनों तक पालन भी हुआ। हालांकि इस दौरान पुलिस अधीक्षक का ट्रांसफर होने के बाद ई-रिक्शा संचालक द्वारा पूर्व के आदेश की अवहेलना करते हुए शहर से बाहर भी ई-रिक्शा का संचालन शुरू कर दिया गया,जिससे ऑटो चालकों को सवारी नहीं मिल पा रही है। इनके सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पूछे जाने पर बताया कि 31 जनवरी को पुनः ज्ञापन सौंपने अधिकारियों के पास जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि दो फरवरी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो तीन फरवरी से ऑटो संघ बेमियादी हड़ताल पर चला जाएगा। साथ ही धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। मौके पर हीरा सिंह,उमा शंकर शर्मा, दिनेश साव, सुरेश यादव, पवन पंडित समेत कई ऑटो चालक मौजूद थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शिक्षा स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की समीक्षात्मक बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय स्टेयरिंग -सह- मोनिटरिंग कमिटी की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत नामांकित छात्रों के विरूद्ध औसत आच्छादन, चावल का उठाव की स्थिति, कुकिंग कॉस्ट की स्थिति, पूरक पोषाहार, रागी हलवा लड्डू, विद्यालय में किचन -सह- स्टोर मरम्मती एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने चावल के उठाव का स्कूल स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। कोलेबिरा प्रखंड के कुल -09 संकुल में कुल -126 विद्यालय में रागी के आटा की आपूर्ति हेतु प्रति किलोग्राम दर निर्धारित करते हुए सुगमतापूर्वकगाी आटा उपलब्ध करने का निर्देश दिया।मौके पर सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री विनोद कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में रिक्त शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के रिक्त पद पर चयन के लिए चयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के रिक्त पद पर चयन हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने आवेदक द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किए जाने की स्थिति में दावा आपत्ति हेतु सूचना प्रकाशन करने की बात कहीं तथा आवेदकों के चयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्णय लेने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, समग्र शिक्षा अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### डोभा में डूबने से 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धावठाडामर गांव में डोभा में डूबने से 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई मामला मंगलवार देर शाम की है। मृत बच्चों की पहचान गांव के डमरुधर सिंह के 3 वर्ष के पुत्र भानु प्रताप सिंह के रूप में हुई। जानकारी देते हुए पिता ने बताया कि वह खेत में सब्जी में पानी पटाने के लिए डोभा बनाया था और खेत में ही काम कर रहा था इसी दौरान उसका 3 वर्ष से बच्चा खेलते खेलते डोभा में जा गिरा काम के बीच नजर नहीं गई, जब आसपास नहीं दिखता खोजबीन किया गया तो डोभा में उसे डूबा हुआ पाया गया, बाद में से तुरंत इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।वहीं परिजन उसे अंतिम संस्कार के लिए अपने घर ले गए और दफनाने के लिए खड्डा खोद लिया था मामले की जानकारी तुरंत थाना प्रभारी को हुई ,जहाँ पर थाना प्रभारी अजीत प्रकाश के प्रयास पर समझाने बुझाने के बाद मासूम बच्चों के शव को पुलिस अपने कब्जे में लिया और बुधवार को सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में पोस्टमार्टम करने के पश्चात बच्चे के शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद बच्चे की मां का रो रो कर बुरा हाल है।

### प्रथम हॉकी सिमडेगा महिला जूनियर चैंपियनशिप 2023 का हुआ समापन




**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से 26 से 31 जनवरी तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित प्रथम हॉकी सिमडेगा महिला जूनियर चैंपियनशिप 2023 का बुधवार को फाइनल मैच और तीसरे एवम चौथे स्थान के लिए मैच खेले गए। फाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और एसटीसी लचरा गढ़ के बीच खेला गया। जिसमें एसटीसी सिमडेगा 3-0 गोल से विजय हासिल की। इस मैच में एसटीसी सिमडेगा की ओर रेजिना तिर्की, संदीपा कुमारी और रीना कुल्लू ने एक एक गोल की जबकि लचड़ागढ की और से पुसपा मांझी और बेरटीला केरकेट्टा ने एक एक गोल किए। इससे पूर्व तीसरे और चौथे स्थान के लिए ग्रास रूट सिनी जलडेगा और आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी के बीच खेला गया जिसमें ग्रास रूट सिनी की टीम 2-1जीत हासिल की इस मैच में ग्रासरूट सिनी जलडेगा की सुरधा कुमारी ने 02 गोल की जबकि करगागुड़ी की अनुजा सोरेंग ने एक गोल की और इस मैच में करगागुड़ी की संजना डुंगडुंग ऐमयरिंग प्लेयर ऑफ द मैच चयनित की गई। जिन्हें भी हॉकी स्टिक देकर सम्मानित किया गया।सेमीफाइनल मैच में ग्रास रूट सिनी की ब्यूटी कोंगाडी और आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी की अर्चना मिंज कोऐमयरिंग प्लेयर ऑफ द मैच चयनित की गई थी जिन्हें भी हॉकी स्टिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों में 252 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनका नोक आउट आधार पर कुल 14 मैच खेले गए।प्रत्येक मैच में एक खिलाड़ी को ऐमयरिंग प्लेयर ऑफ द मैच के रूप में चयनित कर हॉकी स्टिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,सुनील तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा,प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, दिव्या डुंगडुंग, कुनूल भेंगरा,राहुल मिंज, रोहित बेसरा, सुजीत एक्का, प्रतिमा बरवा,तारिणी कुमारी, सुभिला मिंज, रेणुका सोरेंग,बिमला सोरेंग,मरियम सोरेंग, एंटोनिया सोरेंग, अनस्तासिया मैडम, आशा बा,पौलूस किड़ो,सूरज केरकेट्टा, जागेश्वर मांझी इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।

### ठेठईटांगर कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक बेंजामिन मार्कोस तिर्की को दी गई विदाई

**ठेठईटांगर।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक श्री बेंजामिन मार्कोस तिर्की आज सेवानिवृत्ति प्रखंड कार्यालय से हो गई. इन्होंने अपनी सेवा जनवरी 1990 से आरंभ की।उनके विदाई समारोह में प्रखंड एवं अंचल के कार्यालय कर्मी अंचल अधिकारी कमलेश उरांव,प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, अनुसेवक बेंजामिन मार्कोस तिर्की के परिवारजन, पंचायत सचिव जीत वाहन मांझी, कृष्णा सिंह,रंजन कुमार, सुनील कुमार जनसेवक अनुसेवक आदि मौजूद थे।

### झारखंड में निर्वाचित सरकार को गिराने की साजिश का होगा विरोध : सीपीएम

**कोडरमा।** सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा है कि णरखंड में निर्वाचित सरकार को गिराने की साजिश का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जहां-जहां विपक्षी पार्टियों की सरकार है और वैसी राज्य सरकार जो केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के विभाजनकारी एजेंडे का विरोध करती है उसे गिराने के लिए केंद्र की मोदी सरकार हर तरह के हथकंडे अपना रही है। इसके लिए उसने सरकार के सभी एजेंसियों को इस काम में लगाकर विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने का टास्क दे दिया है। इस काम में केंद्र सरकार अपने कथित महामहिम राज्यपालों का भी असंवैधानिक इस्तेमाल कर रही है। केरल इसका ताजा उदाहरण है, जहां के राज्यपाल अपनी सुरक्षा का हवाला देकर सीआरपीएफ बुलाने, स्ट्रीट में धरने पर बैठ जाने की नौटंकी कर रहे हैं।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर मृतका के पति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

### परिवार के सदस्यों पर है हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के हीरोडीह थानाक्षेत्र के पंचडीहा में विगत 26 दिसंबर को पिंकी देवी नामक महिला की हत्या मामले में आज माले नेता सह पूर्व मुखिया भिखारी यादव की अगुवाई में मृतका के परिजनों ने एसपी के नाम एक आवेदन देकर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

परिजनों का आवेदन लेकर माले नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने एसपी से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने माले नेताओं को संबंधित थाने को निर्देशित कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस घटना की बाबत मृतका के पति पवन यादव तथा उसके पिता सज्जन यादव ने बताया कि, पिंकी देवी को उसके ही तीन देवर, रीतलाल यादव, छोटू यादव तथा पप्पू यादव के अलावा सास-ससुर एवं 3 अन्य महिलाओं ने मिल-जुलकर साजिश करके गला दबाकर हत्या कर दी है। उन्होंने एसपी को दिए आवेदन में सभी हत्यारोपियों पर पिंकी देवी को लगातार प्रताड़ित करने तथा अंत में इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। आवेदन में केस उठाने को लेकर हत्यारोपियों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही है। ऐसे में अगर उन पर कार्रवाई नहीं हुई तो उनके साथ भी कुछ अनहोनी हो सकती है। इधर माले नेताओं ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# चार अंतरराज्यीय साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पुलिस अधीक्षक को साइबर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर उपाधीक्षक साइबर संदीप कुमार नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस और निरीक्षक गौरव कुमार, सरवन कुमार साहू, संजय मुखिया योगेंद्र, कुमार साकेत वर्मा, सौरव सुमन, आशुतोष रंजन के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था एवं दो अभियुक्त को नवजात बताया गया था। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड अभियुक्त अजय मंडल एवं रामशरण राय पर लगातार दबीश लगाते हुए मंगलवार को नवगछिया, भागलपुर बिहार से दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इन अपराधियों के पास से बरामद किए गए सामान 6 मोबाइल, 14 सिम, 5 एटीएम कार्ड, 2 बोरवेल गाड़ी, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, अभियुक्तों ने अपने स्वीकार बयान में बताया कि इनके द्वारा एसबीआई का फर्जी लिंक भेज कर लोगों के साथ ठगी किया जा रहा था। साइबर ठगी करने हेतु बैंक आर्मी बंद कर लोगों को झांसी में लेकर ओटीपी पासवर्ड प्राप्त कर उनसे पैसे ठगी करते थे।

**अपराधी जियो से अर्जित की गई संपत्ति :** दो अशोक लीलैंड कंपनी का बोरवेल लगभग एक करोड़ जिसका गाड़ी का संख्या जेएच10बीपी6213 दूसरी गाड़ी की संख्या जेएच10बीजेड जामताड़ा जिले में 16 डिसमिल जमीन देवघर जिले में 1700 स्क्वायर फीट जमीन, धनबाद के गोविंदपुर में चार कट्ठा जमीन, इसकी कीमत लगभग 2 करोड़ का है। तीन मंजिला मकान, टाटा कंपनी का तेल ट्रक, 12 चक्का महिंद्रा एक्सयूवी जप्त किया गया। इन अपराधियों के खिलाफ पहले से अलग-अलग थानों में केस दर्ज है।

दुमका जिले के कथीकुंड थाना कांड संख्या 72/16 नक्सल केस में गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या 09/18 धनबाद साइबर थाना कांड संख्या 50/20 गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या 07/24 में भी दर्ज है।

## कतरास में करंट लगने से एक मजदूर की मौत, तीन जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। कतरास** कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद पांच नंबर में स्थानीय निवासी सत्यनारायण साव के घर का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को रॉड बांधने के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आने से कटहल धौड़ा निवासी मजदूर राजेश भुइयां (35 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य मजदूर जख्मी हो गए। कतरास थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी। बताया गया कि छाताबाद पांच नंबर में सत्यनारायण साव के घर की दीवार के ऊपर रेलिंग बीम के लिए मजदूर रॉड बांधने का काम कर रहे थे। आवास के ऊपर से गुजरे बिजली तार में लोहे की रॉड सट गई। रॉड में बिजली का करंट प्रवाहित होने से काम कर रहे चार मजदूरों को करंट का झटका लगा और सभी गिर गये। इसके बाद मजदूर राजेश भुइयां गंभीर स्थिति में निचितपुर अस्पताल ले जाया गया। उसकी स्थिति चिंताजनक देख डॉक्टर ने उसे एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन एसएनएमएमसीएच पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## होटल संचालक को मारपीट कर किया जख्मी



**धनबाद।** धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी रोड स्थित मां लक्ष्मी होटल के संचालक ओमप्रकाश चौधरी पर बुधवार की शाम 5 से 7 की संख्या में आए बदमाशों ने मारपीट की। होटल में रखे सामान को फेंक दिया। होटल संचालक के दो बेटों के साथ भी मारपीट की और उनका फोन तोड़ दिए। हमले के बाद सभी युवक चांदमारी की ओर भाग गए। होटल संचालक ने 100 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जोड़ा फाटक में रहने वाले ओमप्रकाश चौधरी विगत कई वर्षों से चांदमारी रोड में होटल चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि शाम में वह होटल में ग्राहकों के लिए खाना बना रहे थे। इसी दौरान 5 से 7 की संख्या में बदमाश आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## प्रज्ञा केंद्र संचालित यूनियन जिला इकाई गिरिडीह का बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालित यूनियन जिला इकाई गिरिडीह की एक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम खंडोली में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शुभंकर कुमार के द्वारा किया गया जबकि संचालन प्रदेश के सह संरक्षक परवीन चरणपहाड़ी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामशेखर यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विकास बरनवाल उपस्थित थे।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गिरिडीह जिले में ई पंचायत प्रोजेक्ट को लेकर पुराने एवं समर्पित होकर कार्य करने वाले के स्थान में किसी अन्य नई संचालक को शिफ्ट किया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है। अगर इसमें मनमानी किया जाता है तो पूरे जिले भर में प्रज्ञा केंद्र के संचालक पंचायत से लेकर जिले तक उग्र आंदोलन करेंगे। प्रत्येक उपाध्यक्ष ने कहा कि आई पंचायत में जितने भी कार्य हैं। वह जल्द से जल्द पंचायत में चालू हों वो जल्द ही प्रदेश प्रतिनिधि सरकार से मिलकर बात करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ई-पंचायत प्रोजेक्ट में जिले भर में किसी भी प्रकार की मनमानी नहीं चलने देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव हिमांशु लोहानी, संयुक्त सचिव मोहम्मद कुर्बान आलम, संगठन प्रभारी नवल किशोर दास, संरक्षक मनोज कुमार महतो, उपाध्यक्ष सोनल कुमारी, मीडिया प्रभारी इरफान आलम शबा अंसारी, कोष अध्यक्ष कृष्ण कुमार, अरुण पटेल, शशि भूषण तूरी, सुरेश वर्मा सुमित, कुमार संजय कुमार, इब्राहिम अंसारी, गुलशन कुमार, रूपलाल मंडल, रंजीत कुमार वर्मा, अभिषेक पांडेय अल्ताफ आलम, अशोक दास, आनंद शर्मा, कैलाश दास, मनोज वर्मा, नंदलाल साहू, रोहित जिले भर के प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही देख बिफरे सरिया प्रमुख

### वेंडरों के द्वारा शिक्षकों पर दबाव देकर शोषण करना जुर्म, विभाग संज्ञान लें : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बुधवार को सरिया सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र के कोरिडीह पंचायत अंतर्गत आने वाले तीन आंगनबाड़ी व उत्क्रमित मध्य विद्यालयों का निरक्षण की। जहां शिक्षकों से बात कर विद्यालयों के साफ-सुथरा रखने तथा विद्यार्थियों के प्रति सजग होकर पढ़ाई करवाने की बात कही। इस दौरान कारिपहरी में आंगनबाड़ी केंद्र बन्द पाया जिसके बाद प्रमुख प्रीति कुमारी ने सबंधित विभाग के पदाधिकारी से सम्पर्क कर बन्द रखने का कारण पूछा हैं।

प्रीति ने बताया कि शिक्षकों का जो कर्म भूमि हैं। वहां पर इस प्रकार की लापरवाही विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ हैं जिसे कतई बर्दास्त नही की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि निरक्षण के दौरान ये भी पता चला हैं कि वेंडरों के द्वारा शिक्षकों पर दबाव बनाकर जो जरूरत का समान नही होता हैं उसे लेने का मजबूर किया जाता हैं।

विद्यार्थियों को डबल ड्रेस नही मिला हैं इस कड़ाके ठंड में बच्चे बिना जूते के स्कूल आते हैं जिससे साफ जाहिर होता हैं कि विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रही हैं जिसे बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नही हैं। उन्होंने कहा कि वेंडर सहित ऑपरेटर एवम विभाग की मिलकर बच्चों के भविष्य को गर्त में डालने का साजिश रच रहा हैं। जो शोभनीय नहीं है। इस खेल में जो भी शामिल हैं, उसका पदार्फाश करें। जिसे लेकर आज विभाग को सूचना दिया गया और सिस्टम में बदलाव लाकर बच्चों के बेहतर पठन-पाठन कराने की बात की गई है।

## अनुचित पोस्ट के लिए सोनारी गुरुद्वारा प्रधान को करना पड़ा विरोध का सामना

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) ने सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान तारा सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर अनुचित पोस्ट डाले जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। उनके द्वारा दुष्प्रचार किये जाने पर जवाब मांगा है। बुधवार को प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तारा सिंह द्वारा अनुचित पोस्ट किए जाने पर उनसे मिलकर इस कृत्य के लिए कड़ा विरोध जताया। सरदार भगवान सिंह ने विरोध स्वरुप तारा सिंह से पूछा कि ऐसी क्या विकट परिस्थिति आ गयी थी कि वे यह आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने को मजबूर हो गए। भगवान सिंह ने कहा कि वे सीजीपीसी को पत्र लिख या स्वयं कार्यालय आकर नगर कीर्तन का हिसाब पूछ सकते थे। केवल उनको ही नहीं बल्कि गुरुप्यारी साध संगत को पूरा अधिकार है कि वे आय-व्यय का हिसाब सीजीपीसी से पूछ सकते हैं। परन्तु उसका भी एक संवैधानिक तरीका होता है। किन्तु सोशल मीडिया के जरिये दुष्प्रचार कर हिसाब-किताब की बात करना एक ओछी बात है।

सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह ने भी तारा सिंह को समझाया कि अपनी बात रखने के लिए वे सीधे तौर पर सीजीपीसी प्रमुख से बात कर सकते थे। परन्तु लोकप्रियता पाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाना सही नहीं है। महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, सुखविंदर सिंह राजू, कुलदीप सिंह शेरगिल, गुरनाम सिंह बेदी, सुखदेव सिंह बिट्ठ, ज्ञानी कुलदीप सिंह, अमरजीत सिंह भामरा, जसवंत सिंह, गुरदयाल सिंह ने भी विरोध में तारा सिंह से कहा वे कौम को हाशिये पर न लायें। सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तारा सिंह ने पोस्ट डाले जाने पर अपनी गलती का अहसास करते हुए अनजाने में भूल बताकर खुद को क्षमापार्थी बताया। गौरतलब है कि सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तारा सिंह ने सोशल मीडिया पर सीजीपीसी को लेकर एक अनुचित पोस्ट किया था जिसके फलस्वरूप सीजीपीसी ने विरोधभाव अख्तियार करते हुए तारा सिंह से जवाब तलब किया था।

## महादेव दूबे के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी नेताओं ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के द्वारा झारखंड के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष की सूची जारी की गई। जिसमें गिरिडीह के जिलाध्यक्ष महादेव दूबे को दूसरी बार जिले कमान दिया गया। विवादो के बीच सुखियों में रहने के बाद भी दूसरी बार गिरिडीह जिला का कमान मिलने से जहां जिला अध्यक्ष महादेव दूबे का उत्साह देखने लायक है। वहीं उनके पक्षधर रहे पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह है। इसी क्रम में बुधवार को जिला अध्यक्ष महादेव दुबे को पार्टी नेताओं ने दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर अभिनंदन करते हुए बधाई दी। इस दौरान भाजपा नेत्री सह पूर्व नप अध्यक्ष पूनम प्रकाश, संजू देवी, पूर्व डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीत सिंह पप्पू, विवेश जालान समेत कई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर अभिनंद किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि श्री दूबे का पिछला कार्यकाल जिला अध्यक्ष के रूप में काफी बेहतर रहा।

## कारखाना का वेस्ट मेटेरियल बिना फिल्टर किये उसरी नदी में गिरने नहीं दिया जायेगा : राजेश सिन्हा

### उसरी नदी का अतिक्रमण नहीं करने देंगे : मिथुन चंद्रवंशी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बुधवार को शीतलपुर के दर्जनों युवा, उसरी बचाव अभियान के संयोजक में से एक राजेश सिन्हा, युवा नेता मिथुन चंद्रवंशी और उमेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्मिथ थर्मा कारखाना के सामने इकट्ठा हुए दोनों के नेतृत्व में दर्जनों युवा ने कारखाने के अगल बगल निरीक्षण किया तो पाया कि कारखाने का जहरीला पानी पाईप के जरिए डायरेक्ट उसरी नदी में लगातार डाला जा रहा है। मुहल्ले वाले ने जब मना किया तो उसकी बात नहीं मानी गई। टीम ने साथ ही साथ देखा कि बगल में जो मंदिर बना है। उसके आस-पास जमीन और कारखाने के बगल वाले में उसरी नदी से सटे जमीन का भी अतिक्रमण किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि पहला तो जहरीला कारखाना का पानी उसरी नदी में बिना फिल्टर डालना बंद करे। वही दूसरी मांग है कि अतिक्रमण करना बंद करें। तीसरी प्रदूषण आस-पास को जल्द सुधार करें, चौथी आस पास पेड़ लगाया जाये, सीएसआर का जो नियम है किया जाये।

सिन्हा ने कहा कि उसरी बचाव अभियान की संयोजक की टीम के सदस्य और कोर कमिटी के सदस्य के साथ जल्द उसरी बचाव अभियान के सलाहकार टीम और मेंबर जल्द शीतलपुर घाट का भ्रमण करेंगे।

युवा नेता मिथुन और उमेश ने कहा की जनांदोलन करने की जरूरत पड़ेगी तो करेंगे सभी मोहल्ला साथ है। पियूष सिन्हा, सोनू कुमार, राजा कुमार, सुरेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार, सुबोध कुमार, गोलू बर्मन, टिंकू कुमार, कुंदन कुमार, सागर कुमार, आस्तिक कुमार, रमेश कुमार, सन्नी कुमार, छोटू कुमार, अभय कुमार, पांचू कुमार, अजय रजक, अजय रजक, गोपाल शर्मा, बिक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्त पूर्व प्रभारी सीडीपीओ सह वरीय एलएस पूनम जायसवाल को दी गई विदाई



**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुई पूर्व प्रभारी सीडीपीओ सह वरीय एलएस पूनम जायसवाल को विदाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाबीर कुशवाहा एवं संचालन उर्मिला राणा ने किया।इस दौरान सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ शशिभूषण वर्मा पुर्व प्रमुख यशोदा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।प्रभारी सीडीपीओ ने कहा कि नौकरीपेशा में सेवानिवृत्ति प्रक्रिया का हिस्सा है जिससे सभी को गुजरना होता है।वहीं सेवानिवृत्त एलएस ने कहा कि जो भी समय यहां बिताया वह बहुत ही यादगार रहेगा।इस दौरान सेवानिवृत्त एलएस को उपहार देकर विदाई दी गई।कार्यक्रम में सीमा बाला,सुचीता सेरेना,मनोरमा कुमारी,सीता कुमारी बसन्ती देवी,हिरामन महंतों,संजू देवी रेखा देवी कम्प्यूटर आपरेटर तसलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मनीष कुमार ने लिया तिसरी बीडीओ का पदभार



**गिरिडीह।** लगभग साढ़े तीन माह के बाद तिसरी को एक स्थायी प्रखंड विकास पदाधिकारी मिला है। बुधवार को तिसरी में मनीष कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार ले लिया है। इसके पूर्व ही उन्होंने प्रखंड व अंचल कर्मियों से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने कागजी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर तिसरी के निवर्तमान प्रभारी बीडीओ विनोद कुमार सिंह से प्रभार लिया। मौके पर उपस्थित निवर्तमान प्रभारी बीडीओ विनोद कुमार सिंह और प्रखंड व अंचल कर्मियों ने नए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार का बुके देकर स्वागत किया।मौके पर सुनील पंडा, रामनरेश चौधरी, मिथिलेश कुमार, मुस्ताक समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**साढ़े तीन माह में तीन पदाधिकारियों को मिला तिसरी का प्रभार :** विदित हो कि तिसरी के निवर्तमान बीडीओ संतोष प्रजापति के स्थानांतरण के बाद लगभग साढ़े तीन माह से भी अधिक का समय यह पद और इसका कामकाज प्रभार में ही चला है। इस दौरान तीन पदाधिकारी को तिसरी के बीडीओ, सीओ और सीडीपीओ का प्रभार मिल चूका है। अस्थाई बीडीओ होने से प्रखंड में विकास कार्य कहीं न कहीं प्रभावित होता रहा है। अब स्थायी बीडीओ के मिलने से प्रखंड में विकास कार्यों के फिर से पटरी पर लौटने की उम्मीद है। कांग्रेस नेता करण यादव के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी का पुष्प देकर स्वागत किया गया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशीर आलम प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी गंगाराम टुडू प्रदीप यादव रामेश्वर चौधरी जमुना यादव मौजूद थे।

### पूर्व क्रिकेट कोच दुलाल दा की तबीयत बिगड़ी, पूर्व क्रिकेटर ने किया रक्तदान




**गिरिडीह।** गिरिडीह के पूर्व क्रिकेटर एवं कोच दिलीप रंजन चौधरी (दुलाल चौधरी) के हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाने पर गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कर इन्हें रक्त चढ़ाया जा रहा है। गिरिडीह के ही पूर्व खिलाड़ी राजेश सिंह ने इनके लिए रक्तदान किया। साथ ही अस्पताल में गिरिडीह के कई पुराने खिलाड़ी एवं गणमान्य लोग इनका हालचाल जानने पहुँचे। मौके पर गिरिडीह के पूर्व क्रिकेटर सह माले नेता राजेश सिन्हा,समाजसेवी रमेश यादव ने बढ़चढ़ कर साथ दिया भी इनका हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। इधर पूर्व क्रिकेटर बापी दा को दुलाल दा के छोटे भाई थे उनका भी एक दिन पहले अंतिम संस्कार किया गया,सभी प्लेयर ने बापी दा को श्रद्धांजलि दी है,वही दुलाल दा का जल्द स्वस्थ अच्छा हो इसका कामना करते हैं।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिसरी में शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न



**गिरिडीह।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिसरी में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के अध्यक्ष किशोरी साव, प्रधानाध्यापिका शमीर्ला कुमारी के अलावे बच्चे व उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। बैठक में अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति ने बच्चों के पठन-पाठन, स्वच्छता व नियमित विद्यालय भेजने जैसे मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा की। वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं का तालियों से अभिनंदन किया गया। साथ ही विद्यालय के बेहतर संचालन हेतु अभिभावकों का सुझाव भी माँगा गया। अध्यक्ष किशोरी साव ने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश का संपूर्ण विकास संभव है। यह बच्चे देश के भविष्य हैं, एक बेहतर शिक्षा ही इनके उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकती है। इसके अलावे खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत भाला फेंक में प्रखंड में पहला और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र मोनू कुमार को अध्यक्ष किशोरी साव और सचिव शर्मिला कुमारी ने प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया।

### शहर के बीपीसीएल आउटलेटों में निःशुल्क नाइट्रोजन का शुभारंभ



**जमशेदपुर।** भारत पेट्रोलियम के द्वारा शहर के सभी बीपीसीएल आउटलेटों के पेट्रोल पम्प में फ्री नाइट्रोजन की सुविधा ग्राहकों कों उपलब्ध करवाने का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ देबाशीष नायक (प्रमुख खुदरा पूर्वी क्षेत्र) ने बुधवार को कदमा स्थित भारत पेट्रोलियम पम्प में हरी झंडी दिखाकर एवं गुब्बारा उड़ा कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के सभी भारत पेट्रोलियम के पम्प में निःशुल्क नाइट्रोजन एयर उपलब्ध होगा। उद्घाटन समारोह मे भारत पेट्रोलियम द्वारा पम्प में पेट्रोल लेने पर ग्राहकों कों दिये गए लकी ड्रा के कूपनों की लॉटरी भी करवाई गई। जिसमें विजेताओं के नाम भी घोषित किये गए। साथ ही कई ग्राहकों कों यहां पुरस्कृत भी किया गया।


# सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती के अवसर इसे सहज सुलभ और जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता बनाने पर पहल हो। आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक जटिलताओं में उलझी रही है। न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की प्राचीन पद्धति और बुनियादी ढाँचा में कमी जैसे कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है। 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिस ओर प्रधानमंत्री ने ध्यान दिलाया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की मांग भी की जा रही है, लेकिन फिर भी इस ऐतिहासिक पहलको कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे। अनेक कानूनविद् यहां उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक 28 जनवरी, 1950 को हुई थी, देश की न्याय प्रणाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित होती है। इसी बात का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि न्याय की पहुंच इस देश के हर कोने एवं हर नागरिक तक पहुंचे। इसी सोच के साथ ई-कोर्ट के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। पिछले साल केंद्रीय बजट में, सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी- जो कि 1,670 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन से चार गुना अधिक है। मोदी सरकार भारत की न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये हरसंभव सहयोग दे रही है। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने में तत्पर है। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालतें कल के भारत को और मजबूत करेगी।

**75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिस ओर प्रधानमंत्री ने ध्यान दिलाया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की मांग भी की जा रही है, लेकिन फिर भी इस ऐतिहासिक पहलको कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे।**

इन दिनों

# किताब ही व्यक्तित्व को निखारने में सक्षम



पंचम कुमार



***दोस्तों*** के बिना जिंदगी जीना आसान नहीं है लेकिन जब किताबों की बात आती है, तो वे हमारी सबसे अच्छी दोस्त हो सकती हैं। अच्छी किताबें एक अच्छे दोस्त की तरह हमारे दिमाग को अच्छे विचारों और ज्ञान से समृद्ध करती हैं। हम किताबों की संगति में अकेले महसूस नहीं कर सकते। एक अच्छी किताब पढ़कर हम कई अच्छी बातें सीख सकते हैं। प्रसिद्ध और अनुभवी लोगों द्वारा लिखी गई किताबें हमें बेहतर इंसान बनने में मदद करती हैं और हमें यह भी सिखाती हैं कि सर्वोत्तम संभव तरीके से समाज की सेवा कैसे करें। जब हम अकेले होते हैं, तो हम हमेशा एक किताब उठा सकते हैं और आराम महसूस करने के लिए पढ़ना शुरू कर सकते हैं। किताबें हमें जीवन में महान काम करने और हमारी असफलताओं से उबरने के लिए प्रेरित करती हैं। किताबें अच्छी या बुरी हो सकती हैं, लेकिन उनका चयन सोच-समझकर करना हमारी जिम्मेदारी है। अच्छी किताबों से दोस्ती आपको एक अच्छा इंसान बनाती है और बुरी किताबों से दोस्ती आपको एक बुरा इंसान बना सकती है। आपके बुरे वक्त में किताबें हमेशा आपके साथ रहेंगी। किताबें हमें सपने देखना सिखाती हैं। किताबें हमारे जीवन में सकारात्मक मूल्य लाती हैं। हम अपने सबसे अच्छे मित्र के रूप में अच्छी किताबों से बहुत से गुण सीख सकते हैं स्मार्ट होना, बहादुर बनना, साहस के साथ समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार होना, कभी हार न मानने वाली नसीहत, दयालु बनना, दूसरों के प्रति सकारात्मक भावनाएं दिखाना, विनम्र बनना, किसी का अपमान न करना, हमेशा दूसरों के लिए आभारी रहना, दूसरों की मदद करना, सकारात्मक सोच विकसित करना, अच्छे नैतिक मूल्य को सम्मान करना इत्यादि। किताबें हर छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, उन्हें कल्पना की दुनिया से परिचित कराती हैं, बाहरी दुनिया का ज्ञान प्रदान करती हैं, उनके पढ़ने, लिखने और बोलने के कौशल में सुधार करती हैं और साथ ही स्मृति और बुद्धि को बढ़ाती हैं। हमारे जीवन में किताबों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता क्योंकि वे न केवल हमारे क्षितिज को व्यापक बनाने में मदद करती हैं बल्कि हमें हमारे आसपास की दुनिया से जोड़ने के द्वार के रूप में भी काम करती हैं। किताबें ज्ञान से भरी होती हैं, वे आपको जीवन की सीख देती हैं, और वे आपको कठिनाइयों, प्रेम, भय और हर छोटी-छोटी चीज के बारे में सिखाती हैं जो जीवन का हिस्सा है। किताबें यहां सदियों से मौजूद हैं और इनमें हमारे अतीत, सभ्यताओं और संस्कृतियों का ज्ञान होता है। पुस्तक पढ़ने का महत्व उन तरीकों से प्रतिबिंबित हो सकता है जिनसे यह हमारे आत्म-विकास और समग्र विकास को पूरा करता है। किताबें आपकी कल्पना को रोशन करती हैं। किताबें आपको अपने आस-पास की दुनिया के बारे में अपना अनूठा दृष्टिकोण बनाने में मदद करती हैं। किताबें आत्मविश्वास पैदा करती हैं। किताबें आपको मानसिक और भावनात्मक रूप से बढ़ने में मदद करती हैं। किताबें आपकी शब्दावली को बढ़ाती हैं। किताबें आपको नई भाषाएँ सीखने में मदद करती हैं। किताबें आप में विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करती हैं। किताबें उपचारात्मक होती हैं और अद्भुत वैराग्य प्रदान करती हैं। किताबें महत्वपूर्ण जीवन सबक प्रदान करती हैं। किताबें आपकी प्रतिभा को निखारती हैं। किताबें विद्यार्थियों को बुद्धिमान बनाती हैं। किताबें याददाश्त बढ़ाती हैं। किताबें विद्यार्थियों का तनाव दूर करती हैं। किताबें आपके लेखन कौशल को बेहतर बनाती हैं। किताबें हमें चीजों और दृष्टिकोणों से परिचित कराती हैं। किताबें आत्म-सुधार में मदद करती हैं। किताबें पढ़ने से आपके संचार कौशल में सुधार होता है। किताबें इतिहास दर्ज करती हैं और जागरूकता फैलाती हैं। किताब जितना वफादार कोई दोस्त नहीं है। किताबें हमारी साथी मित्र की तरह हैं। जिनकी कोई माँग या शिकायत नहीं होती। वे हमारे ज्ञान, बुद्धिमत्ता और जानकारी में सुधार करते हैं, जिससे हमें जीवन में सही निर्णय लेने में मदद मिलती है। अंत में जिसने किताब को अपना दोस्त बनाया गूगल उसे दोस्त बनाता है। और किताब पढ़ने के बाद जो सफलता मिलेगी उसके बाद लोग उन्हें गूगल में सर्च करेंगे।

**पुस्तकों के प्रकार**

किताबें मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं, एक काल्पनिक और दूसरी गैर-काल्पनिक। काल्पनिक किताबें पूरी तरह से लेखक की कल्पना पर आधारित होती हैं, वहीं दूसरी ओर, गैर-काल्पनिक किताबें किसी विशेष व्यक्ति, कहानी, समाचार या जानकारी के बारे में होती हैं। अलग-अलग आयु वर्ग के लोग धार्मिक, हास्यप्रद, काल्पनिक और शिक्षाप्रद जैसी अलग-अलग तरह की किताबें पसंद करते हैं। कॉर्पोरेट जगत आम तौर पर व्यावसायिक पत्रिकाओं और पत्रिकाओं को प्राथमिकता देता है। उपश्रेणी के अंतर्गत पुस्तकें शैक्षिक और मार्गदर्शक, कुंडली और वैज्ञानिक, लेख और निबंध और भी बहुत कुछ। आमतौर पर किताबों में लोकप्रियता आयु वर्ग और लोगों की मानसिकता पर निर्भर करती है। छात्र शैक्षिक और व्यावसायिक किताबें पसंद करते हैं, बच्चे ज्यादातर कहानियों और काल्पनिक किताबें पसंद करते हैं, जबकि परिपक्व लोग साहित्य और उपन्यास संबंधी किताबें पसंद करते हैं। विद्यार्थियों से अपील है कि अश्लीलता परोसती सोशल मीडिया के बजाय किताबों को दें अपना कीमती समय।

**लेखक पंचम कुमार, युवा शिक्षाविद हैं**

**प्रसिद्ध और अनुभवी लोगों द्वारा लिखी गई किताबें हमें बेहतर इंसान बनने में मदद करती हैं और हमें यह भी सिखाती हैं कि सर्वोत्तम संभव तरीके से समाज की सेवा कैसे करें। जब हम अकेले होते हैं, तो हम हमेशा एक किताब उठा सकते हैं और आराम महसूस करने के लिए पढ़ना शुरू कर सकते हैं। किताबें हमें जीवन में महान काम करने और हमारी असफलताओं से उबरने के लिए प्रेरित करती हैं। किताबें अच्छी या बुरी हो सकती हैं, लेकिन उनका चयन सोच-समझकर करना हमारी जिम्मेदारी है।**

## आपकी बात

### आंखे खोलने वाला लेख प्रथम पृष्ठ पर



देवेश कु.घोष

कोचिंग के लिए प्रसिद्ध एक शहर में मासूम बच्चों के आत्महत्या की खबर कहीं न कहीं अभिभावकों के प्रति रोष पैदा करता है । समय आ गया है जब अभिभावकों को कौंसेलिंग की आवश्यकता है । विद्यालयों में सप्ताह के छः दिनों के पाठन पाठन में एक दिन अभिभावकों की कक्षा आयोजित कर उन्हें सावधान किया जाना चाहिए कि अपनी महत्वाकांक्षा बच्चों पर न डालें । इन दिनों माता-पिता ही बच्चों का कैरियर चुन रहे हैं । अपनी इच्छा का बोझ बच्चों की क्षमता या रुचि को नजरंदाज कर उन पर लाद देते हैं और वह माता पिता के सपनों को साकार करने में हाँफने लगता है । भले सारे असफल बच्चे आत्महत्या ही नहीं करते हैं, संभव है डिप्रेशन में जाकर जीते जी मर रहे हों । विद्यालय के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई की अद्यतन जानकारी, रुचि, कमियाँ, प्रगति की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनके भविष्य के कैरियर की आगामी पढ़ाई तय करें तो उचित होगा । कोई अभिभावक नहीं चाहते हैं कि उनका बच्चा असफल होकर आत्महत्या करना चुन ले, परंतु समस्या का विश्लेषण होना चाहिए । कुछ कैरियरों को माता पिता, अभिभावक बच्चों के सपनों के बजाए अपना सपना बना लेते हैं । बच्चों के जान बचाने के लिए अभिभावकों को सावधान होना जरूरी है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।)**

### बिजली की कटौती से परेशानी

गढ़वा जिले में करीब एक सप्ताह से शहरी व ग्रामीण इलाका में पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। उक्त कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ बढ़ती ठंड से लोग हलकान हैं तो दूसरी तरफ बिजली कटौती के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। शाम समय बिजली आपूर्ति नहीं होने से रूम हीटर के अलावा ठंड से राहत देने के लिए मौजूद अन्य उपकरण का लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बिजली कटौती से बिजली आधारित अन्य काम पर भी उसका असर पड़ रहा है। इधर विभागीय आकड़ों के अनुसार जिले को करीब 70 मेगावाट की जरूरत होती है। उसके अनुरूप जिले को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सुबह से लेकर शाम (पिक आवर) छोड़कर हर समय पर्याप्त मात्रा में जिले को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति हो रही है।

**- राकेश कुमार**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# खरगे का बयान और कांग्रेस की हताशा



आशीष वशिष्ठ


***कांग्रेस*** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 29 जनवरी को भुवनेश्वर में थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा- '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है। कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आये तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गये। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किये गये और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिये अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया।

**भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# दिल्ली की 'सुनहरी' पर बवाल क्यों?



अदिति सिंह

***भारत*** में विकास के कार्यों में कानूनी पेचीदगियां, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। वैसे भी विपक्ष और कुछ वर्ग विशेष के नुमाइंदों ने सरकार के प्रत्येक विकास के कार्य को सांप्रदायिक और सियासी मुद्दा बनाने की कुत्सित मानसिकता बना ली है। हाल ही में हमने नये संसद भवन के उद्घाटन, पवित्र सेंगोल और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रकरणों में कई कुतर्कों और दुर्भावनाओं के विष वमन को झेला है। यही संकीर्ण मानसिक प्रवृत्ति अन्य छोटे-बड़े विकास कार्यों को भी सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करती रहती है। दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है। इसके चारों तरफ दिन-रात ट्रैफिक चलता है। नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिये एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। जैसे ही ये विज्ञापन आया मानो कोई भूचाल आ गया हो। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुई। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाईं और निर्माण कार्य करवाये जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है।

**दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है।**

## बोधि वृक्ष

### प्रेम मंदिर वृन्दावन का इतिहास

प्रेम मन्दिर वृन्दावन का इतिहास, जानकारी
प्रेम मन्दिर उत्तर प्रदेश के मथुरा ज़िले की प्रसिद्ध नगरी वृंदावन में बना आधुनिक मन्दिर है। इसका निर्माण जगद्गुरु कृपालु महाराज द्वारा भगवान कृष्ण और राधा के मन्दिर के रूप में करवाया गया है। जिसका 17 फरवरी, 2012 को लोकार्पण हुआ। इसकी देखरेख एक अंतर्राष्ट्रीय निर्लाभ, साहित्यिक, चैरिटेबल ट्रस्ट जगद्गुरु कृपालु परिषद् करती है। उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी मथुरा को भगवान श्रीकृष्ण का ही एक रूप माना जाता हैं, क्योंकि इसी नगर में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। यहां का पूरा क्षेत्र कान्हा की भक्ति और कृपा से भरा हुआ है। जाति, वर्ण और देश का भेद मिटाकर पूरे विश्व में प्रेम की सर्वोच्च सत्ता कायम करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की दिव्य प्रेम लीलाओं की साक्षी वृंदावन नगरी में प्रेम मंदिर का निर्माण करवाया गया है।

**स्थापना :** लगभग 54 एकड़ में फैली प्रेम मन्दिर का निर्माण कृपालु जी महाराज ने करवाया। 14 जनवरी, 2001 को उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पहली ईंट रखकर प्रेम मंदिर का शिलान्यास किया था। उसी दिन से राजस्थान और उत्तर प्रदेश के करीब एक हजार शिल्पकार अपने हजारों श्रमिकों के साथ प्रेम मंदिर को गढ़ने में जुटे थे और 11 साल बाद यह साकार होकर सामने आया। इस मन्दिर के निर्माण में करीब 150 करोड़ रूपए की धनराशि का खर्च हुआ। कृपालु जी महाराज का कहना है कि जब तक विश्व में प्रेम की सत्ता सर्वोच्च स्थान हासिल नहीं करेगी, विश्व का आध्यात्मिक कल्याण सम्भव नहीं है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप से बुक होने वाली है बस टिकटें



कई यात्री इस तरह की समस्या से दो-चार होते रहे हैं। जाहिर तौर पर यह बेहद उपयोगी है। बता दें कि दिल्ली में 40 लाख से अधिक लोग बसों से यात्रा करते हैं और आने वाले कुछ सालों में यह संख्या 60 लाख तक पहुंच जाएगी। ऐसे में डिजिटल टिकटिंग प्रणाली नगदी में होने वाली हेर फेर को काफी हद तक कंट्रोल कर पाएगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा जानकारी दी गई है कि 15 जनवरी के आसपास इसका ट्रायल रन शुरू हो सकता है और उसके बाद एक दो महीने में यह पूरी तरह से सभी यात्रियों के लिए ओपन हो जाएगा। जानकारी के लिए आपको बता दें कि 7000 से अधिक सरकारी बसें दिल्ली में चलती है जिसमें 4000 तो खुद उ्र्र्र की अपनी बसे हैं। वहीं 3000 क्लस्टर बसें दिल्ली के यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती हैं। देखना दिलचस्प होगा कि व्हाट्सएप के साथ दिल्ली परिवहन निगम की यह साझेदारी लोगों को किस प्रकार का एक्सपीरियंस प्रोवाइड करती है।

**- विंध्यवासिनी सिंह**

**(समाप्त)**

**व्हाट्सएप ग्रुप चैट में आसानी से ढूंढें अपना मैसेज**

ग्रुप चैट में अक्सर धड़ल्ले से मैसेज आते रहते हैं और आपका मैसेज कहीं खो जाता है। ऐसे में लगातार स्क्रॉल करके आपको अपना मैसेज सर्च करना पड़ता है। अब इस समस्या को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप ने मैसेज को पिन करने का ऑप्शन दिया है, जिससे आप अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर पायेंगे। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चीनी जासूस होने के संदेह में पकड़ा गया था कबूतर, आठ महीने बाद मिली रिहाई

**एजेंसी। मुंबई**

चीनी जासूस होने के संदेह में आठ महीने पूर्व चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़े गए कबूतर को मंगलवार को रिहा कर दिया गया। कबूतर को मुंबई के एक पशु चिकित्सालय में रखा गया था। बुधवार को आरसीएफ पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि परेल के बाई सकरबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स ने सोमवार को कबूतर को छोड़ने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद पुलिस ने अनुमति दे दी और मंगलवार को कबूतर को रिहा कर दिया गया। कबूतर की मेडिकल कंडीशन ठीक है। उसपर से जासूसी का आरोप भी हटा दिया गया।



### ताइवान में खुले पानी में रेसिंग में हुआ था शामिल, उड़कर पहुंच गया भारत

**कबूतर के पंजे में बंधे थे दो छल्ले :** कबूतर को पिछले साल मई में आरसीएफ पुलिस ने उपनगरीय चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़ा था। कबूतर के पंजे में दो छल्ले बंधे थे, इनमें एक तांबे का और दूसरा एल्यूमीनियम का था। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में मैसेज लिखे थे।

**पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच, सामने आया सच :** इसके बाद आरसीएफ पुलिस ने केस दर्ज किया था, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कबूतर ताइवान में खुले पानी में रेसिंग में शामिल हुआ था। इस दौरान ये कबूतर उड़कर देश से बाहर आ गया और भारत में आ पहुंचा था।

## रोहतास के डेहरी शहर में तेंदुआ घर में घुसा

**पटना।** बिहार के रोहतास जिले के डेहरी शहर में मंगलवार की शाम उस समय दहशत फैल गई, जब जंगली इलाके से एक तेंदुआ वहां घुस आया। डेहरी के जगजीवन कॉलेज के पास लाला कॉलोनी में सेवानिवृत्त शिक्षिका शशिप्रभा के घर में तेंदुआ घुस गया। हालांकि, परिवार के सदस्यों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तेंदुए को एक कमरे में बंद करने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। डेहरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमने वन्यजीव विभाग को घटना के बारे में सूचित कर दिया है। बचाव अभियान जारी है। जब हमने इलाके में एक तेंदुए के घूमने के बारे में सुना। तो हम बाहर निकले तब तक तेंदुआ शशिप्रभा के घर में घुस चुका था।

## रघुराम राजन ने उद्धव ठाकरे से की मुलाकात सियासी हलचल तेज

मुंबई। अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार देर रात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से उनके घर पर मुलाकात की। इससे राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इस बैठक को 'शिष्टाचार भेंट' के रूप में वर्णित किया गया है। फिर भी तेज राजनीतिक अटकलों को हवा मिली। शिवसेना (यूबीटी) के नेता और अन्य महा विकास अघाड़ी के बड़े नेता इस बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। बांद्रा पूर्व में स्थित पारिवारिक घर 'मातोश्री' में उद्धव ठाकरे, पत्नी रश्मी, उनके बच्चों, युवा सेना प्रमुख और वर्ली विधायक आदित्य के अलावा पर्यावरणविद तेजस ने 60 वर्षीय रघुराम राजन का फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# 15 पीएफआई सदस्यों को मौत की सजा देने वाले जज की सुरक्षा बढ़ी

**एजेंसी। कोच्चि**

केरल की एक अदालत द्वारा 2021 में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के दोषी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 सदस्यों को मौत की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद न्यायाधीश की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को कोर्ट ने इस जघन्य अपराध के लिए सभी 15 आरोपियों को मौत की सजा सुनाई। यह फैसला भारत के न्यायिक इतिहास में बहुत दुर्लभ माना जा रहा है, क्योंकि एक ही मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है। फैसले के बाद जज सोशल मीडिया पर निशाने पर आ गईं और इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक अधिकारी के अधीन केरल पुलिस के पांच जवानों को कोर्ट के पास उनके आवास पर तैनात किया गया है।



बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव की हत्या के मामले में 31 आरोपी हैं और पहली चार्जशीट में आए 15 आरोपियों के लिए यह फैसला सुनाया गया। अलाप्पुझा बार एसोसिएशन में प्रैक्टिस करने वाले वकील रंजीत श्रीनिवासन 2021 में अलाप्पुझा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के उम्मीदवार थे। यह घटना 19 दिसंबर, 2021 को हुई, जब पीएफआई के सदस्यों ने अलाप्पुझा में उनके आवास में घुसकर उनकी पत्नी और मां की मौजूदगी में उनकी हत्या कर दी।

## उत्तर प्रदेश के नए कार्यवाहक डीजीपी बने प्रशांत कुमार

**लखनऊ।** आईपीएस प्रशांत कुमार को बुधवार को उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का चार्ज दे दिया गया। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वर्ष 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। करीब साढ़े तीन वर्ष से वह कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी की घोषणा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। प्रशांत कुमार योगी सरकार के भरोसेमंद अफसरों में से एक माने जाते हैं। स्पेशल डीजी से पहले वे मेरठ के एडीजी भी रह चुके हैं। करीब दो साल से यूपी पुलिस में कार्यवाहक डीजीपी से काम हो रहा है।

## एक नजर

### पालिकाओं की नौकरी का मामला : ईडी ने फिर से तृणमूल नेता को बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता निताई दत्ता को तलब किया है।दत्ता, जो उत्तर 24 परगना जिले में दक्षिण दम दम नगर पालिका के उपाध्यक्ष भी हैं, को इस सप्ताह यहां ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यह दूसरी बार है जब कथित घोटाले के संबंध में दत्ता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले में उनसे पहले पिछले साल अक्टूबर में ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की थी।

### राजस्थान के सीएम ने किसानों के लिए पीएम सम्मान निधि व पेंशन बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को पीएम सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन और बोनस की घोषणा की। पीएम सम्मान निधि के तहत किसानों को अब हर साल 6000 रुपये की जगह 8,000 रुपये मिलेंगे. इसके अलावा किसानों को गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल 125 रुपये ज्यादा मिलेंगे। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी 150 रुपये की बढ़ोतरी की है। अधिकारियों ने बताया कि विधवा, बुजुर्ग और परित्यक्ता लोगों को अब हर महीने 1150 रुपये मिलेंगे।

### लोकायुक्त पुलिस ने पूरे राज्य में कर्नाटक के बाबुओं पर मारे छापे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार सुबह राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक, 10 से ज्यादा जिलों में छापेमारी चल रही है। छापेमारी बेंगलुरु, मांड्या, मैसूरु, हसन, तुमकुरु, चिक्कमगलुरु, चामराजनगर, बेल्लारी, विजयनगर और दक्षिण कन्नड़ जिलों में की जा रही है। बेंगलुरु के विद्यारण्यपुरा में पीडब्ल्यूडी से जुड़े एक कार्यकारी अभियंता के आवास पर तलाशी हो रही है। मांड्या में कार्यालय, रिश्तेदारों के घर और नागमंगला में एक फार्महाउस पर भी छापा मारा गया है। हसन जिले में एक फूड इंस्पेक्टर के आवास और कार्यालय पर भी छापेमारी की जा रही है।

## नीतीश कुमार को राजद की सलाह, 'राजनीतिक लड़ाई लड़ें

# 'नौकरी-रोजगार देने के कार्य को बाधित न करें'

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा ने कहा कि बिहार में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में रोजगार और नौकरी देने वाली सरकार को समाप्त करने की दिशा में साजिश की गई। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए कहा कि किस दबाव, डर, खौफ और प्रभाव से आप निकल गये, ये सब जानते हैं। राजनीतिक लड़ाई लड़ें, लेकिन, रोजगार और नौकरी को बाधित न करें। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने से पहले तेजस्वी यादव की शर्त थी कि बिहार में नौकरी और रोजगार का जो संकल्प है, उस दिशा में सरकार पहल करेगी। आज उसी का परिणाम है कि बिहार की चर्चा इस बात पर हो रही है कि तेजस्वी संकल्प के अनुसार लाखों नौजवानों को नौकरी दी गई। उन्होंने कहा कि जो काम एनडीए की सरकार ने 17 वर्षों में नहीं किया, उसे 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने संकल्पों और कार्यों से पूरा किया। सरकारें बनती हैं युवाओं के रोजगार, आम लोगों की बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, विकास और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान के लिए, न कि मंदिर-मस्जिद और गुरूद्वारे के निर्माण के लिए। उन्होंने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 लाख 35 हजार नौकरी देने की प्रक्रिया तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी ने अपने स्तर से पूरी कर ली थी। जिसे दो महीने के अंदर में पूरा किया जाये। 1 लाख और शिक्षकों की नियुक्ति को 30 से 40 दिनों के अंदर पूरा करने के साथ-साथ गृह विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों के लिए जो रिक्तियां चिन्हित की गई थी, उस पर पहल हो। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि तेजस्वी के संकल्प के मुताबिक बिहार में जातीय गणना हुई, हमने आंकड़ों को लोगों के सामने लाया और उसी आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया है।



### राहुल के जातीय गणना वाले बयान पर भड़के नीतीश कुमार

**पटना।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के मंगलवार को जातीय गणना करवाने के लिए दबाव बनाने के बयान पर बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भड़कते हुए कहा कि यह सब फालतू की बात है। पटना में बुधवार को जब पत्रकारों ने राहुल के बयान के संबंध में पूछा तो नीतीश ने भड़कते हुए कहा कि वो फालतू बात कर रहे हैं। यह बिल्कुल गलत बात है। वह झूठी क्रेडिट ले रहे हैं। जातिगत गणना हमने कराई। उन्होंने कहा कि हमने तो नौ पार्टियों को बैठाकर इस पर निर्णय लिया। इसके बाद इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से भी मिलने गए। उसके बाद सभी पार्टियों को बुलाया और निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जातीय गणना तो हमने कराई है। जब यह निर्णय लिया गया था, तब तो विपक्ष दूसरा था। इससे पहले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया में कहा था कि बिहार में लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना हमारे गठबंधन की जिम्मेदारी है और इसके लिए हमें नीतीश जी की जरूरत नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा था कि मैंने उनसे सीधे कहा कि आपको बिहार में जातीय जनगणना करानी होगी। जब हमने नीतीश जी से सर्वे कराने पर जोर दिया तब वो भाजपा से डर गए।

## बिहार में नाबालिग की हत्या, दुष्कर्म की जताई आशंका

**शेखपुरा।** बिहार के शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 12 साल की नाबालिग का शव उसके गांव के ही खेत से बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद लड़की की हत्या कर शव को छोड़कर आरोपी भाग गया।

पुलिस के अनुसार, 12 वर्षीय लड़की मंगलवार की शाम गांव में ही साग तोड़ने गई थी।

जब वह देर शाम तक नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। बताया जाता है कि लड़की का शव पास के ही एक अरहर के खेत से बरामद किया गया।

इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बच्ची के परिजनों के मुताबिक, शव निर्वस्त्र बरामद किया गया है। जिससे परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका प्रतीत हो रहा है।

संभावना है कि गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

## बिहार में 12वीं की परीक्षा गुरुवार से

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में 13.04 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए प्रदेश में 1523 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक, इस साल होने वाली 12वीं की परीक्षा में 6.77 लाख छात्र और 6.26 लाख छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर बोर्ड द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में परीक्षा के 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी और वीक्षक मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएंगे। सभी केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। पटना में 77 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनके लिए 78 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में जीव विज्ञान और दर्शन शास्त्र की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा 12 फरवरी तक चलेगी।



## चोरी करने वालों से पुलिस की मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबास पुलिस और बदमाशों के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हुई। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में ज्वैलरी शॉप में चोरी करने वाले गैंग के 3 बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। दो बदमाशों को पैर में गोलियां लगी हैं और एक अन्य को कांबिंग कर पकड़ा गया। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 10 जनवरी की रात ज्वैलरी शॉप में एक बड़ी चोरी हुई थी। करीब 12-13 चोरों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर उठाया और करीब 40 लाख रुपए कीमत के जेवरात चुराकर ले गए। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। बदमाशों की इतनी संख्या देख लोगों ने उस समय पुलिस की कार्यप्रणाली पर खूब सवाल उठाए थे। अंकुर विहार क्षेत्र के एसीपी रवि प्रकाश सिंह ने बताया, 30 जनवरी को देर रात मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ये गैंग फिर से एक्टिव है और कोई नई घटना करने की तैयारी में है। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस, स्वाट टीम ग्रामीण जोन ने लालबाग क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।



# सरकार ने 16वें वित्त आयोग के 4 सदस्यों की नियुक्ति की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने बुधवार को 16वें वित्त आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति की, जिसका गठन 31 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को अध्यक्ष बनाकर किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्था ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में मंजूरी दे दी है। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को 16वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। आयोग से राज्यों को करों के वितरण पर अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, इसमें 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की पुरस्कार अवधि शामिल है। कैबिनेट ने 29 नवंबर को 16वें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी थी। इनमें केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय का वितरण और ऐसी आय के संबंधित शेयरों के राज्यों के बीच आवंटन, सिद्धांत, सहायता अनुदान और राज्यों के राजस्व और पूरक के लिए आवश्यक उपाय शामिल हैं। आयोग आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की भी समीक्षा करेगा; आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत गठित निधियों के संबंध में और इस मुद्दे पर उचित सिफारिशें करें।

**सचिव अजय नारायण झा, पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्था ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष को मंजूरी दे दी है।**

## आय से अधिक संपत्ति मामले में शीर्ष अधिकारी से शुरू हुई पूछताछ

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को राज्य के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) सचिव और हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (भूमि प्रबंधन) शिव बालकृष्ण से पूछताछ शुरू की। एसीबी अदालत के आदेश के बाद, एजेंसी ने उन्हें चंचलगुडा जेल से हिरासत में ले लिया, जहां वह 24 जनवरी को उनकी संपत्तियों की तलाशी के बाद आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तारी के बाद से बंद हैं। उन्हें पूछताछ के लिए बंजारा हिल्स में एसीबी कार्यालय लाया गया था। .विशेष पुलिस स्थापना और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसपीई और एसीबी) मामलों के प्रधान विशेष न्यायाधीश ने सोमवार को शिव बालकृष्ण को आठ दिनों के लिए एसीबी की हिरासत में भेज दिया था। पूछताछ 7 फरवरी तक जारी रहेगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी बालकृष्ण के 15 बैंक खातों से लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो पहले हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) के निदेशक (योजना) के रूप में कार्यरत थे। एसीबी अधिकारी एचएमडीए निदेशक के रूप में उनके द्वारा दी गई मंजूरी की जांच करेंगे।

# सपा के एकतरफा फैसले से यूपी में दरक सकता है 'इंडिया' गठबंधन!



**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के लिए भले ही इंडिया गठबंधन बना हो, लेकिन, सपा मुखिया अखिलेश यादव उसमें एकतरफा फैसले ले रहे हैं। इससे कांग्रेस नाखुश है। लेकिन, कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व खुलकर नहीं बोल रहा है। इस कारण यूपी में 'इंडिया' गठबंधन दरक सकता है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि यूपी में कांग्रेस का संगठन कमजोर है। सपा को भी यह बात पता है। यही कारण है कि सपा इंडिया गठबंधन में अपने को एक बड़ी भूमिका में रखना चाहती है। नीतीश कुमार के जाने के बाद सपा को कांग्रेस पर अपना दबाव बढ़ाने का मौका मिल गया है। इसी कारण से उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस को बिना बताए ही रालोद के साथ गठबंधन कर लिया और उन्हें सात सीटें भी दे दी। जब तक यह चल ही रहा था कि इसी बीच सपा ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा कर दी। इसके बाद 16 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस के लोग ज्यादा खुश नहीं हैं। इससे एक बात तो बिलकुल साफ है कि सपा सीट शेयरिंग अपने हिसाब से ही करेगी। वह यूपी में कांग्रेस को भाव देने वाले नहीं हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन में लीड भूमिका अदा कर रही है। लेकिन, सपा लगातार गठबंधन धर्म की अवहेलना कर रही है। पहले हमारे शीर्ष नेतृत्व को बिना विश्वास में लिए ही महज 11 सीटें दे दी। इसके बाद अब अपने मन से 16 सीटें घोषित कर दी। उन सीटों में फैजाबाद, फरुर्खाबाद, खीरी, कानपुर देहात और धौरहरा में कांग्रेस ज्यादा समय तक चुनाव जीतती रही है।

## भारत जोड़ो यात्रा में तय होगा लोस चुनाव का रोडमैप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस राहुल गांधी की प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए लोकसभा चुनाव का रोडमैप बनाने की तैयारी में है। राहुल गांधी की यात्रा से पहले कांग्रेस के प्रमुख नेता संबंधित लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करने वाले हैं जहां से न्याय यात्रा गुजरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से प्रारंभ हो चुकी है, जो मध्य प्रदेश में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में प्रवेश करेगी। यह यात्रा प्रदेश के नौ जिले मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, रतलाम तथा झाबुआ के अंतर्गत आने वाले सात लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। कांग्रेस नेता की इस यात्रा से पहले सक्रिय हैं और वरिष्ठ नेता उन क्षेत्रों का दौरा कर लोकसभा वार बैठक भी करने वाले हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार चार फरवरी से सात फरवरी तक ग्वालियर, उज्जैन और भोपाल का लोकसभा चुनाव एवं राहुल गांधी की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु संयुक्त दौरा करेंगे।



## मेयर चुनाव में धोखाधड़ी : हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक दिन पहले हुए मेयर पद के चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम चंडीगढ़ से जवाब मांगा। हालांकि, परिणामों पर रोक लगाने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बंगर की खंडपीठ ने आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। इस फैसले को आप और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने चुनौती दी है, जिन्होंने पीठासीन अधिकारी पर मतगणना प्रक्रिया में धोखाधड़ी और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया। मंगलवार को इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस-आप गठबंधन को एक बड़ा झटका लगा, नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा ने चार वोटों से जीत हासिल करके लगातार नौवीं बार मेयर पद की सीट बरकरार रखी। सबसे ज्यादा पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन सीट हार गया।




## उठे सवाल — लोगों ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस से पूछे सवाल

# हनुमान ध्वज विवाद के बाद हरे झंडों पर आपत्ति

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मांड्या जिले में एक सार्वजनिक स्थान से हनुमान ध्वज हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर लगे हरे झंडों को हटाने की मांग उठने लगी है। घटनाक्रम को लेकर कर्नाटक सरकार चिंतित है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक पोस्ट में शशांक जेएस नाम के शख्स ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से सवाल किया, "बेंगलुरु शहर के चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र में जेजे नगर पुलिस स्टेशन के सामने हरा झंडा क्यों था?"पोस्ट में उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र और भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को भी टैग किया। बेंगलुरु के शिवाजीनगर के चांदनी चौक पर हरा झंडा फहराए जाने पर भाजपा के राज्य नेताओं ने भी आपत्ति जताई। झंडे की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। एक अन्य सोशल मीडिया यूजर विकास विक्की ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेताओं से पूछा कि वे बताएं कि हरा रंग किस धर्म का है। क्या आपके पास हरे रंग के झंडे हटाने की क्षमता नहीं है? आपका अत्याचार केवल हिंदू ग्रामीणों पर है। भाजपा विधायक यतनाल ने पुलिस विभाग को अवगत करते हुए सार्वजनिक स्थान पर दुश्मन देश के रंग वाले झंडे को फहराने की आलोचना करते हुए इसे ध्वज दिशानिर्देशों के नियमों के खिलाफ बताया। शिवाजी नगर इलाका भारत में स्थित है, पाकिस्तान में नहीं। विरोध के बाद पुलिस ने चांदनी चौक से हरा झंडा हटा दिया और वहां तिरंगा फहरा दिया। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि नेता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि अगर राज्य भर में सार्वजनिक स्थानों से धार्मिक झंडे हटाने की मांग आने लगे तो क्या किया जाना चाहिए।



मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ से हनुमान ध्वज को हटाने से राज्य में एक बड़ा विवाद पैदा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप सत्तारूढ़ कांग्रेस, विपक्षी भाजपा और जद-एस के बीच एक बड़ा टकराव हुआ है। जहां भाजपा ने बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू किया, वहीं कर्नाटक विश्व हिंदू परिषद इकाई ने घोषणा की है कि वह राज्य में हनुमान ध्वज अभियान शुरू करेगी और राज्य की हर सड़क और घर पर भगवा झंडे फहराए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने बनाई सुरंग

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सलियों ने हमास की तर्ज पर सुरंग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यह खुलासा मंगलवार को हुए नक्सली हमले के बाद सुरक्षा बलों की तलाशी अभियान के दौरान हुई। दरअसल, बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हुए थे। इस घटना के बाद से ही सुरक्षा बलों का लगातार नक्सलियों की तलाशी के लिए अभियान जारी है। सुरक्षा बलों की तलाशी अभियान के दौरान एक सुरंग का खुलासा हुआ है। यह सुरंग दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भैरवगढ़ के जंगल में मिली है। यह सुरंग लगभग 10 फीट गहरी है और कुछ फीट चौड़ी भी, जिसकी कुल लंबाई 60 मीटर से ज्यादा है। यह सुरंग कई जगह ऊपर से खुली रहती थी। इसे लकड़ी आदि से ढक दिया जाता था। इस सुरंग में नक्सली प्रशिक्षण तक हासिल करते थे, साथ ही वे अपने असलहे आदि को भी छुपाकर रखते थे। आशंका तो इस बात तक की है कि इन नक्सलियों ने मुठभेड़ के बाद अपनी सुरक्षा के लिए इस सुरंग का सहारा लिया होगा। इस सुरंग में एक समय में 50 से ज्यादा नक्सली छुप सकते हैं। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चौहान का दावा है कि नक्सलियों के साथ जो मुठभेड़ हुई थी, उसमें 8 से 10 नक्सली मारे गए हैं और 20 से 30 नक्सली घायल भी हुए हैं। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर पहुंचकर शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि फोर्स के लगातार आगे बढ़ते जाने और पहुंचविहीन इलाकों में भी कैम्प लगाने से माओवादी आतंकी बौखला गए हैं।



## अलग पहचान पत्र बांटना बीएसएफ का काम नहीं

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए हालिया आरोपों का खंडन किया, जिसमें बल के कर्मियों पर भारत-बांग्लादेश सीमाओं के करीब के गांवों के निवासियों को राज्य में अलग-अलग पहचान पत्र वितरित करने का आरोप लगाया गया था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि उनके कर्मी केवल भारत की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं और पहचान पत्र के वितरण से जुड़े नहीं हैं, क्योंकि एजेंसी के पास इसका अधिकार नहीं है। बीएसएफ के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि उनके संगठन जो एकमात्र काम करते हैं, वह राज्य के उन निवासियों को गेट पास जारी करना है, जिनके खेत कंटीले बाड़ के पार नो मैन्स लैंड में हैं और जिन्हें खेती के उद्देश्य से वहां जाना पड़ता है। ऐसे निवासियों को नो मैन्स लैंड में अपने खेतों में जाते और लौटते समय गेट पास दिखाना पड़ता है। बीएसएफ के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई भी बांग्लादेशी निवासी फर्जी पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद अवैध रूप से भारत में प्रवेश न कर सके।






# वैश्विक संकटों के बावजूद सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया लेकिन ऐसे वैश्विक संकटों के बावजूद केंद्र सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा और सामान्य भारतीय पर बोझ नहीं बढ़ने दिया।

उन्होंने कहा कि दुनिया में गंभीर संकटों के बीच भारत तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना, लगातार 2 क्वार्टर में भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से ऊपर रही। उन्होंने कहा कि सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब। इसलिए इन 4 स्तंभों को सशक्त करने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।



## सात प्रतिशत से अधिक विकास दर की वित्त मंत्रालय को उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक सुधारों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन इजरायल-हमास युद्ध जैसे भू-राजनीतिक तनाव से खतरा भी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट देश के आर्थिक विकास पथ पर आशावादी है, जिसमें जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर से दोगुना होकर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। 29 जनवरी तक, भारतीय अर्थव्यवस्था के 3.7 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की खबर है, जो एक दशक पहले 1.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति से एक बड़ी छलांग है।


### भू-राजनीतिक तनाव का जोखिम



वैश्विक मंदी के बीच वित्त मंत्रालय ने भारत की मजबूत विकास दर का श्रेय कई आर्थिक सुधारों और बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश को दिया है, जिसका अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में कई गुना प्रभाव पड़ा है। इन सुधारों ने वैश्विक झटकों के बीच देश को आर्थिक मजबूती दी है। बुनियादी ढांचे में सरकार के निवेश में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2015 में 5.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में अनुमानित 18.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह निवेश आर्थिक विकास को बनाए रखने और बढ़ाने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो पिछले तीन वर्षों में 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ मजबूत रहा है। हालांकि, साथ ही इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं।

अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियों में एआई से पैदा हुए सर्विस सेक्टर में नौकरी में कटौती का खतरा, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के बीच समन्वय बनाना और पर्याप्त रूप से कुशल कार्यबल की उपलब्धता शामिल है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के युग में, भारत का विकास दृष्टिकोण वैश्विक विकास के प्रभावों पर भी निर्भर करता है, न कि केवल इसके घरेलू प्रदर्शन पर।

## युवा बेरोजगारी में गिरावट के मामले में यूपी, बिहार, एमपी सबसे आगे



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा कि युवा बेरोजगारी दर में गिरावट आई है और युवा आबादी की बड़ी हिस्सेदारी वाले राज्य इसका कारण हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश की युवा बेरोजगारी दर 2017-18 में 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7 प्रतिशत हो गई है, साथ ही इसी अवधि में युवा एलएफपीआर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गई है। इस प्रकार, युवाओं को बढ़ावा देने वाले राज्य भी युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार भी बढ़ रहा है।

## कल्याण प्रतिमान में आया बड़ा परिवर्तन



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति और पिछले 10 वर्षों में इसकी यात्रा का जायजा लिया गया है। पहला अध्याय देश की अर्थव्यवस्था के अतीत, वर्तमान और भविष्य का अवलोकन प्रदान करता है जबकि दूसरा अध्याय सरकार की नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मापदंडों पर प्रगति पर विस्तृत नजर डालता है। देश के मानव संसाधनों को संतुलित विकास और क्षमतापूर्ण कल्याण बताते हुए, समीक्षा में कहा गया है कि पिछले एक दशक में, भारत के कल्याण प्रतिमान में एक बड़ा परिवर्तन आया है, जो एक अधिक टिकाऊ, कुशल और सशक्त मॉडल के रूप में विकसित हुआ है।

## मध्यम वर्ग प्रेरित है ई-कॉमर्स बाजार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय द्वारा अंतरिम बजट (1 फरवरी) से पहले तैयार की गई भारतीय अर्थव्यवस्था समीक्षा में कहा गया है कि भारत में इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्टफोन का प्रसार तेजी से शहरीकरण और भारत के मध्य क्षेत्र का बढ़ता प्रभाव शामिल है। वर्ग ने ई-कॉमर्स बाजार को आगे बढ़ाया है। कोविड महामारी के दौरान आरोग्य सेतु और कोविन ऐप्स ने वायरस के प्रसार को ट्रैक करने और रोकने में मदद की और कम समय में कई लोगों के टीकाकरण की सुविधा दी।

## कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था का आधार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार की गई भारत अर्थव्यवस्था समीक्षा में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र, जिसका वित्तवर्ष 2024 में भारत के जीवीए का 18 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तवर्ष 23 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन 32.97 लाख टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.41 करोड़ टन की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिवर्ष औसत खाद्यान्न उत्पादन वित्तवर्ष 2015 से वित्तवर्ष 2023 तक 28.9 लाख टन था, जबकि वित्तवर्ष 2005 से वित्तवर्ष 2014 में यह 23.3 लाख टन था। यही वजह है कि चावल, गेहूं, दालें, पोषक/मोटे अनाज और तिलहन के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई। इसमें कहा गया है कि भारत का वैश्विक प्रभुत्व कृषि वस्तुओं तक फैला हुआ है।

## अगले तीन साल में भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद





**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अंतरिम बजट से कुछ दिन पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अगले तीन वर्षों में 5 खरब डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। यह आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया गया भारत का आर्थिक सर्वेक्षण नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि यह आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट से पहले आएगा। दस साल पहले, मौजूदा बाजार कीमतों पर 1.9 खरब डॉलर की जीडीपी के साथ भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। समीक्षा में कहा गया कि आज कोरोना संकट के बावजूद व्यापक असंतुलन और टूटे वित्तीय क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था विरासत में मिलने के बावजूद यह 3.7 खरब डॉलर (अनुमानित वित्तीय वर्ष 24) की जीडीपी के साथ पांचवां सबसे बड़ा है। यह 10 वर्षीय यात्रा ठोस और वृद्धिशील दोनों तरह के कई सुधारों से चिह्नित है, जिन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन सुधारों ने आर्थिक लचीलापन भी प्रदान किया है, जिसकी देश को भविष्य में अप्रत्याशित वैश्विक झटकों से निपटने के लिए जरूरत होगी। केंद्र सरकार ने 2047 तक 'विकसित देश' बनने का एक उच्च लक्ष्य निर्धारित किया है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं




**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में बजट को लेकर उम्मीदें बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार को पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए ऐसे किसी भी प्रस्ताव का बाजार पर असर पड़ेगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी ने 29 जनवरी को सप्ताह के पहले दिन को 4 दिसंबर के बाद से अपने सबसे बड़े एकल-दिवसीय लाभ के साथ समाप्त किया, इसमें हेवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लाभ में सबसे अधिक योगदान दिया। अंत में निफ्टी 1.80 फीसदी या 385 अंक ऊपर 21737.6 पर था। 29 जनवरी को निफ्टी तेजी से बढ़ा और एक लंबी बुल कैंडल बनाई। 21851-21970 निफ्टी के लिए अगला प्रतिरोध बैंड हो सकता है, जबकि 21482 समर्थन के रूप में कार्य कर सकता है। लेखानुदान से पहले तैयारी शुरू हो गई लगती है। उन्होंने कहा, इस तेजी का इस्तेमाल उन व्यक्तिगत शेयरों में वजन कम करने के लिए किया जा सकता है जो बहुत तेजी से बढ़े हैं। बीएसई सेंसेक्स 223 अंक नीचे 71,718.40 अंक पर है। बजाज फाइनेंस में 4 फीसदी, आईटीसी में 1.7 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.5 फीसदी की गिरावट आई है।

## 1.14 लाख स्टार्टअप भारत में 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करते हैं




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अपनी नवीनतम समीक्षा में कहा कि भारत में 1.14 लाख से अधिक स्टार्टअप ने अब तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। 'द इंडियन इकोनॉमीः ए रिव्यू जनवरी 2024' शीर्षक वाली रिपोर्ट में, आर्थिक मामलों के विभाग ने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया पहल' के तहत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 1.14 लाख स्टार्टअप ने अक्टूबर 2023 तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा कीं। दस्तावेज में कहा गया है कि राज्य के स्वामित्व वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने नवंबर 2023 तक 63 लाख से अधिक लेनदेन किए। 2023 में मूल्यांकन के मुद्दों, कुछ आईपीओ, नियामक परिवर्तनों और व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक रुझानों जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा तकनीकी स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बना हुआ है, इसमें पिछले साल 950 से अधिक तकनीकी स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। ज़िनोव के सहयोग से नैसकॉम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 31हजार से अधिक तकनीकी स्टार्ट अप के लिए संचयी फंडिंग 70 बिलियन डॉलर (2019 से 2023 तक) से अधिक हो गई है।

## एफआइएच हॉकी प्रो लीग — ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स की टीमें भुवनेश्वर पहुंची





**एजेंसी। भुवनेश्वर**

दुनिया की नंबर एक महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दूसरे नंबर पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अभियान की शुरूआत के लिए बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (महिला) भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में 3 से 9 फरवरी तक खेला जायेगा। इसके बाद लीग राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पहुंचेगी। जहां 12 से 18 फरवरी तक मैच खेले जाएंगे।

## घुटने की चोट के कारण जैक लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच का भारत के खिलाफ शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलना बेहद संदिग्ध है, क्योंकि वह बुधवार को टीम के पहले प्रशिक्षण सत्र से बाहर रहे। पिछले हफ्ते हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच में इंग्लैंड की भारत पर 28 रनों की रोमांचक जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय लीच के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने संवाददाताओं से कहा, वह एक सख्त बच्चा है, लीची, इसलिए मुझे यकीन नहीं है। आप वास्तव में उसे कभी भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। हम देखेंगे कि वह कुछ दिनों में कैसा प्रदर्शन करता है।

# एशियाई लीजेंड्स लीग टी 20 का उद्घाटन 13 मार्च से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### इरफान पठान, उपुल थरंगा जैसे दिग्गज लेंगे हिस्सा



वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को यहां एशियाई लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। रोमांचक टी20 टूर्नामेंट में पांच सबसे बड़े एशियाई क्रिकेट देशों-भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज सितारों से सजी टीमें 13 मार्च से 21 मार्च, 2024 तक होने वाले रोमांचक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने यहां एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजन के लिए अपने आइकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। जहां भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान इंडियन रॉयल्स का हिस्सा बने, वहीं पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए खेलेंगे। श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन सत्र के लिए अफगानिस्तान पठान्स में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आइकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है।

टूर्नामेंट को लेकर चेतन शर्मा ने कहा एशियाई लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो हमें बहुत गर्व महसूस होता है लेकिन ऐसी लीगों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है। इरफान पठान और मोहम्मद इरफान जैसे मशहूर खिलाड़ियों की मौजूदगी निश्चित रूप से इस लीग को क्रिकेट प्रेमियों के बीच जरूर देखने लायक बनाएगी।

लीग से जुड़ने को लेकर इरफान पठान ने कहा इतने लंबे समय तक कमेंटेटर रहने के बाद मैदान पर खेलना अच्छा लगता है। लेकिन हमारा पहला प्यार हमेशा क्रिकेट खेलना है और एशियन लीजेंड्स लीग में खेलने से निश्चित रूप से बहुत सारी यादें ताजा हो जाएंगी। मैंने इस लीग में अन्य आइकन खिलाड़ियों के खिलाफ काफी क्रिकेट खेला है। यह आपको एक अलग रोमांच देता है। फैंस के लिए भी ये बेहद रोमांचक अनुभव होगा। ऐसी लीग देखना हमेशा मजेदार होता है। लीग किन स्थानों पर खेला जायेगा। इसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

## जय शाह लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एसीसी अध्यक्ष चुने गए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख बने रहेंगे। बुधवार को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में एक और वर्ष के लिए उनके विस्तार को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। उन्होंने अपना पहला दो साल का कार्यकाल 2021-22 में पूरा किया और 2023 में उन्हें एसीसी प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया गया।

बुधवार, 31 जनवरी को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान महाद्वीपीय निकाय के प्रमुख के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।

## खबरें खेल जगत की

### आइएसएल की एक्शन में वापसी, नॉर्थईस्ट के खिलाफ नई शुरूआत करना चाहेगा जमशेदपुर

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की एक्शन में आज से वापसी हो रही है। जमशेदपुर एफसी अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार रात नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगी। दोनों क्लब अब तक 12 मैच में दो-दो जीत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, हाईलैंडर्स और उनके खेल ने काफी वाहवाही लूटी हैं क्योंकि वे 2022-23 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सीजन में काफी अच्छा कर रहे हैं। नए स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली की देखरेख में, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने एक नया अध्याय शुरू किया है, जिसने अक्सर प्रेरणादायक प्रदर्शन किया है और लीग में अपने आधे मैच (6) ड्रा कराने में कामयाब रही है। इससे प्रसन्न होकर क्लब ने बेनाली के अनुबंध को 2024-25 तक विस्तार दिया। इसका मतलब है कि वह एक और आईएसएल सीजन टीम के साथ रहेंगे। इससे स्पेनिश कोच को अपनी टीम पर काम करने, अपने प्रोफाइल के अनुरूप खिलाड़ियों को लाने और एक ऐसी इकाई तैयार करने के लिए अधिक गुंजाइश और समय मिलेगा। जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मैं सुपर कप के लिए सारा श्रेय लड़कों को देता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा खेला। विदेशी, सीनियर और जूनियर ने हाल ही में अच्छा तालमेल दिखाया है और हम (आईएसएल में भी) अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा हम बस उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं जो हमने सुपर कप में हासिल की थी। हम आईएसएल का इंतजार कर रहे हैं, जो सबसे महत्वपूर्ण है। सुपर कप में जमशेदपुर एफसी से हमारी हार अतीत है और हम केवल भविष्य के बारे में सोचते हैं। यह मैच हमारे पिछले मुकाबलों से अलग होगा। बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जमशेदपुर ने 6 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 2 में जीत दर्ज की है, जबकि 5 मैच ड्रा रहे हैं।

### मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग में 10 किमी का स्वर्ण पदक जीता



**चंडीगढ़।** पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय रेस वॉकर मंजू रानी ने नेशनल ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता के 11वें संस्करण में अच्छा प्रदर्शन किया। महिलाओं की 20 किमी में स्वर्ण जीतने के अगले दिन, उन्होंने बुधवार को 10 किमी में अपना दबदबा बनाया और उद्घाटन मैराथन रेस वॉकिंग मिश्रित रिले में प्रतिस्पर्धा करने का मौका उज्ज्वल किया, जो 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में प्रदर्शित होगी। 24 साल की मंजू का 10 किमी में स्वर्ण पदक जीतने का समय 45:20.00 था। मंजू ने बुधवार को महिलाओं की 10 किमी में स्वर्ण जीतने के बाद कहा, इस साल मेरा मुख्य ध्यान मिश्रित रिले स्पर्धा पर होगा और मुझे ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।

### बिहार के शुभम ने रिकर्व तीरंदाजी में जीता गोल्ड

**चेन्नई।** पिछले महीने शुभम कुमार ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपने होमटाउन बिहार के आरा से गुजरात के नडियाद तक जनरल डिब्बे में 30 घंटे की कठिन ट्रेन यात्रा की, लेकिन इतनी कठिनाई झेलने के बावजूद उन्होंने वहां टीम को कांस्य पदक दिलाया। छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आने के बाद शुभम ने पहले न तो इस स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना किया था और न ही इतने बड़े पैमाने की व्यवस्था देखी थी लेकिन उन्हें लड़कों की रिकर्व श्रेणी में बिहार के लिए खेलों का दूसरा स्वर्ण पदक जीतने से कोई नहीं रोक सका।




## अफगानिस्तान टेस्ट के लिए श्रीलंका टीम घोषित

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका ने अफगानिस्तान के खिलाफ कोलंबो एसएससी में 2 से 6 फरवरी तक होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। नए टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा टीम का नेतृत्व करेंगे और कुसल मेंडिस उनके डिप्टी होंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज लाहिरू उदारा, तेज गेंदबाज चमिका गुणसेकरा और मिलान रत्नायके तीन अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्हें इस मुकाबले के लिए चुना गया है। श्रीलंका 2 फरवरी से शुरू होने वाले बहु-प्रारूप दौरे के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा, जिसमें एकमात्र टेस्ट के बाद तीन वनडे और इतने ही टी20 शामिल हैं। यह इन दोनों टीमों का पहला टेस्ट मैच होगा।

**श्रीलंका टेस्ट टीमः** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, सदीरा समरविक्रम, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, कासुन राजिथा, कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुणशेखर, मिलान रत्नायके।

## खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से, कमेटी गठित

**रांची।** रांची के ठाकुरगांव में स्व. जगदीश महतो स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रंथेश्वर गिरी ने बुधवार को बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव हरिप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष कैलाश पांडेय सहित 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में खेलकूद का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### भाजपा नेता के पिता के निधन पर जताया शोक

**गढ़वा।** प्रखंड के करुआकला गांव निवासी भाजपा नेता पूर्व बीडीसी सदस्य धनंजय तिवारी के पिता के निधन की सूचना पाकर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, विजय चौबे, चंद्रमणि धर दुबे, चंदन जायसवाल, सीधी उपाध्याय, लक्ष्मण उपाध्याय, रंगनाथ पांडेय, शिवनारायण चंद्रा, राम सरीख चंद्रा, पुष्प रंजन, रोशन धर दुबे, शैलेश चौबे, नरेंद्र तिवारी , विनोद तिवारी, सहित अन्य गढ़वा जिला के वरिष्ठ नेता गण, समाजसेवी गण एवं अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### शिक्षक सह आदेशपाल को दी गई विदाई

**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय रमना के प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुर्गुण महतो एवं आदेशपाल सह रात्रि प्रहरी रामजी राम 31 जनवरी को सेवा निवृत हो गए। इसकी जानकारी विद्यालय के सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने दी। विदित हो कि जैक बोर्ड द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त किंतु गैर अनुदानित विद्यालय है, जहां सैकड़ों छात्राएं अध्ययनरत हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षक प्रतिनिधि धर्मदेव उरांव के नेतृत्व में सेवा निवृत कर्मियों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। मौके पर सहायक प्रभारी वृंदा कुमारी, पूर्व प्रभारी विनोद कुमार पांडेय, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता, मोतीचंद राम, चम्पा देवी आदि उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट 11 से

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव में रॉक स्टार क्लब के द्वारा 11 फरवरी से 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 5001 रुपये और ट्राफी और उप विजेता टीम को 3001 रुपये और ट्राफी दी जायेगी। सफल आयोजन के लिए भोला सिंह को अध्यक्ष, चंदन राज को उपाध्यक्ष, अवधेश बैठा को सचिव, मुन्ना को उपसचिव, अंगद विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, और रविंद्र सोनी को संरक्षक बनाया गया है। वहीं शिवशंकर, रवि, गुड्डू रजक, रवि बैठा, लाल बिहारी बैठा को सदस्य बनाया गया है।

### गांव चलो अभियान को लेकर की गई बैठक

**भंडरिया।** भंडरिया मंडल के स्थानीय सांसद प्रतिनिधी कार्यालय में मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान को लेकर की गई। नवनिर्वाचित गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो का सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधी रूप निरंजन सिन्हा, महामंत्री विनय कुमार, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भूषण सिंह, बड़गढ़ मंडल अध्यक्ष बजरंग गुप्ता, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश कुमार बैठा, प्रेम ठाकुर, मनोज कुशवाहा, सत्यनारायण गुप्ता, श्रवण ठाकुर, दिलीप तमोली, अनु केशरी उपस्थित थे।

### डाक मेला आज

**केतार।** केतार बाजार में गुरुवार को डाक मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए केतार डाक घर के पोस्टमास्टर विश्वनाथ प्रसाद ने बताया की डाक मेला में ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पीएम किसान योजना का खाता अपडेट, डाक खाता, आधार कार्ड सुधार और नवीनीकरण किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड के लोगों को इस डाक मेला में आकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने और लाभ उठाने की अपील की है।

# खपरैल मकान में लगी आग, सबकुछ हुआ राख

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत के शिवनगर टोला निवासी रामबहल अगरिया के खपरैल मकान में बुधवार की दोपहर आग लगने से घर जलकर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में पीड़ित के घर में रखा हुआ अनाज व कपड़ा पूरी तरह जल गया। घर से अचानक आग की लपटे उठता हुआ देख आस पास के ग्रामीण जमुना सिंह, बबन बैठा, जोखन यादव, अशोक यादव, उपेंद्र यादव, आशीष यादव सहित कई ग्रामीणों



ने आग बुझाई। परिजनों ने बताया की आग कैसे लगी हमें भी पता नहीं है, इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक को दी है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय घटना स्थल पहुंच कर परिजनों से बात की। मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि जो क्षति हुई है उसे सरकार से दिलाने का प्रयास करेंगे।

# धुरकी-बेलासपुर मुख्य पथ पर ट्रैक्टर के पलटने के कारण ड्राइवर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी** थाना क्षेत्र के रक्सी पंचायत अंतर्गत धुरकी-बेलासपुर मुख्य पथ स्थित कबीसवा में मंगलवार की मध्यरात्रि में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई है। ट्रैक्टर दुर्घटना के संबंध थाना प्रभारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की रात्रि में घघरी गांव निवासी लव जायसवाल का खाली ट्रैक्टर वापस घर लौट रहा




था। इसी दौरान कबीसवा में मुख्य पथ पर रात्रि में ट्रैक्टर का चालक तीव्र गति से चलने के क्रम में असंतुलित होकर पलट गया। इसमें शुरू गांव निवासी ट्रैक्टर का चालक अजीत कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चार शिक्षक सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित चार शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी के प्रधानाध्यापक राघवेंद्र कुमार बिहारी, मध्य विद्यालय अमरोरा के शिक्षक यशवंत प्रसाद, नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह अरंगी के सहायक अध्यापक मोती सिंह, मध्य विद्यालय खरौंधी के सहायक अध्यापक मुसन पासवान की विदाई गई। नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के शिक्षक मोती सिंह प्रखंडस्तरीय एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।

वहीं पर मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार द्विवेदी, विनय कुमार सिंह एवं अंजनी कुमार द्विवेदी एवं शिक्षकों के सहयोग से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निमार्ता की उपाधि दी गई है। हम सिंह से आग्रह करेंगे की वे सेवानिवृत्ति के बाद भी छात्र-छात्राओं को शिक्षा दान करते रहेंगे। शिक्षक विनोद कुमार राम ने विदाई गीत के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस विद्यालय में भवन की कमी है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी में









प्रधानाध्यापक राघवेंद्र कुमार बिहारी के सेवानिवृत्त के उपरांत विदाई समारोह में बच्चों एवं शिक्षकों ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान विदाई दी गई। स्कूली बच्चों ने केक काटकर एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर विदाई दी। मध्य विद्यालय अमरोरा में सहायक शिक्षक यशवंत प्रसाद के विदाई समारोह में वरीय शिक्षक राजीव कुमार द्विवेदी ने कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। मध्य विद्यालय खरौंधी में शिक्षक मुसन पासवान के सेवानिवृत्त पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। वहीं शिक्षक मृत्युंजय दुबे ने कहा कि शिक्षक समाज सुधारक होते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक राघवेंद्र कुमार बिहारी, यशवंत प्रसाद, मोती सिंह, मुसन पासवान ने विद्यालय परिवार व स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक, छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने जो सम्मान दिया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अतिथियों व विभिन्न शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षको को पुष्प गुच्छ, शॉल, बैग, डायरी, पेन आदि भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक विनय सिंह, इंदल पासवान, गोविंद उरांव, रूपेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता, नारद राम, पंकज कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, अनुज ठाकुर, धनंजय पाठक, उमेश कुमार दुबे, शिवपूजन यादव, संजय राम, मिथलेश पाल, भक्तविष्णु धर, मुकेश कुमार सिंह, उदय प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, रामप्रवेश, मुनेश्वर राम, ब्रजेश कुमार द्विवेदी, मुन्ना द्विवेदी, उदय मेहता, अजित कुमार, पंकज कुमार, विष्णुदेव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सर्वजन पेंशन को लाभुकों की उम्र सीमा में परिवर्तन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा सर्वजन पेंशन के लिए लाभुकों की उम्र सीमा में परिवर्तन किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सभी वर्ग की महिलाओं की उम्र पेंशन पाने के लिए 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है। साथ ही एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष के उम्र में भी संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटकर 50 वर्ष कर दी गई है, लेकिन 50 वर्ष से 59 वर्ष आयु वाले लोगों को पेंशन का लाभ लेने के लिए अंचल द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बीडीओ महतो ने बताया कि सर्वजन पेंशन का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र के साथ दो फोटो, बैंक



अकाउंट, आधार कार्ड तथा मतदाता पहचान पत्र संलग्न करना होगा। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र सीमा वाले लोगों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सप्ताह में मंगलवार तथा शनिवार को प्रखंड कार्यालय आकर सर्वजन पेंशन के लिए आवेदन स्वयं जमा करना होगा। बृहस्पतिवार को पंचायत दिवस के अवसर पर आवेदन की समीक्षा कर लाभुकों का चयन किया जाएगा। शारीरिक रूप से समर्थ लोगों के घर जाकर जांच के बाद उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जाएगी ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## लकवा मारने से 35 वर्षीय युवक का हुआ निधन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड अंतर्गत सुंडी पंचायत के ग्राम हरियरी टोला परसवान निवासी विरेंद्र चौधरी (35) पिता स्वर्गीय रामध्यान चौधरी का बुधवार शुबह 7 बजे लकवा मारने से आकस्मिक निधन हो गया। विरेंद्र चौधरी के आकास्मिक निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। विरेंद्र को एक भी संतान नहीं थी। संतान की इच्छा से उसने दो शादियां की थी। वह अपने पीछे दो पत्नियों को छोड़ गया है।

## पेज एक के शेष

### हेमंत का ...

आवास पहुंचे उसके कुछ देर बाद राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी भी सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास, राजभवन और ईडी दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक तरफ ईडी की कार्रवाई चर रही थी वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक रणनीति भी बन रही थी। सुबह से ही सीएम आवास में मंत्री और विधायकों के पहुंचने का सिलसिला जारी था। शाम पांच बजे के करीब तीन टूरिस्ट बसें सीएम आवास के पीछे के गेट से अंदर गई। वहीं, रांची एसडीओ ने अगले आदेश तक मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और हीनू स्थित ईडी ऑफिस के पास धारा 144 लागू कर दिया। शाम करीब सात बेज राजभन से मिलने का समय मांगा गया था। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के 4 अधिकारियों के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाना में केस दर्ज कराया था। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दो बार सत्ताधारी दल के विधायकों के साथ बैठक की थी। बैठक में आज के लिए रणनीति बनाई गई थी। सोमवार को ईडी की टीम दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची थी, जहां से 36 लाख रुपए और कार ईडी ने जब्त किया था।

### सात घंटे की पूछताछ के ...

सोरेन को लेकर कार्यालय चली गई। जहां उनकी रात कटेगी उसके बाद गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर देर रात हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन हेमंत से मिलने ईडी दफ्तर पहुंची। इससे पहले बीते 20 जनवरी को सीएम से ईडी ने उनके आवास पर सात घंटे तक पूछताछ की थी। इसके बाद ईडी ने 22 जनवरी दोबारा पत्र लिखकर सीएम को 27 से 31 जनवरी तक बयान दर्ज कराने को कहा था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 25 जनवरी को ईडी को अप्रत्यक्ष रूप से पूछताछ के लिए समय देने से इनकार कर दिया था। फिर 29 जनवरी को मुख्यमंत्री ने ईडी को पत्र लिखकर ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया था। अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया था। पूछताछ को लेकर मुख्यमंत्री आवास समेत रांची के अन्य हिस्सों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### वित्त मंत्री आज ...

सुबह 8:15 बजे बजट टीम के साथ फोटो सेशन होगा। सुबह 8.45 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद वित्त मंत्री 9.15 बजे संसद भवन पहुंचेंगी। सुबह 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी, जिसके बाद वित्त मंत्री आज सुबह 11 बजे सदन में बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री के बजट भाषण का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज, ऑल इंडिया रेडियो, वित्त मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनल, संसद टीवी और हिन्दुस्थान समाचार की वेबसाइट पर लाइव देख सकते हैं।

### नई सरकार बनने के ...

उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने की बजाय जिन्होंने उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होता, भले ही उन्होंने सरकार का तीखा विरोध किया हो लेकिन उनको आज भी बहुत बड़ा वर्ग याद करता होगा। आने वाले दिनों में भी जब सदन की चचाएं कोई देखेगा, तो उनका एक एक शब्द इतिहास की तवारीफ बनकर उजागर होगा। उन्होंने हंगामा करने वाले सांसदों को अपना व्यवहार सुधारने की नसीहत देते हुए कहा कि ऐसे सभी माननीय सांसद सुनिश्चित करें कि वे सदन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, सदन को सर्वोत्तम विचार दें, देश को उत्साह से भर दें। उन्होंने कहा कि सांसदों को यह अवसर अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। नारी शक्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था। वो फैसला था 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम'। 26 जनवरी को भी हमने देखा कि किस प्रकार देश ने कर्तव्य पथ पर नारीशक्ति के शौर्य, सामर्थ्य और नारीशक्ति के संकल्प की शक्ति का अनुभव किया। आज बजट सत्र के आरंभ होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट प्रस्तुत किया जाएगा। ये एक प्रकार से नारीशक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

## प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में योजनाओं की क्रमवार समीक्षा

# जरूरतमंदों को ही मिले अबुआ आवास योजना का लाभ



बीस सूत्री की बैठक में मौजूद अध्यक्ष व अन्य।

**नवीन मेल संवाददाता हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और संचालन बीडीओ सह सचिव रौशन कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, खाद्य आपूर्ति, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अबुआ आवास पर विशेष चर्चा की गई। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ अत्यंत गरीबों और बेघरों को देना सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों के द्वारा क्षेत्र के गरीब महिलाओं को लोन देने के नाम पर ठगी कर प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश देते हुयेदोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों को ससमय राशन वितरण करने और उचित मात्रा में समयानुसार देना सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा बैठक में विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा की गयी। समस्याओं के समाधान की दिशा में बीडीओ ने आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, विनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, थाना के एसआई शौकत खान, बीपीएम विभूति कुमार, अविनाश सिंह, प्रखंड को-ऑर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, सुपरवाइजर नीलम कुमारी, मनरेगा के सहायक अभियंता अमित कुमार, एमओ मनोज कुमार, गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना में मनमानी का आरोप



### मुखिया संघ ने एसडीएम के सहायक को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के पंचायतों में ग्रामसभा में चिन्हित अबुआ आवास के लाभुकों की सूची प्रशासन को सौंपे जाने के बाद सूची में हेराफरी करने व प्रखंड समन्वयक पर मनमानी का आरोप लगाते हुये मुखिया संघ ने व्यापक विरोध जताया है। मंगलवार को संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखिया कमल कुमार पासवान, नजमा खातून, अशोक कुमार यादव, रेणु कुमारी, जितेन्द्र सिंह, शारदा देवी, शाहनाज परवीन व नावाजिश खान सहित अन्य ने एसडीओ की अनुपस्थिति में उनके सहायक भीम राम को आवेदन देकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायतों से सौंपी गई प्राथमिकता सूची से बीपीओ ने वास्तविक लाभुकों का नाम हटाकर गरीबों के साथ अन्याय किया है। इसमें प्रस्तावित नामों की प्राथमिकता सूची के क्रमांक के साथ बीपीओ ने हेराफेरी की है। उन्होंने एसडीओ से प्राथमिकता में सुधार कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## सख्ती विद्यालय निरीक्षण में प्रधानाध्यापिका व बीपीएम को लगाई फटकार

# बीडीओ ने अबुआ आवास के लाभुकों का किया सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बुधवार को बलिगढ़ पंचायत के विभिन्न गांवों में अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों के चयन को लेकर भौतिक सत्यापन किया। इस क्रम में उन्होंने बलिगढ़, दासीपुर, खोनहर और चेचरीया गांव में जाकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए आवेदन देने वाले लाभुकों के घर- घर जाकर योग्य लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया ताकि योग्य लाभुकों को ही अबुआ आवास योजना का लाभ मिल सके। इसके पश्चात बीडीओ ने मध्य विद्यालय बलिगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के बच्चे ग्राउंड में खेलते मिले। बीडीओ ने आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं से हिंदी किताब पढ़वाई, लेकिन छात्र-छात्रा किताब नहीं पढ़ सके। इस पर बीडीओ ने

**प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय बलिगढ़ में आठवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं से हिंदी किताब पढ़वाई, लेकिन वे नहीं पढ़ सके**

नाराज होकर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जागृति कुमारी और बीपीएम रवि कुमार बैद् को कड़ी फटकार लगाई। बीडीओ ने कहा कि आठवीं कक्षा के छात्र हिंदी किताब नहीं पढ़ सके, शर्मनाक है। उन्होंने प्रधानाध्यापिका और शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हिदायत दी, जबकि बीपीएम को निरंतर विद्यालय का विजिट करने का निर्देश दिया। वहीं शिक्षकों को विद्यालय परिसर की सफाई की भी नसीहत दी। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, अनुप कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।



## डिग्री मवि महासंघ के पदाधिकारियों ने की बंशीधर मंदिर में पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय से संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर में पूजा की। महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि इस मंदिर में आकर काफी सुकून मिलता है। महासंघ के महासचिव बंशीधर सिंह ने कहा कि बराबर श्री बंशीधर मंदिर का नाम सुनते रहा हूं, पर कभी यहां आकर भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका का दर्शन करने का सौभाग्य नहीं मिला था। आज भगवान श्री कृष्ण की कृपा से यहां आकर दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर तो एक से बढ़कर एक देखा है पर भगवान श्री कृष्ण की इस तरह की आदमकद प्रतिमा का दर्शन पहली बार करने का अवसर मिला है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राहुल का भारत जोड़ो यात्रा कटिहार से होते हुए प. बंगाल रवाना

**कटिहार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी। की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार सुबह कटिहार शहरी क्षेत्र से होते हुए पश्चिम बंगाल के मालदा के लिए रवाना हो गई। न्याय यात्रा को लेकर जिले के खेरिया, कोलासी, मिर्चाईबारी, शहीद चौक, डीएस कॉलेज रोड, प्राणपुर के लाभा (कटिहार और पश्चिम बंगाल सीमा) तक सुरक्षा कर्मी चप्पे चप्पे पर मौजूद थी। राहुल गांधी का न्याय यात्रा कटिहार के जिस रूट से गुजरा उनकी सुरक्षा के मद्देनजर अन्य लोगों के आवागमन को डायवर्ट कर दिया गया था। यात्रा के क्रम में कटिहार के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मी शाहिद चौक पर समाचार संकलन को लेकर खड़े थे, परंतु राहुल गांधी मीडिया कर्मियों से बात किए बिना बंगाल के लिए रवाना हो गए।

### पाक में पीटीआई की रैली में विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के सिबी में पीटीआई की चुनाव रैली के दौरान हुए बम विस्फोट में चार लोग मारे गए जबकि छह घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बम विस्फोट मंगलवार को हुआ। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर एससी में सुनवाई फिर टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश में उमर खालिद यूएपीए के तहत सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ समय की कमी के कारण यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं सहित कई मुद्दों पर सुनवाई नहीं कर सकी।

### मेक्सिको में दो वाहनों में लगी आग, 20 की मौत, 16 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सिनालोआ राज्य के राजमार्ग 15डी पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे डबल डेकर बस और ट्रैक्टर ट्रेलर की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 16 अन्य घायल हो गए। मेक्सिको न्यूज डेली के अनुसार, यह हादसा राजमार्ग 15डी पर माजातलान और कुलियाकैन के मध्य एलोटा नगर पालिका क्षेत्र के बोस्कोसो के पास हुआ। डबल डेकर बस नॉर्टे डी सिनालोआ कंपनी की है। बस ग्वाडलाजारा के जलिस्को से लॉस मोचिस (सिनालोआ) जा रही थी। दोनों वाहन देखते ही देखते जलकर राख हो गए।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का 74 साल की उम्र में निधन

**सांगली (महाराष्ट्र)।** वरिष्ठ राजनेता और सांगली के खानापुर-अटपाडी से सत्तारूढ़ शिवसेना विधायक अनिल कालाजेराव बाबर का संक्षिप्त बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। पार्टी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 74 वर्ष के थे और उन्हें निमोनिया के इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वे ठीक नहीं हुए।

# ‘राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा सच हो चुकी है’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नए संसद भवन में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरूआत के दौरान किया गया है और इसमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह नया संसद भवन भारत की ध्येय-यात्रा को निरंतर ऊर्जा देता रहेगा, नई और स्वस्थ परंपराएं बनाएगा। वर्ष 2047 को देखने के लिए अनेक साथी तब इस सदन में नहीं होंगे। लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है। राष्ट्रपति ने इस दौरान भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। इस दौरान भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोलआउट करने वाला देश बना।

राष्ट्रपति ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्यों को पूरा होते देखा है जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। उन्होंने आगे कहा, सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आए हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। उन्होंने तीन दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित होने के लिए संसद सदस्यों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। यह वीमेन लेड डवलपमेंट के सरकार के संकल्प को मजबूत करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों - युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब- पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद



### संसद के नए भवन में ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ की महक : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संक्षिप्त बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन में कहा कि अमृतकाल की शुरूआत में यह भवन बना है। यहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत की महक भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस नए भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद होगा। यह नीतियां आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत का निर्माण करेंगी। उन्होंने कहा, " हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे हैं लेकिन अब हम बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले। " राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

### लोस-रास की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित, 3 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की



**लोकसभा** और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को थोड़े समय की कार्यवाही के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। राज्यसभा में आज तीन नए सांसदों सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल ने सदस्यता की शपथ ली। सभापति ने 11 सदस्यों का निलंबन रद्द किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विशेषाधिकार समिति ने उन्हें विशेषाधिकार के उल्लंघन और राज्यों की परिषद की अवमानना का दोषी पाया और सिफारिश की कि उनकी निलंबन अवधि को पर्याप्त सजा के रूप में माना जाए। उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद सदस्यों सदानंद शेट तनावड़े और साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में पूर्व सांसद हरि शंकर भाभड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि भाभड़ा को सार्वजनिक जीवन में उच्च मानकों का उदाहरण देने और उनके द्वारा संभाले गए पदों को सार्थक करने के लिए याद किया जाएगा। उधर, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने भद्रेश्वर तांती (सदस्य, 8वीं लोकसभा) और सोनावणे प्रताप नारायणराव (सदस्य, 15वीं लोकसभा) के निधन पर शोक संदेश दिया।

### बजट सत्र का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ें सांसद : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को परंपरागत तौर पर संसद के सत्र के प्रारंभ के पूर्व दिए जाने वाले अपने वक्तव्य में सभी सांसदों से बजट सत्र के इस अवसर का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह समय पश्चाताप का है। संसद भवन प्रांगण में पत्रकारों से बातचीत में बजट सत्र शुरू होने से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन लोगों को हंगामा करने और संवैधानिक मूल्यों को गिराने की आदत है, उन सभी सांसदों को इस आखिरी सत्र में आत्मचिंतन करना चाहिए। पीएम ने कहा कि आज राष्ट्रपति का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश करना महिला सशक्तिकरण के उत्सव की तरह है। उन्होंने कहा कि इससे पहले संसद भवन ने "नारीशक्ति वंदन कानून को पारित कर बहुत ही गरिमामय निर्णय लिया। 26 जनवरी को भी हमने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के शौर्य, पराक्रम और संकल्प का अनुभव किया। उल्लेखनीय है कि 17वीं लोकसभा का अंतिम बजट सत्र आज से प्रारंभ होने जा रहा है।

### पीएम मोदी का गुणगान था राष्ट्रपति का अभिभाषण : मल्लिकार्जुन खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रपति का भाषण केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की प्रशंसा के बारे में था। उन्होंने रोजगार, दलित, वंचित और आदिवासी के हितों के बारे में कोई बात नहीं की। खड़गे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद एक वीडियो संदेश में कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में रोजगार के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने सिर्फ मोदी सरकार की तारीफ की है। ये एक प्रोपेगंडा था। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर आज भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने एक बार भी रोजगार का जिक्र नहीं किया। राष्ट्रपति ने भी अपने एक घंटे 20 मिनट के भाषण में रोजगार का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जो सरकारी पद खाली हैं, उन पर नियुक्तियां कब की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि आज बजट सत्र के प्रथम दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों से अवगत कराया।

# बकाए के भुगतान के लिए केंद्र के खिलाफ दो से धरना : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक बार फिर दोहराया है कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एक फरवरी तक राज्य का बकाया नहीं चुकाती है तो वह दो फरवरी से कोलकाता में प्रदर्शन करेंगी। मालदा में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में, बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और धन का भुगतान न होने से प्रभावित लोगों से धरने में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोलकाता के रेड रोड इलाके में बीआर अंबेडकर प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मैंने उन्हें अल्टीमेटम दिया है कि एक फरवरी तक राज्य का सारा बकाया चुकाएं। ऐसा न होने पर मैं दो फरवरी से धरना दूंगी। अगर बकाया नहीं दिया गया तो मैं जानती हूं कि आंदोलन के माध्यम से इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

### मालदा में दे रहे थे कांग्रेस को दो सीटें : सीएम



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहली बार मुंह खोला है। मालदा जिले में पदयात्रा के बाद अपने संबोधन में ममता ने कहा कि केवल मालदा में कांग्रेस को हमने (तृणमूल कांग्रेस ने) दो सीटें दी थी लेकिन कांग्रेस और मांग रही थी। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राहुल गांधी की यात्रा बिहार से एक बार फिर मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रही है। मालदा दक्षिण में कांग्रेस की केवल एक जीती हुई सीट है। ममता ने कहा कि केवल एक जिले में हम कांग्रेस को इतनी सीट देने के लिए तैयार थे लेकिन पार्टी और सीटें मांग रही थी। राहुल गांधी के बंगाल में प्रवेश करते समय सीएम का यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है।

### नौसेना ने विदेशी जहाजों को डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में दबदबा कायम किया



**नई दिल्ली।** लाल सागर में छह साल तक शांति रहने के बाद पिछले दो माह से सोमालियाई समुद्री डाकुओं की हरकतें बढ़ने से दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ गई है। भारतीय नौसेना पिछले एक महीने से लाल सागर में समुद्री व्यापारिक मार्गों को बचाने और सुरक्षित करने में प्रभावी ढंग से काम कर रही है। भारत ने लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोकने के लिए अपने दस से ज्यादा जहाज ‘एंटी पायरेसी मिशन’ पर तैनात किये हैं। नौसेना ने इस बीच आधा दर्जन से ज्यादा अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में अपना दबदबा कायम किया है।

### साइफर केस के बाद तोशाखाना मामला आया सामने

# इमरान-बुशरा बीबी को 14 साल की सजा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआइ के अध्यक्ष इमरान खान के लिए साल का पहला महीना भारी पड़ा। साइफर केस में फैसला आने के 24 घंटे बाद आज तोशाखाना मामले में भी उन्हें तगड़ा कानूनी झटका लगा। मुल्क की एक जवाबदेही अदालत ने बुधवार को उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इमरान और बुशरा पर 78-78 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और बुशरा बीबी पर 10 साल तक के लिए कोई भी सरकारी पद ग्रहण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले 30 जनवरी को इमरान और उनकी पार्टी के नेता एवं पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर केस में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। रावलपिंडी के स्पेशल कोर्ट के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने अदियाला जेल में फैसले का ऐलान किया था। विभिन्न आरोपों का सामना कर रहे इमरान खान इस समय रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जवाबदेही अदालत के जज मोहम्मद बशीर अदियाला जेल पहुंचे और इमरान खान के पेश होने के बाद फैसला सुनाया। बुशरा बीबी फैसले के वक्त पेश नहीं हुईं। पिछले महीने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने सऊदी क्राउन प्रिंस से प्राप्त एक आभूषण सेट को कम मूल्यांकन के बावजूद अपने पास रखने पर एक नया मामला दायर किया था। जवाबदेही अदालत ने इस महीने की शुरूआत में इमरान और बुशरा को दोषी ठहराया था। ब्यूरो ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान इमरान और उनकी पत्नी को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों से कुल 108 उपहार मिले। इनमें से करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहारों को इमरान खान ने तोशाखाना से सस्ते दाम पर खरीदा। फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया।

### राममंदिर के विरोध में किया था उपवास सनातन पर दिया था आपत्तिजनक बयान

# अय्यर की बेटी मांगे माफी या छोड़े सोसाइटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी सुरन्या अय्यर एक बार चर्चा में हैं। दरअसल, राम मंदिर निर्माण के विरोध में उन्होंने तीन दिन का व्रत रखा था और सनातन धर्म के खिलाफ इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर अपशब्द पोस्ट किया था। कुछ दिनों पहले सुरन्या ने अपने पोस्ट में लिखा था, वो अपने मुस्लिम भाइयों के लिए अनशन कर रही है, अयोध्या में हिंदू राष्ट्रवाद के नाम पर जो हो रहा है वो ठीक नहीं है। सुरन्या की मां ने उन्हें शहद पिलाकर व्रत खत्म कराया था। सुरन्या अय्यर के इस हरकत से जंगपुरा स्थित उनकी सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने उन्हें और मणिशंकर अय्यर को पत्र लिखा है कि या तो वो सार्वजनिक रूप से अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो सोसाइटी छोड़कर चले जाएं।

### व्रत रखने के बारे में सुरन्या अय्यर ने क्या कहा



**इस** मामले पर सुरन्या अय्यर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए प्रतिक्रिया दी है। मैं भारत में अब तक अपनी सारी जिंदगी, लगभग 50 वर्ष, सभी राजनीतिक दृष्टिकोण के लोगों के साथ बड़ी हुई हूं, पढ़ी हूं, काम किया है और ऐक्टिविज्म किया है। मैं अपनी बातें अपने फेसबुक और यू-ट्यूब पेजों पर ही रखूंगी ताकि आप स्वयं, शांति से, इसके बारे में सोच सकें। मैं मीडिया सर्कस से बचने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मेरा मानना है कि भारत में हमें एक बेहतर प्रकार के सार्वजनिक संवाद की आवश्यकता है। आइए हम गाली- गलौच के बजाय, कुछ सोचने का प्रयास करें।



**मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 350 श्रद्धालु छह दिन की पदयात्रा कर के लखनऊ से अयोध्या श्री राम मंदिर, राम लला के दर्शन करने पहुंचे। इस दल का नेतृत्व मंच के संयोजक राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान ने किया। दर्शन के बाद सभी श्रद्धालुओं की आंखों में गर्व के आंसू और जुबान पर श्री राम का नाम था। राजा रईस ने कहा, राम हम सभी के पूर्वज थे, हैं और रहेंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि हमारा मुल्क, हमारी सभ्यता, हमारा संविधान आपस में बैर रखना नहीं सिखाता है। अगर कोई इंसान किसी दूसरे धर्म की इबादतगाह या पूजा स्थल पर चला जाए तो इसका मतलब यह कतई नहीं मानना चाहिए कि उसने अपना मजहब छोड़ दिया है।**

## फिल्म जगत

### अभिनेता सोनू सूद मानवीय योगदान के लिए ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ पुरस्कार से सम्मानित



**मशहूर** अभिनेता सोनू सूद को उनके उत्कृष्ट मानवीय प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ पुरस्कार मिला है। अपने निस्वार्थ प्रयासों के लिए प्रसिद्ध सूद ने सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की है, जिसके लिए उन्हें कई प्रशंसाएं मिली हैं। अपने धर्मार्थ संगठन ‘द सूद फाउंडेशन’ के माध्यम से अभिनेता ने शिक्षा के मामले में वंचितों की मदद की है। गरीबों के उद्यमों को बढ़ावा देने में सहायता देकर उन्होंने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट, वृद्धाश्रम निवास पर भी काम शुरू कर दिया है। समय के साथ विभिन्न समुदायों के उत्थान के लिए उनकी विश्व स्तर पर प्रशंसा की गई है। ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ सम्मान उनकी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनके योगदान को दर्शाता है। सोनू सूद ने निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म ‘फतेह’ पूरी कर ली है। यह एक साइबर क्राइम थ्रिलर है जिसमें सूद और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। सूद की प्रोडक्शन कंपनी शक्ति सागर प्रोडक्शंस ने इसे जी स्टूडियो के सहयोग से निर्मित किया है।